■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 313
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, गुरुवार
17 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1895** : चीन और जापान के बीच शिमोनोसेकी का समझौता हुआ।

**1899** : कलकत्ता को पनबिजली मिली।

**1975** : भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का निधन।

**1993** : अंतरिक्ष यान 'एसटीएस-56' धरती पर वापस लौटा।

**2003** : लगभग 55 वर्षों बाद भारत-ब्रिटेन संसदीय मंच का गठन हुआ।

**2008** : ब्राजील व भारत के बीच चार महत्त्वपूर्ण संधी पर हस्ताक्षर किये गए।

**विद्यार्थी जीवन में समर्पण का होना आवश्यक है, क्योंकि यही समर्पण उन्हें समाज में सम्मान से जीना सिखाता है।**

# कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सरकार प्रयत्नशील

## सीतामढ़ी में बीज प्रसंस्करण इकाई और गोदाम का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/ सीतामढ़ी।** उप मुख्यमंत्री- सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सीतामढ़ी जिले के मुरादपुर में 1 टन प्रति घंटा क्षमता वाले बीज प्रसंस्करण इकाई तथा 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं सीतामढ़ी नगर के विधायक मिथिलेश कुमार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। मौके पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उद्घाटन राज्य सरकार की उस नीति के अंतर्गत किया गया है जिसके तहत किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज राज्य के भीतर ही उपलब्ध कराने एवं प्रसंस्करण की आधारभूत संरचना को मजबूत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से सीतामढ़ी जिले में 300 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खेती करने वाले 407 किसानों को 300 क्विंटल गेहूं का आधार बीज उपलब्ध कराया गया है। इससे अनुमानित 10,500 क्विंटल



प्रमाणित गेहूं बीज का उत्पादन किया जाएगा, जिसका भंडारण और प्रसंस्करण अब जिले में ही संभव होगा। इससे न केवल किसानों को समय पर बीज उपलब्ध हो सकेगा, बल्कि बीज की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जा सकेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसान सशक्त हों, उन्हें आधुनिक सुविधाएं मिले और कृषि उत्पादन के हर स्तर पर स्थानीय संसाधनों का उपयोग हो। सीतामढ़ी में स्थापित यह प्रसंस्करण इकाई और गोदाम इसी दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास है, जो न केवल जिले के किसानों को लाभान्वित करेगा, बल्कि क्षेत्रीय कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। यह राज्य सरकार की कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल राज्य सरकार की हर खेत तक गुणवत्तायुक्त बीज की परिकल्पना को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी और आने वाले वर्षों में अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। बीज प्रसंस्करण इकाई और गोदाम के उद्घाटन के उपरान्त उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में आयोजित किसान कल्याण संवाद कार्यक्रम में किसानों के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी वर्तमान स्थिति और कृषि कार्यों में आने वाली चुनौतियों की जानकारी ली। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद तथा विधानसभा के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि किसान कल्याण यात्रा की शुरुआत पुनौरा धाम से करना इस कारण उपयुक्त है क्योंकि यह वही स्थान है जहां आदि- कृषक विदेहराज जनक ने हल चलाकर कृषि परंपरा की नींव रखी थी और जहां से मां सीता का प्रादुर्भाव हुआ था। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न किसानों से संवाद किया। राम लाल महतो स्ट्रबेरी और सब्जी की खेती करते हैं, पुष्प कुमारी और ममता कुमारी मशरूम उत्पादन में संलग्न हैं, नन्दलाल महतो फूलों की खेती कर रहे हैं जबकि राम शंकर शाह कस्टम हायरिंग सेंटर चला रहे हैं। संवाद के दौरान किसानों की समस्याओं और नवाचारों को समझते हुए उन्होंने किसानों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 46 प्रतिशत आबादी और बिहार की 88 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। फसल विविधीकरण से उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ेगी तथा किसान सशक्त बनेंगे। कार्यक्रम में कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनके उत्पादों के लिए शीघ्र ही उपयुक्त बाजार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिल सके। सचिव कृषि ने पोषक अनाज की खेती को बढ़ावा देने, खस जैसी सुगंधित फसलों की खेती और फूलों की वाणिज्यिक खेती के लिए किसानों को प्रेरित किया तथा नवाचार अपनाने पर विशेष बल दिया।

# अगलगी में चार बच्चों की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

■ **स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार शॉर्ट-सर्किट के कारण घटित हुई घटना**

■ **केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सकरा विधानसभा के रामपुरमनी पंचायत में भीषण आग लगने से चार बच्चों की मृत्यु हो गई है। चारों मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपया का चेक जिला प्रशासन के द्वारा दिया गया है। भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया। जानकारी के अनुसार अगलगी में लगभग 61 दलित परिवारों का घर जल के राख हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार बिजली की शॉर्ट सर्किट के कारण घटना घटित हुई है। लोग इसे बिजली विभाग की लापरवाही भी बता रहे हैं। घटनास्थल पर जन सुराज की टीम भी मौके पर पहुंची जिसमें सकरा प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार सिंह, यूथ क्लब के राम प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार, महिला नेत्री रेणु पासवान तथा जदयू के अनिल राम ने जिलाधिकारी से प्रत्येक मृतक परिवार को 10-10 लाख रुपये अनुग्रह राशि के साथ सभी जले हुए घरों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक एक पक्का मकान देने की मांग की है।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले के बिंद थाना क्षेत्र के बेनार-सकसोहरा मुख्य मार्ग पर रंजना पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता व पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के जहाना गांव निवासी 75 वर्षीय ब्रजेश पांडेय व उनके 40 वर्षीय पुत्र राजेश पाण्डेय के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को देर शाम पिता-पुत्र दोनों सारे थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव से भैंस खरीदकर वापस अपने घर लौट रहे थे। अचानक रंजना पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे राजेश पांडेय की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उनके पिता को गंभीर स्थिति में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया। जहां ईलाज के दौरान पिता ने भी दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया। पिता पुत्र की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवाकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है।

# वक्फ कानून पर तत्काल रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को दो घंटे सुनवाई हुई। इस कानून के खिलाफ 100 से ज्यादा याचिकाएं लगाई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इन पर केंद्र से जवाब मांगा है, लेकिन कोर्ट ने कानून के लागू होने पर तत्काल रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में देशभर में हो रही हिंसा पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि हम इस पर फैसला करेंगे। सुनवाई के दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ कानून के तहत बोर्ड में अब हिंदुओं को भी शामिल किया जाएगा। यह अधिकारों का हनन है।

# बिहार के बूथ स्तरीय एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग ने राज्य में आगामी चुनावों के मद्देनजर बिहार के बूथ स्तरीय एजेंटों का प्रशिक्षण शुरू किया है। 10 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से जुड़े राज्य के लगभग 280 बीएलए इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ विवेक जोशी के साथ अपनी तरह के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलए को संबोधित किया। प्रशिक्षण की संकल्पना 4 मार्च, 2025 को आयोजित मुख्य



निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) सम्मेलन के दौरान की गई थी। आयोग ने चुनाव प्रक्रियाओं में बीएलए के महत्व को रेखांकित किया एवं कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, मतदाता पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी किए गए मैनुअल, दिशा-निर्देश और निर्देशों में उल्लिखित अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद करेगा। बीएलए को कानूनी ढांचे के अनुसार उनकी नियुक्ति, भूमिका और जिम्मेदारियों का अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें चुनाव प्रक्रियाओं के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया, जिसमें मतदाता सूची की तैयारी, अद्यतन और संशोधन एवं संबंधित प्रपत्र और प्रारूप शामिल हैं। बीएलए को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किया जाता है और वे लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अनुसार त्रुटि-रहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बीएलए को लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 (ए) और 24 (बी) के तहत प्रथम और द्वितीय अपील के प्रावधान के उपयोग के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया, यदि वे प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची से असंतुष्ट हैं।

# हर सप्ताह जनता की शिकायतें सुनेंगे मंत्री : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद बुधवार को पहली बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय पहुंचें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्वागत पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर किया। पार्टी कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री करीब दो घंटे तक तक रहे और आगे की रणनीति पर अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। आज पहली बार पार्टी के दफ्तर पहुंचे हैं। अब वह लगातार यहां देखने को मिलते रहेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को




हर स्तर पर मजबूत करना है। हेमंत सोरेन के पार्टी कार्यालय से जाने के बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पहली बार केंद्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वो कैंप कार्यालय पहुंचे थे, उन्होंने कई निर्देश दिए हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि पार्टी दफ्तर में सप्ताह में एक दिन झामुमो कोटे के एक मंत्री बैठेंगे, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का तत्काल निपटारा हो सके। झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बरियातू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय का बहुमंजिला भवन निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले 3 से 4 महीने में पार्टी का केंद्रीय कार्यालय अपने नए भवन में शिफ्ट कर जाएगा।

# 52वें चीफ जस्टिस बनेंगे जस्टिस बीआर गवई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस बीआर गवई के नाम की आधिकारिक सिफारिश की है। उनके नाम को मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेज दिया गया है। इसके साथ ही जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई का भारत का 52वां मुख्य न्यायाधीश बनना तय हो गया है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। मौजूद सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो रहा है।

# सनकी आशिक ने मां-बेटी की हत्या की, खुद को भी मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

■ **आरोपित युवक का पावापुरी विम्स में चल रहा इलाज**

**नालंदा।** बिहार के नालंदा में दो लोगों की हत्या से हड़कंप मच गया है। जिले के सिलाव में एक शख्स ने घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से मां और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित ने खुद को भी गोली मारी है, उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सिलाव में एक युवक अचानक हथियार लेकर घर में घुस आया और घर में मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। राजगीर डीएसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दो



लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो चुकी है। घायल आरोपित का विम्स में इलाज चल रहा है। मृतक लड़की की पहचान पूनम कुमारी के रूप में हुई है, जबकि उसकी मां पुटुस देवी की भी गोली लगने से मौत हो गई है। परिजनों के मुताबिक पूनम की 15 मई को शादी होनी थी लेकिन आरोपित नहीं चाहता था कि उसकी शादी हो, इसलिए इस घटना को अंजाम दिया है। राजगीर के डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार शाम छह बजे वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपित घर में घुसा और मां-बेटी पर फायरिंग कर दी, जिसमें दोनों की मौत हो चुकी है। आरोपित ने खुद को भी गोली मार ली। जिसका इलाज पावापुरी में चल रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी हो सकते हैं एनडीए में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) प्रमुख मुकेश सहनी के एनडीए में शामिल होने की चर्चा जोर पकड़ रही है। सियासी गलियारों में सवाल उठने लगा है कि क्या मुकेश सहनी चुनाव से पहले छोड़ सकते हैं तेजस्वी यादव का साथ? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि खबर है की मुकेश सहनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल के बीच मंगलवार की आधी रात में मुलाकात हुई है। उधर भाजपा ने भी उन्हें एनडीए में लौटने का इशारा दे दिया है। डॉ. दिलीप जायसवाल और मुकेश सहनी की मुलाकात के बाद भाजपा के तरफ से एक बयान में कहा गया कि अगर महागठबंधन में सहनी की स्थिति मजबूत नहीं होती है, तो वे एनडीए में लौट सकते हैं। वहीं, डॉ. दिलीप



जायसवाल ने कहा कि मुकेश सहनी अपना राजनीतिक कद बढ़ाने के लिए महागठबंधन में गए हैं। अगर वहां उनका कद नहीं बढ़ा, तो वे इधर आ सकते हैं। उन्होंने यह भी माना कि सहनी का वोट बैंक चुनाव में निर्णायक हो सकता है। जब उनसे मीडियाकर्मियों ने पूछा कि क्या सहनी को एनडीए में बुलाने की कोई पहल की गई है, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि कद नहीं बढ़ा तो वे खुद आ जाएंगे। जायसवाल ने यह भी कहा कि महागठबंधन में वैचारिक मतभेद है। ऐसे में उसमें टूट की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस बयान ने बिहार की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। सियासी गलियारों में यह चर्चा तेज है कि महागठबंधन में सहनी की मांगों पर सहमति नहीं बन पा रही है। ऐसे में अगर उन्हें कम सीटें मिलती हैं या सम्मानजनक भागीदारी नहीं दी जाती, तो उनकी 'घर वापसी' तय मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2020 के विधानसभा चुनावों में सहनी महागठबंधन से दूरी बनाकर एनडीए में आए थे। उन्हें 11 सीटें मिली थीं और चार विधायक भी बने। लेकिन बाद में तनातनी बढ़ी और सभी विधायक भाजपा में चले गए। अब अटकलें लगाई जाने लगी है कि मुकेश सहनी जल्द ही महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में

■ **महागठबंधन में टूट की आशंका**

आयेंगे। हालांकि विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि मुकेश सहनी के सामने कई शर्तें रखी गई हैं। मुकेश सहनी ने भी अपनी मांग रखी है। हालांकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अभी ऐसी कोई बात नहीं है। लेकिन राजनीति संभावनाओं का खेल है। उधर, वीआईपी की तरफ से एनडीए में जाने की खबर को खारिज किया जा रहा है। पार्टी ने कहा है कि मुकेश सहनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के बीच बैठक जैसी कोई बात नहीं है। मुकेश सहनी ने कहा है कि मैं दिलीप जायसवाल के पास क्यों जाउंगा? मुझको साथ लेने की बात कहकर भाजपा अपने गठबंधन के नेताओं को सीट नहीं देगी। चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के साथ न्याय नहीं होगा।

# पटना में युवक ने की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने खुदकुशी कर ली। बिल्डिंग की छत पर शव मिला है। मृतक बब्लू (28) जहानाबाद का रहने वाला था। यहां पेंटर का काम करता था। पटेल नगर में रेंट पर रहता था। सुबह छत पर डेडबॉडी पड़ी थी, जिसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को जानकारी दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीआईएमएस भेज दिया गया है। प्रभारी थानेदार रमेश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजन पास में ही रहते हैं। मौत की खबर सुनने के बाद सभी पहुंच गए थे। खुदकुशी के कारणों का पता नहीं चल रहा है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। परिजनों ने बताया कि बब्लू की एक बहन काफी दिनों से बीमार है। पिछले दो महीने से भाई-बहन साथ ही रहते थे। एक और भाई इनलोगों से अलग रहता था।

**आवश्यकता**

**सुधा आइसक्रीम सेल्स टीम के एरिया मैनेजर के पद पर युवकों की आवश्यकता है**

**कौस्तुभ इंटरप्राइजेज**

**(जिला डिस्ट्रीब्यूटर- सुधा आइसक्रीम)**

**सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार)**

**मो.- 6206165107**

**नोटः आइसक्रीम कुल्फी के विभिन्न प्रोडक्ट के लिए दुकानदार बंधु भी संपर्क करें।**



# कांग्रेस पार्टी की राज माता सोनिया गांधी ने भारत को लूटा : सम्राट चौधरी

## मनमोहन सिंह ने इडी का गठन किया था, कांग्रेस ने लोकतंत्र का मजाक उड़ाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद भाजपा ने हमला तेज कर दिया है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और पार्टी की राज माता सोनिया गांधी ने भारत को लूटा है। कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी ने इस लोकतंत्र को मजाक बनाया। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की चीजों को लूटा गया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड का मामला पूरे देश को जानना चाहिए। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लोगों को इसलिए जानना चाहिए क्योंकि रोज कांग्रेस पार्टी यह कहती थी कि वह संस्थाओं का इज्जत करते हैं, लेकिन कांग्रेस ने देश को लूटा, जिस संस्था का निर्माण स्वतंत्रता सेनानियों ने किया। इसको भी कांग्रेस ने लूटा पटना ईडी ऑफिस में कांग्रेस ने कालिख पोता। कांग्रेस ने मनमोहन सिंह और अपने चेहरे पर कालिख पोता है। मनमोहन सिंह ने ईडी का गठन किया था। कांग्रेस ने लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड देश के लिए विश्वासघात है, स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। कांग्रेस ने देश को खोखला बनाया है। यंग इंडिया कंपनी के द्वारा गरीबों के पैसे को लूटा जा रहा है। न्यायालय इस पर जल्द कार्रवाई करे। वहीं, पीएम मोदी के दौरे पर सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं पीएम बिहार को लगातार समय दे रहे हैं। 2014 से 100 से अधिक बार बिहार आएं हैं, कई काम पूरे हो रहे हैं। 24 अप्रैल को मधुबनी से कई योजनाओं की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी से 4 मई को खेलो इंडिया कार्यक्रम शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि पटना हवाई अड्डा से अगले 15 दिनों में एक करोड़ से अधिक लोग यात्रा कर सकेंगे। इसके साथ ही 10 नये छोटे बड़े हवाई अड्डों का निर्माण हो रहा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से महागठबंधन को 2025 में हराना है। वहीं, लालू यादव को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि उनके (लालू) नाम पर जहां और जिस विषय पर चैलेंज करें, भाजपा का एक एक कार्यकर्ता जवाब देने के लिए तैयार है। बंगाल हिंसा पर उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करते रहे हैं। सभी लोगों ने देखा है कि खून खराबा किसने किया।

# बापूधाम मोतीहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन 24 अप्रैल तक पुनर्बहाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जं.-डोमिनगढ़ तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर जं.-गोरखपुर कैंट के मध्य तीसरी लाइन के प्रावधान एवं गोरखपुर जं. स्टेशन की यार्ड रिमॉडलिंग के परिप्रेक्ष्य में रद्द की गयी गाड़ी सं. 14009/14010 बापूधाम मोतीहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिचालन यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर निम्नलिखित तिथियों को पुनर्बहाल करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 14010 आनंद विहार-बापूधाम मोतीहारी एक्सप्रेस - 19, 21 एवं 23 अप्रैल, 2025 को आनंद विहार से खुलने वाली। गाड़ी सं. 14009 बापूधाम मोतीहारी-आनंद विहार एक्सप्रेस - 20, 22 एवं 24 अप्रैल, 2025 को बापूधाम मोतीहारी से खुलने वाली।

# नीतीश पर की गई ममता बनर्जी की टिप्पणी पर जेडीयू का पलटवार

## जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन का बयान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कम से कम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से नसीहत लेने की जरूरत नहीं है।

पश्चिम बंगाल में आज जो हालात बने हुए हैं उसके लिए ममता बनर्जी का गैर जिम्मेदाराना बयान एवं कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने में असफल रहने की वजह है।

पश्चिम बंगाल में आज गृह युद्ध जैसे हालात हैं। लोगों की हत्याएं, आगजनी एवं हिंसा की घटनाओं ने भयभीत लोगों को पलायन करने के लिए बाध्य कर दिया है जो बंगभूमि कभी कविवर रवीन्द्र नाथ ठाकुर एवं काजी नजरुल इस्लाम की पंक्तियों से गुंजायमान हुआ करता था, घृणा वैमनस्य एवं हिंसा का पर्याय बन चुका है। ममता बनर्जी का शासन इससे निपटने में पूरी तरह से नाकाम रहा है। दूसरी तरफ बिहार में अमन चैन और शांति है। यहां बीस वर्षों के नीतीश सरकार के कार्यकाल के दौरान कभी भी कोई दंगा नहीं हुआ और न ही कभी कर्फ्यू लगा। यहां सभी धर्म और जाति को समानता के साथ देखा जाता है। ममता बनर्जी का बयान कि नीतीश जी थोड़े से पॉवर के लिए एनडीए के साथ खड़े हैं, केवल राजनीति से प्रेरित हैं क्योंकि नीतीश कुमार के लिए सत्ता का अर्थ सेवा है जो वह सभी वर्गों की समान भाव से करते रहे हैं।

# भाजपा संगठन की तर्ज पर काम कर रही इडी : कृष्णा अल्लावारू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर दाखिल चार्जशीट के खिलाफ बुधवार को बिहार कांग्रेस ने पटना इनकम टैक्स से विरोध मार्च शुरू कर ईडी कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने जम कर केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा विरोधी नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान प्रतिरोध मार्च निकाल कर कांग्रेस के नेता ईडी कार्यालय पहुंचे और उसके मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गये। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि ईडी भाजपा के आनुषांगिक संगठन के तर्ज पर कांग्रेस के खिलाफ प्रतिशोध में काम कर रही है। देश में कई भाजपा नेताओं पर मनी लॉन्ड्रिंग और पैसों को लेकर मामले चल रहे हैं, लेकिन हर बार कांग्रेस या विपक्ष के नेताओं को ही ईडी निशाना बनाती है। पिछले दस वर्षों में ईडी ने 190 नेताओं पर केस दर्ज किए हैं, लेकिन जो भाजपा में शामिल हो गए उन मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ईडी के कार्रवाईयों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब-जब देश में महंगाई, बेरोजगारी और अराजकता फैलती है तब-तब ईडी का इस्तेमाल करके केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लोगों का ध्यान भटकाने लगती है। कांग्रेस जब जनहित के मुद्दों पर केंद्रीय सत्ता को घेरती है तब-तब भाजपा प्रतिशोध में कार्रवाई का दबाव बनाती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि ईडी की ताजा कार्रवाई बिहार के चुनावों को देखते हुए भाजपा और नरेंद्र मोदी की चाल है। ताकि महागठबंधन को अस्थिर किया जा सके। नेशनल हेराल्ड के मामले में नाहक हमारे शीर्ष नेताओं को परेशान किया जाता है और घंटों पूछताछ के नाम पर बैठाकर उन्हें मानसिक प्रताड़ना देने का कुत्सित प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हमारे शीर्ष नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी मजबूत और जीवट नेता हैं।

# पूर्व आईपीएस नुरुल होदा ने थामा वीआईपी का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को देखते हुए खादी के आगे खाकी का रंग फीका पड़ने लगा है। वर्दी धारण करने वाले अधिकारियों की दिलचस्पी विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ती जा रही है। कुछ दिनों पहले शिवदीप वामनराव लांडे ने 'हिंद सेना' नाम से पार्टी बनाई है। अब 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे नुरुल होदा की राजनीति में एंट्री हो गई है। होदा ने बुधवार को विकासशील इंसान पार्टी (वी आई पी) का दामन थाम लिया। माना जा रहा है कि नुरुल होदा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में सीतामढ़ी जिले की किसी सीट से उम्मीदवार हो सकते हैं। नुरुल होदा का नाम इस समय इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि उन्होंने वक्फ कानून के खिलाफ अपनी खुली नाराजगी जाहिर की है। यही कारण है कि उन्होंने वीआईपी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी की राजनीतिक लाइन से सहमति जताते हुए राजनीति में उतरने का फैसला किया है। नुरुल होदा बिहार के सीतामढ़ी जिले के मूल निवासी हैं। वे रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में आईजी स्तर के अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने यूपीएससी के साथ-साथ बीपीएससी और अवर सेवा चयन परीक्षा भी पास की थी, लेकिन वे अपने उद्देश्य को लेकर हमेशा स्पष्ट रहे और अंततः आईपीएस को चुना। उनकी शिक्षा यात्रा भी प्रभावशाली रही है। उन्होंने सीतामढ़ी से प्रारंभिक शिक्षा, फिर बिहार विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में स्नातक और दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। वे अंग्रेजी, उर्दू, फारसी और अरबी भाषाओं में भी दक्ष हैं। अपने लंबे कैरियर में उन्होंने धनबाद, आसनसोल और दिल्ली मंडल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में रेलवे सुरक्षा, नक्सल नियंत्रण, और अपराध रोकथाम के लिए कई नई रणनीतियां लागू कीं। वे दो बार विशिष्ट सेवा पदक और दो बार महानिदेशक चक्र से सम्मानित हो चुके हैं। आईपीएस की ड्यूटी के साथ-साथ नुरुल होदा सामाजिक रूप से भी बेहद सक्रिय रहे हैं। वे अपने पैतृक गांव में 300 बच्चों को मुफ्त शिक्षा दे रहे हैं। इसके साथ ही वे एक मैराथन धावक भी हैं और प्रतिदिन 10 किलोमीटर दौड़ना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। नुरुल होदा का राजनीति में उतरना सिर्फ व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं बल्कि नीतिगत मतभेद और सामाजिक सरोकारों के कारण है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वक्फ कानून के दायरे में होने वाले कथित भ्रष्टाचार और असमानता के खिलाफ वे अब लोकतांत्रिक मंच से आवाज उठाएंगे। वहीं, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की कोशिश है कि वे नुरुल होदा जैसे अनुभवी और योग्य व्यक्ति को पार्टी का बड़ा चेहरा बनाएं, खासकर सीतामढ़ी और मिथिलांचल क्षेत्र में। अगर नुरुल होदा को पार्टी टिकट देती है तो वे आने वाले चुनावों में एक मजबूत उम्मीदवार साबित हो सकते हैं। बता दें कि नुरुल होदा ने पिछले दिनों अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

# भाजपा के कई बड़े नेता अचानक पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश से मिलने

## मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे नेताओं को जंगलराज पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल होने को लेकर गरमायी सियासत के बीच बुधवार को भाजपा के कई बड़े नेता अचानक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने उनके आवास पर पहुंच गए। इनमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह राज्य नित्यानंद राय और भीखुभाई दालसानियां, नितिन नवीन और नागेंद्र त्रिपाठी शामिल थे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे भाजपा नेताओं को जंगलराज पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस फिल्म को एनडीए के नेता प्रचार के दौरान हर गांव और जिले में दिखायेंगे। इसके जरिये लालू यादव के कार्यकाल पर निशाना साधने की तैयारी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान हर जिले में एक बात कही थी कि 2005 से पहले बिहार में लड़कियां पढ़ती नहीं थी। अपराध का बोलबाला था। रात में लोग घर से बहार नहीं निकलते थे। बिहार में बदलाव 2005 के बाद तब आना शुरू हुआ जब सरकार बदली। इस साल होने वाले चुनाव को एनडीए इसी मुद्दे पर लड़ना चाहती है। इसके अलावा रोजगार, इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास को भी एनडीए मुद्दा बना रहा है। हालांकि भाजपा नेताओं के मुख्यमंत्री आवास पर जाने के पीछे यह भी कहा जा रहा है कि दो दिन पहले जिस तरह हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्राट के नेतृत्व में बिहार चुनाव लड़ने की घोषणा की थी, उसके बाद जदयू की नाराजगी को दूर करने की भी कोशिश की जा रही है।

# 20 जून से आयेगा मानसून, बिहार में सामान्य से कम होगी वर्षा

**पटना।** आइएमडी पटना ने बिहार के लिए दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश का लंबी अवधि का पूवार्नुमान जारी किया है। पूवार्नुमान है कि बिहार में मानसून सीजन में सामान्य या सामान्य से कुछ बारिश हो सकती है। आइएमडी पटना के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक आनंद शंकर के अनुसार जून से सितंबर के बीच मानसून सीजन में औसत से लगभग 90-104 % बारिश होने की संभावना है। आइएमडी की तरफ से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार मानसून अवधि में बिहार में बारिश का सामान्य औसत 992.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जाती है।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने ग्रामीण विकास पहल के तहत 298 सीमावर्ती गांवों को किया कवर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर शाखा परिवर्तन के तहत देश भर में 298 सीमावर्ती गांवों को अपने ग्रामीण विकास पहल के तहत कवर किया है। गांवों के ये समूह बिहार, असम, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं। बैंक की योजना आने वाले वर्षों में 150 अतिरिक्त सीमावर्ती गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की है। ये पहल केंद्र के बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम और वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में उल्लिखित राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। इस पहल के बारे में बोलते हुए एचडीएफसी बैंक के डीएमडी कैजाद भरूचा ने कहा, हम प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षा, बेहतर कृषि उत्पादकता, नवीकरणीय ऊर्जा और आजीविका के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके भारत के सीमावर्ती गांवों में सार्थक प्रभाव पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाकर, हम स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारी निकायों के साथ मिलकर मजबूत, आत्मनिर्भर और जीवंत समुदाय बनाने के लिए सहयोग करते हैं जो भारत के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने में योगदान करते हैं। एचडीएफसी बैंक में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी प्रमुख नुसरत पठान ने कहा ग्रामीण विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण न केवल वांछनीय है, बल्कि खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में अति आवश्यक है।

# पिता जी के आदर्श हमारे जीवन की दिशा : विवेक शर्मा

## पांचवीं पुण्यतिथि पर पिता की आदमकद प्रतिमा का अनावरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** नौबतपुर प्रखंड के गोपालपुर गांव में अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी विवेक शर्मा ने अपने पिता, समाजसेवी स्वर्गीय रविशंकर शर्मा उर्फ बबलू शर्मा की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर विवेक शर्मा ने अपने पिता की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। बड़ी संख्या में गांव के सम्मानित नागरिकों, परिजनों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लेकर स्व. बबलू शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में पुष्पांजलि अर्पण, भजन संध्या और सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

# भाजपा ने राजद के तीन विधायकों के कारनामों पर किया पोस्टरवार

## अगर राजद के हाथ आई सत्ता इस बार, तो न जाने क्या होगा बिहार का हाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। हाल यह है कि सूबे की दो प्रमुख पार्टियां राजद और भाजपा के बीच जुबानी जंग अब पोस्टरों और सोशल मीडिया के जरिए और तेज हो गई है। एक ओर जहां राजद नीतीश सरकार पर लगातार सवाल उठा रही है, वहीं एनडीए भी राजद के जंगल राज की याद दिलाकर लोगों को बड़ा संदेश देने का प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में अब एक बार फिर से भाजपा ने तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला है। भाजपा ने एक पोस्टर जारी किया है जिसमें राजद के तीन विधायकों के नाम के साथ तस्वीर लगी हुई है। पोस्टर के सबसे ऊपरी हिस्से पर लिखा हुआ है वांटेड। इस पोस्टर में राजद विधायक रीतलाल यादव, शंभू नाथ यादव और मनोज यादव की फोटो लगी हुई है। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा है कि अगर राजद के हाथ आई सत्ता इस बार तो न जाने क्या होगा बिहार का हाल। भ्रष्टाचारियों को सत्ता में लाना है या बिहार को सुरक्षित बनाना है? फैसला आपका है, सोचिएगा जरूर। बता दें कि दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव के ठिकानों पर हाल ही में पुलिस ने छापेमारी की थी। बिल्डर कुमार गौरव से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में यह कार्रवाई हुई थी। छापेमारी में नकदी, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और वॉकी-टॉकी समेत अन्य सामान बरामद किया गया था। हालांकि, विधायक अपने घर पर मौजूद नहीं थे। रीतलाल यादव को पुलिस ढूंढ रही है। पुलिस बिहार के साथ-साथ दूसरे राज्यों में भी छापेमारी कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस कोर्ट से रीतलाल का वारंट लेने के अलावा अवैध तरीके से अर्जित उनकी अर्जित संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई कर सकती है। रीतलाल ने पुलिस की कार्रवाई को 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया। वहीं, बक्सर के ब्रह्मपुर से विधायक शंभू नाथ यादव पर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है। एक साड़ी वितरण कार्यक्रम में उन्होंने कथित रूप से महिलाओं को धक्का दिया और साड़ी से मारा जिससे कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई थी जबकि मोतिहारी के कल्याणपुर से विधायक मनोज यादव पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और नाजायज भीड़ जमा करने जैसे गंभीर आरोप हैं। उन पर एनएच पर बनाए गए अवैध कट को बंद करने के दौरान प्रशासनिक कार्रवाई में हस्तक्षेप करने का आरोप है। हालांकि राजद की ओर से इस पोस्टर पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# संपूर्ण क्रांति क्लोन स्पेशल सहित तीन जोड़ी ट्रेनों की परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 02393 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल अब 30 जून, 2025 तक गुरूवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 02394 नई दिल्ली-राजेन्द्रनगर क्लोन स्पेशल अब 01 जुलाई, 2025 तक शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छः दिन परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 01153 देवलाली-दानापुर मिक्सड अनारक्षित स्पेशल अब 18 अक्टूबर, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 01154 दानापुर-मनमाड मिक्सड स्पेशल अब 20 अक्टूबर, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 05504 सहरसा-ललितग्राम स्पेशल अब 31 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी। गाड़ी सं. 05503 ललितग्राम-सहरसा स्पेशल अब 01 अगस्त, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी।

# जैन साध्वी ज्ञानमती माताजी का संयम दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** भगवान ऋषभदेव दिगम्बर जैन मंदिर में जैन साध्वी भारत गौरव गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी का 73वां आर्यिका दीक्षा दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। 73 वर्ष पूर्व राजस्थान के माधोराजपुरा (जयपुर) ग्राम में आर्यिका दीक्षा आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज से प्राप्त की थी। उस समय आप प्रथम बाल ब्रह्मचारिणी कन्या के रूप में दीक्षा प्राप्त करने वाली प्रथम आर्यिका थी। इससे पूर्व जो बहनें या माताएं विधवा हो जाती थी या जिनकी बड़ी अवस्था हो जाती थी वे ही गृहत्याग करके इस मार्ग में आती थी, लेकिन पूज्य गणिनी ज्ञानमती माताजी ने कुंवारी कन्याओं का मार्ग प्रशस्त किया एवं उनकी प्रेरणास्त्रोत बनीं। आज सर्वप्रथम मन्दिर में विराजमान 31 फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव जी की प्रतिमा का दूध व जल से मस्तकाभिषेक किया गया एवं भगवान के मस्तक पर महाशांतिधारा सम्पन्न की गई। इस अवसर पर जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के गर्भकल्याणक के अवसर पर 108 कलशों से भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक सम्पन्न किया गया। साथ हीं 73वें आर्यिका दीक्षा दिवस के अवसर पर भगवान ऋषभदेव को 73 फलों से सम्बन्धित थाल के माध्यम से अर्घ्य चढाया गया। इसी क्रम में भगवान पार्श्वनाथ को भी 73 फलों से अर्घ्य समर्पण किया गया। जैन मन्दिर के प्रवक्ता एवं मंत्री विजय कुमार ने बताया कि पूज्य ज्ञानमती माताजी वर्तमान में दिगम्बर जैन समाज की सबसे प्राचीन दीक्षित हैं। माताजी ने स्वकल्याण के साथ-साथ संस्कृति निर्माण का कार्य भी किया है। आपने संस्कृति को जीवित करने के लिए 550 ग्रंथों का सर्जन अपनी लेखनी के द्वारा किया है।

# डीईओ ने किया प्रखंड कॉलोनी विद्यालय का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** प्रखंड कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) संजय कुमार ने निरीक्षण किया। विद्यालय में पहुंचते ही उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों से संवाद किया और पढ़ाई-लिखाई की स्थिति की जानकारी ली। विद्यालय परिसर की सुंदरता और साफ-सफाई देखकर डीईओ काफी प्रसन्न हुए। डीईओ के इस दौरे से विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया। निरीक्षण के दौरान डीईओ संजय कुमार ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन में भी भाग लिया और उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन का आनंद लिया।

# विधानसभा चुनाव से पहले जदयू कार्यालय के बदले गए पोस्टर


## पोस्टर में लिखा-2025 से 30 फिर नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के नेतृत्व को लेकर बार-बार उठते सवालों के बीच जदयू ने एक बड़ा संदेश दिया है। पार्टी ने बुधवार को अपने ऑफिशल पोस्टर से एक बड़ा संदेश दिया है। '25 से 30 फिर से नीतीश' का नारा वाला पोस्टर जेडीयू के प्रदेश कार्यालय के बाहर लगाया गया है। इस पोस्टर में जहां अगले पांच वर्षों के लिए नीतीश कुमार को बिहार का सीएम बताया गया है, वहीं इससे भाजपा को भी एक संदेश देने की कोशिश है। पोस्टर ऐसे समय में लगाया गया है जब हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछले सप्ताह ही भाजपा नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बिहार के अगले सीएम के रूप में पेश किया था। उनके इस बयान से मचे बवाल के बीच जदयू ने '25 से 30 फिर से नीतीश' वाला पोस्टर लगा दिया है। जदयू ऑफिस के बाहर न सिर्फ '25 से 30 फिर से नीतीश' का पोस्टर लगाया गया है बल्कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए सभी वर्गों के काम को भी गिनाया गया है। एक अन्य पोस्टर में 'रोजगार का मतलब नीतीश सरकार' लिखा गया है। वहीं 'बहन बेटियों के सपने साकार धन्यवाद नीतीश सरकार', 'सुशासन की रफ्तार बिहार में बाहर' और 'पूरा बिहार हमारा परिवार' लिखा होर्डिंग्स भी लगाया गया है। इतना ही नहीं होर्डिंग्स पर सिर्फ नीतीश कुमार की तस्वीर का इस्तेमाल किया गया है। यानी यह जदयू की ओर से बिहार के लोगों के लिए संदेश है जिसमें नीतीश कुमार पर भरोसा जताया गया है। इस पोस्टर सियासत को एक प्रकार से बिहार में राजद के साथ भाजपा-एनडीए के साथ भी जदयू का खेला माना जा रहा है। गौरतलब है कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के एक बयान ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। सैनी ने कहा है कि इस बार बिहार का चुनाव सम्राट चौधरी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उनके इस बयान के बाद बिहार भाजपा के नेताओं ने डैमेज कंट्रोल करते हुए इसे गलत तरीके से पेश करने की बातें कहीं। लेकिन राजनीति में कोई भी बयान यूं ही नहीं दिया जाता बल्कि उसके हिसाब से कई बार माहौल को टटोला जाता है। माना जा रहा है कि सीएम सैनी ने धीरे से इस बात को आगे बढ़ाया है ताकि माहौल को भांपा जा सके। ऐसे में अब जदयू की ओर से नीतीश कुमार को अभी से वर्ष 2025 से 2030 तक के लिए बिहार के सीएम के रूप में पेश कर उसी रूप में जवाब दिया गया है। इतना ही नहीं एक दिन पहले ही नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने भी कहा था अमित अंकल (गृह मंत्री अमित शाह) ने नीतीश कुमार के नाम पर मुहर लगाई है। इसलिए नीतीश कुमार की जगह किसी अन्य के सीएम बनने की कोई चर्चा का कुछ मतलब नहीं है।

### सीतामढ़ी में बीज प्रसंस्करण इकाई और गोदाम का उद्घाटन

# बीज उत्पादन और प्रसंस्करण को मिलेगा प्रोत्साहन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सीतामढ़ी जिले के मुरादपुर में 1 टन प्रति घंटा क्षमता वाले बीज प्रसंस्करण इकाई तथा 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं सीतामढ़ी नगर के विधायक मिथिलेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उद्घाटन राज्य सरकार की उस नीति के अंतर्गत किया गया है जिसके तहत किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज राज्य के भीतर ही उपलब्ध कराने एवं प्रसंस्करण की आधारभूत संरचना को मजबूत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से सीतामढ़ी जिले में 300 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खेती करने वाले 407 किसानों को 300 क्विंटल गेहूं का आधार बीज उपलब्ध कराया गया है। इससे अनुमानित 10,500 क्विंटल प्रमाणित गेहूं बीज का उत्पादन किया जाएगा जिसका भंडारण और प्रसंस्करण अब जिले में ही संभव होगा। इससे न केवल किसानों को समय पर बीज उपलब्ध हो सकेगा, बल्कि बीज की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जा सकेगी। श्री सिन्हा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसान सशक्त हों, उन्हें आधुनिक सुविधाएं मिले और कृषि उत्पादन के हर स्तर पर स्थानीय संसाधनों का उपयोग हो। सीतामढ़ी में स्थापित यह प्रसंस्करण इकाई और गोदाम इसी दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास है, जो न केवल जिले के किसानों को लाभान्वित करेगा, बल्कि क्षेत्रीय कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। यह राज्य सरकार की कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल राज्य सरकार की हर खेत तक गुणवत्तायुक्त बीज की परिकल्पना को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी और आने वाले वर्षों में अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। बीज प्रसंस्करण इकाई और गोदाम के उद्घाटन के उपरान्त उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में आयोजित किसान कल्याण संवाद कार्यक्रम में किसानों के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी वर्तमान स्थिति और कृषि कार्यों में आने वाली चुनौतियों की जानकारी ली। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री मोतीलाल प्रसाद तथा विधानसभा के माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने की। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि किसान कल्याण यात्रा की शुरूआत पुनौरा धाम से करना इस कारण उपयुक्त है क्योंकि यह वही स्थान है जहां आदि-कृषक विदेहराज जनक ने हल चलाकर कृषि परंपरा की नींव रखी थी और जहां से मां सीता का प्रादुर्भाव हुआ था। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न किसानों से संवाद किया। राम लाल महतो स्ट्रॉबेरी और सब्जी की खेती करते हैं, पुष्प कुमारी और ममता कुमारी मशरूम उत्पादन में संलग्न हैं, नन्दलाल महतो फूलों की खेती कर रहे हैं जबकि राम शंकर शाह कस्टम हायरिंग सेंटर चला रहे हैं। संवाद के दौरान किसानों की समस्याओं और नवाचारों को समझते हुए उन्होंने किसानों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की लगभग 46 प्रतिशत आबादी और बिहार की 88 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। फसल विविधीकरण से उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ेगी तथा किसान सशक्त बनेंगे।

## चोरी की बंदूक के साथ गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस अधीक्षक रोहतास के निर्देशानुसार जिला में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एसडीपीओ बिक्रमगंज ने बताया कि इसी क्रम में काराकाट थाना की पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम बसंत बिगहा थाना काराकाट जिला रोहतास में छापामारी कर घर में छिपा कर रखे हुए अवैध रेगुलर 12 बोर का बंदूक ग्राम बसंत बिगहा के प्रदीप कुमार सिंह एवं अनिल कुमार सिंह के घर से बरामद किया गया। बरामद बंदूक को देखने से प्रतीत होता है कि यह चोरी का है।

## भारत का सबसे लंबा ट्रांसपोर्ट टनल बनेगी ऋषिकेश : कर्णप्रयाग रेल टनल

**टनल ब्रेकथ्रू सेरेमनी में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और सांसद अनिल बलूनी हुए शामिल**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ऋषिकेश।** भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग बनने जा रही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के टनल नंबर-8 का टनल ब्रेकिंग समारोह आज सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर केंद्रीय रेल, आईटी और मेइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और लोकसभा सांसद अनिल बलूनी मौजूद रहे। 14.58 किलोमीटर लंबी यह सुरंग अब देश की सबसे लंबी ट्रांसपोर्ट टनल बन जाएगी, जो जम्मू-कश्मीर की खारी-संबर रेल खंड पर बनी 12.75 किमी की टनल और मनाली-लेह राजमार्ग पर बनी 9.02 किमी की अटल सुरंग को पीछे छोड़ देगी। 125.20 किमी लंबी इस रेल परियोजना में 83% हिस्सा यानी लगभग 104 किमी सुरंगों से होकर गुजरेगा। कुल 16 मुख्य टनल, 12 एस्केप टनल और क्रॉस पैसेज मिलाकर परियोजना में कुल 213.57 किमी टनलिंग होनी है जिसमें से अब तक लगभग 195 किमी कार्य पूर्ण हो चुका है। टनल नंबर-8 को टनल बोरिंग मशीन के माध्यम से बनाया गया है, जो भारतीय रेल द्वारा हिमालयी भूगोल में पहली बार प्रयोग में लाई गई है। 9.11 मीटर व्यास वाली इस ळइट ने 10.4 किमी की खुदाई की जबकि बाकी 4.11 किमी नेचुरल टनलिंग मेथड से पूरी हुई। यह सुरंग जौनसार समूह की चांदपुर फॉर्मेशन से होकर गुजरती है जिसमें फिल्लाइट, क्वाट्र्जाइट और शीस्ट चट्टानों की उपस्थिति है। कमजोर और मौसमग्रस्त चट्टानों के चलते 800 मीटर तक के ओवरबर्डन में अत्यधिक स्क्वीजिंग जैसे तकनीकी खतरे सामने आए। सुरंग निर्माण में सबसे बड़ी चुनौतियों में जल प्रवाह (2000 लीटर/मिनट), स्क्वीजिंग जोन में मशीन का संचालन, मानसून और यात्रा सीजन में लॉजिस्टिक्स बनाए रखना शामिल रहा। परियोजना में 12 स्टेशन, 19 प्रमुख पुल, 38 लघु पुल और 5 महत्वपूर्ण पुल शामिल हैं जिनमें एक गंगा, एक चंद्रभागा और तीन अलकनंदा नदी पर हैं। अब तक 8 प्रमुख पुल और 3 महत्वपूर्ण पुल पूरे हो चुके हैं। रेल मंत्रालय ने सुरंग कार्य 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इसके बाद ट्रैक, विद्युतीकरण और सिग्नलिंग कार्य शुरू होगा।

## एक नजर

### इंद्रपुरी थानाध्यक्ष निलंबित

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** इंद्रपुरी थानाध्यक्ष पुलिस निरीक्षक मनीष कुमार को डीआईजी ने बुधवार को कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया। डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार भूमि विवाद के मामले में इनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है। उन्होंने बताया कि आरोपों की जांच एएसपी कोटा किरण कुमार और एसपी रौशन कुमार से कराया गया। आरोपों को सत्य पाए जाने पर निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भोजपुर के तरारी थानाध्यक्ष निलंबित

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी ने भोजपुर के तरारी थाना अनि प्रदीप कुमार भास्कर को निलंबित कर दिया है। डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार वरीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन नहीं करने व मनमाने ढंग से कार्य करने की शिकायत थानाध्यक्ष पर मिली थी। बालू लदे वाहन से दुर्घटना में कारवाई नहीं करने, कांडों के निष्पादन में लापरवाही की शिकायतों की जांच भोजपुर एसपी से कराया गया। भोजपुर एसपी ने जांच में आरोपों को सही पाया गया। उन्हें थानाध्यक्ष पद से हटाते हुए निलंबित किया गया है। एसपी को विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जर्जर विद्युत पोल और तार बदलने की मांग

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** प्रखंड 20 सूत्री सदस्य व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे ने बुधवार को सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल दो मथुरी कार्यालय में आवेदन देकर चकन्हां पंचायत के सिकरिया एवं बडीहा गांव में जर्जर विद्युत पोल एवं तार बदलने की मांग की है। उन्होंने बताया कि थोड़े से ही हवा और आंधी आने पर बांस बल्ले के सहारे लगा विद्युत तार एवं पोल आपस में टकराकर स्पार्क करने लगता है जिससे चलता हुआ किसानों का पंप सेट खराब हो जाता है। पूर्व में भी इलेक्ट्रिक एसडीओ को आवेदन देकर शीघ्र जर्जर तार एवं पोल मरम्मत की मांग किया था, लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। कभी भी किसानों के समक्ष बड़ा हादसा हो सकता है।

### 22 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 22आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में चोरी, एस सी एसटी एक्ट, चोरी, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। 69 लीटर देशी शराब, एक बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में दो लाख छह हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

## नारायण मेडिकल कॉलेज में सीएमई कार्यक्रम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार के पैथोलॉजी विभाग के तत्वावधान में एकदिवसीय सी एम ई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रक्त थक्का जमने से होने वाले प्रभाव को केंद्र में रखकर विशेष शोध पर व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह एवं आयोजन सूत्रधार पैथोलॉजी के विभाग अध्यक्ष डॉ मोहम्मद वकील अहमद ने संयुक्त रूप से करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के डॉक्टर नितिन दयाल एवं राम मनोहर लोहिया अस्पताल नई दिल्ली की डॉक्टर तरुणा बंसल ने संबंधित विषय पर विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सभी विभागों के अध्यक्ष, वरीय चिकित्सक गण एवं चिकित्सा शिक्षा के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पति की गोली मारकर हत्या



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर पुलिस ने रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिसौरा गांव में मंगलवार को हुई हत्या मामले का उद्भेदन 12 घण्टे के अंदर कर लिया। पुलिस ने 50 वर्षीय मृतक भोगा बिन्द के हत्या मामले में गांव के ही कृष्णकांत पाण्डेय उर्फ मुन्ना पाण्डेय को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि मृतक की पत्नी के साथ उसका अवैध संबंध था। इस बात की जानकारी मृतक को हो गई थी। इस बात को लेकर मृतक उसे हमेशा गाली-गलौज करता रहता था तथा गंदे इशारे भी करता था। इस कारण उन्होंने 15 अप्रैल को गोली मारकर भोगा बिन्द की हत्या कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी हरिमोहन शुक्ला ने कांड के उदभेदन तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए मोहनियां एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित किया था।

## वीआईपी सुप्रीमो के आगमन को ले बैठक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** बुधवार को विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी जोनल -06 कार्यालय डिहरी ऑन-सोन में विकासशील इंसान पार्टी का बैठक हुआ जिसमें आगामी 24 अप्रैल 2025 को बुद्धा बिहार होटल डिहरी में वीआईपी सुप्रीमो मुकेश साहनी पूर्व मंत्री बिहार के आगमन की तैयारी पर विचार-विमर्श किया गया और निर्णय लिया गया कि डिहरी शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बाल गोविंद तथा संचालन जयकुमार बिंद के द्वारा किया गया। बैठक में सुषमा पासवान महिला प्रदेश अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी, जगदीश चौधरी, नीरज यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, लल्लू चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, चंद्रदेव बिंद राष्ट्रीय सलाहकार, रंजीत चौधरी, गोविंद केवट, राम आशीष चौधरी, विजयंता बिंद, महिला जिलाध्यक्ष कैमूर, संजय यादव, आनंद चौधरी, दिनेश निषाद, देवराज चौधरी, सोनी कुशवाहा महिला जिलाध्यक्ष, विवेक कुशवाहा रोहतास जिलाध्यक्ष, अमित चौधरी, राजेश चौधरी, राजू चौधरी, राजन चौधरी, नगीना बिंद, भरत चौधरी, कृष्णा साहनी, मनोज चौधरी, राधा मोहन सिंह, बिंद दीपक आर्या कार्यालय प्रभारी, नकुल साहनी आदि उपस्थित थे।

## लोजपा रा बिहार की लोकप्रिय पार्टी : सोनू सिंह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** लोजपा रा एनडीए गठबंधन का मजबूत सहयोगी दल है। उक्त बातें करते हुए लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि लोजपा सुप्रीमो चिराग पासवान बिहार के युवाओं के हृदय में रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोजपा बिहार की लोकप्रिय पार्टी है। यह एक मजबूत संगठन है, इस पार्टी का जनाधार बिहार का हर वर्ग है। हमारे नेता बिहार के भविष्य हैं। अभी हमारे नेता मोकामा में बाबा वीर चौहरमल के कार्यक्रम में वहां जनता का सैलाब उमड़ पड़ा था। उन्होंने कहा कि मैं अपने डिहरी विधानसभा क्षेत्र के सभी समाज के लोगों को साथ ही पत्रकार, समाजसेवियों, अभिभावकों को मान-सम्मान देते रहा हूं। इस बार हमें जनता का आशीर्वाद मिलना चाहिए। डिहरी विधानसभा क्षेत्र में भी लोजपा काफी मजबूत है।

## ठगी का 57 हजार वापस कराया

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** सासाराम निवासी बाल कृष्ण को ठगी का 57 हजार रुपए वापस कराया गया। साइबर थानाध्यक्ष गौरव यादव के अनुसार 2023 में इनसे साइबर ठगों ने एक लाख चार हजार की ठगी किया था। उक्त राशि में 57 हजार होल्ड कराया गया था जिसे आज उन्हें वापस कराया गया।

## मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

**टिकारी(गया) (नबिटा सं.)।** अलीपुर थाना की पुलिस ने मारपीट के दो आरोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अलीपुर थानाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि विगत 30 मार्च को केसपा ग्राम में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के मध्य मारपीट हुई थी जिसमें एक पक्ष के दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस द्वारा फर्द बयान दर्ज किया गया था जिसके आधार पर अलीपुर थाना में कांड संख्या 55/25 दर्ज किया गया था। कांड में केसपा ग्राम के पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। विगत मंगलवार की रात्रि पुलिस ने केसपा ग्राम स्थित आरोपियों के घर से दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान केसपा ग्राम निवासी राजेन्द्र महतो के पुत्र मनीष कुमार उर्फ अजीत व रणधीर कुमार के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को न्यायालय में सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

## चौकीदार के घर चोरी

**टिकारी(गया)।** टिकारी थाना क्षेत्र के गुलरियाचक ग्राम स्थित चौकीदार के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार टिकारी थाना के चौकीदार लालदेव पासवान रिश्तेदार की शादी में शरीक होने घर बन्द कर परिवार सहित बाहर गये हुए थे। बुधवार की सुबह सूचना मिली कि घर के मुख्य दरवाजा का ताला टूटा है।

## अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ का भव्य स्वागत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती के अवसर पर अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान रथ पटना हाई कोर्ट के बाबा साहेब की प्रतिमा से पूर्व मंत्री संविधान परिषद सदस्य श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो बुधवार को डिहरी में जदयू के वरिष्ठ नेता चर्चित चिकित्सक डॉ निर्मल सिंह कुशवाहा ने स्वागत किया। उक्त बातें अमर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संत कुमार सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि जागरण अभियान रथ पटना नौबतपुर तथा दुल्हन बाजार स्थित शहीद जगदेव प्रसाद का प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वहां से हसपुरा पचरुखिया बिक्रमगंज नासरीगंज होते हुए डिहरी पहुंचा यह रथ तिलौथू होते सासाराम में जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद दुल्हन बाजार पटना स्थित अमर शहीद जगदेव प्रसाद स्मारक और शहीद जगदेव प्रसाद स्मारक स्थल कुर्था, अरवल को राजकीय स्मारक घोषित किया जाए सहित हमारी 14 सूत्री मांगे हैं। उन्होंने डॉक्टर निर्मल सिंह कुशवाहा को अमर शहीद जगदेव प्रसाद स्मारिका देकर सम्मानित किया और डॉक्टर अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करो डॉ अंबेडकर और अमर शहीद जगदेव प्रसाद के सपनों का भारत बनाओ आदि नारा दिया। इस मौके पर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, वशिष्ठ नारायण सिंह, प्रोफेसर रमेश कुमार, पूर्व शिक्षक राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 12.04.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कमरा सं. 44, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1; निविदा सं.: टीएन-11-25-26; कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल अभियंता (मुख्यालय)/सियालदह के अधीन सियालदह स्टेशन, एनसीसी यार्ड, सियालदह स्टेशन के विभिन्न कार्यालयों में जल की आपूर्ति के लिए 100000 गैलन क्षमता की आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण के साथ सभी आनुषंकि कार्य। निविदा मूल्य: रु. 2,70,87,973.16; ईएमडी: रु. 2,86,900/-; कार्य समापन अवधि: बारह (12) महीने। क्रमांक 2; निविदा सं.: टीएन-12-25-26; कार्य का नाम: न्यू अलीपुर रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी एवं बर्न स्टैण्डर्ड कॉलोनी (14 अलीपुर एवेन्यू तथा 26 राजा संतोष रोड):- सहायक अभियंता (वर्क्स)/II/सियालदह के क्षेत्राधिकार में वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (वर्क्स)/न्यू अलीपुर के अधीन टाइप-IV एवं टाइप-V क्वार्टरों में विशेष मरम्मत, कलर वाशिंग, पेंटिंग इत्यादि तथा स्नानागार, रसोईघर की विशेष मरम्मत के साथ मोजाइक फ्लोरिंग का विट्रिफाइड फ्लोरिंग रूप में प्रतिस्थापन सहित अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। निविदा मूल्य: रु. 82,80,232/-; ईएमडी: रु. 1,65,600/-; निविदा दस्तावेज की कीमत (अप्रतिदेय): दोनों के लिए शून्य। कार्य समापन अवधि: 06 (छह) महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: दोनों के लिए 08.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: दोनों के लिए 08.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे।

(SDAH-12/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in / www.er.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**बिहार सरकार**

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2025**
**D.E.C.E. (L.E.)-2025**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2025/03 दिनांक- 16.04.2025

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण एवं डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) [DECE(LE)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2025/01 एवं 2025/02 दिनांक- 19.03.2025 के अनुसार DECE(LE)-2025 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन प्राप्त करने हेतु Registration and Payment की अंतिम तिथि 16.04.2025 निधरित है। **छात्रहित में DECE(LE)-2025 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : **23.04.2025** |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : **24.04.2025** |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : **25.04.2025 to 26.04.2025** |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : **07.05.2025** |
| (v) | Proposed Date of Examination | : **17.05.2025** |

(2) दिनांक 23.04.2025 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) सभी सम्बन्धित को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

# हथियार प्रदर्शन और गोलीबारी के मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कई लोग हथियार लहराते और फायरिंग करते हुए नजर आ रहें थे। यह वीडियो नवादा जिले के काशीचक थाना क्षेत्र भवानीपुर और लीला बिगहा गांव का बताया जा रहा है। इस वीडियो में खुलेआम हथियार लहराकर कई राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। फायरिंग के समय इलाके में दहशत का माहौल था। इस फायरिंग के सम्बन्ध में बताया जा रहा है कि यह मामला दो पक्षों के आपसी जमीन विवाद से जुड़ा हुआ है। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो लोगों को बीस गोली के खोखे के साथ गिरफ्तार किया गया। गांव में आपसी रंजिश को लेकर खुलेआम हथियार लहराया गया और फायरिंग की घटना हुई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद नवादा पुलिस कप्तान अभिनव धीमन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन कर मामले का पटाक्षेप करने का निर्देश जारी किया। विशेष टीम मे शामिल काशीचक थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए फुटेज मे दिख रहे बदमाशों की पहचान मे जुट गए। मात्र कुछ ही घंटे के भीतर पुलिस ने ना सिर्फ आरोपितों की पहचान की बल्कि घटना मे शामिल दो बदमाशों को भी धर दबोचा और बीस खाली खोखे को बरामद किया। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान लीला बिगहा निवासी राम प्रवेश यादव के पुत्र संतोष यादव और जेपी यादव के रूप मे किया गया है। हालांकि वायरल फुटेज में दिख रही हथियार की बरामदगी नही हो सकी है। पुलिस अन्य आरोपी और हथियार की तलाश कर रही है। इस मामले में काशीचक के थानाध्यक्ष बसंत कुमार राय ने बताया कि पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपी के घर से 20 कारतूस के खाली खोखे को बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है वहीं दोनों तरफ से पांच पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाई लाखों की संपत्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के मानपुर गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना सोमवार रात की है, जब गृहस्वामी प्रेमराज अपने परिवार के साथ पटना गए हुए थे। बताया गया कि प्रेमराज की बेटी के हाथ का ऑपरेशन हुआ था, जिसके चलते पूरा परिवार घर बंद कर पटना गया था। इसी दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए घर के मुख्य दरवाज़े का ताला तोड़ा और भीतर घुस गए। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने दरवाज़ा टूटा देखा और इसकी सूचना प्रेमराज को दी। जब वे घर लौटे तो देखा कि दरवाज़े का ताला टूटा हुआ था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। प्रेमराज ने बताया कि चोरों ने सभी कमरों का ताला तोड़ा और दो ट्रंक खंगाल डाले। ट्रंक में रखे करीब 1 लाख 10 हजार रुपये नकद, सोने के आभूषण समेत लगभग दो लाख रुपये की संपत्ति पर चोर हाथ साफ कर गए।

# महिला संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अनुश्रवण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में महिला संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि महिलाओं के दृष्टिकोण से विकास को समझने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के 1510 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल 2025 से शुरू होकर लगभग दो माह तक चलेगा। उन्होंने गर्मी को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे तथा सायं 4:00 बजे से आयोजित करने की बात कही। साथ ही, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिया कि वे आवश्यक सामग्री का आकलन कर पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें एवं कार्यक्रम के दौरान प्राप्त महिलाओं के सुझावों व परामर्श को व्यवस्थित रूप से संकलित करें। बैठक में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरि ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में सभी ग्राम संगठनों में यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों एवं उपलब्धियों को ऑडियो-वीडियो माध्यमों से साझा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्थानीय जीविका दीदियों द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया जाएगा। संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याएं, अपेक्षाएं और सुझाव लिए जाएंगे, जिन्हें अभिलेखित भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में गैर-जीविका महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

# साइबर ठगी करने वाले छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** थाना क्षेत्र के ओईयाव गांव से बुधवार को छह साइबर ठगी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लाल मणि दुबे ने बताया कि आसूचना मिली कि ग्राम ओईयाव में कुछ साइबर ठग एकत्रित हुए है जो फर्जी स्कोर्ट सर्विस के नाम पर भोले भाले लोगो से साइबर ठगी कर रहे है। साथ ही अवैध आग्नेयास्त्र रखे हुए है। स्थानीय थाना के पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम ओईयाव में छापामारी की गई। राकेश कुमार उम्र 27 वर्ष पिता कृष्ण पासवान, नीतीश कुमार उम्र 26 वर्ष पे. रामप्रवेश पासवान, विमलेश कुमार उम्र 21 वर्ष पिता रामविलास पासवान, सूरज कुमार उम्र 23 वर्ष पे. उपेन्द्र पासवान, दीनानाथ पासवान उम्र 19 वर्ष पे. दिनेश पासवान सभी ग्राम ओईयाव थाना अस्थावॉ जिला नालंदा को गिरफ्तार एवं एक अन्य को निरूद्ध किया गया। इन सभी के पास से 11 मोबाइल बरामद तथा दीनानाथ पासवान के घर से एक देशी कट्टा एवं पांच जिंदा कारतूस बरामद किया गया। सभी ने साइबर अपराध करने की बात स्वीकार की है। छापेमारी में पुनि सह थानाध्यक्ष लाल मनी दूबे, चन्दन कुमार, धर्मेन्द कुमार, जितेन्द्र कुमार साह, अंजली कुमारी एवं अस्थावां थाना सशस्त्र बल आदि मौजूद रहे।

# फ्लाईओवर का पीलर बना मवेशियों का तबेला

## एक तरफ करोड़ों का खर्च, दूसरी तरफ बसाया जा रहा मवेशियों का डेरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्मार्ट सिटी का सपना दिखाकर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की बात तो होती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान करती है। भरावपर से सोगरा कॉलेज तक बन रहे भव्य फ्लाईओवर के नीचे अब एक नया दृश्य देखने को मिल रहा है। जहां मवेशियों का तबेला बन चुका है। पिलरों पर बंधे मवेशी कहे या स्मार्ट सिटी की स्मार्ट गौशाला फ्लाईओवर के पिलरों के पास कई स्थानों पर गाय-भैंसों को बांधा जा रहा है, जिससे इस आधुनिक निर्माण का उद्देश्य ही विफल होता दिख रहा है। शहर के इस हिस्से में मवेशियों का जमावड़ा स्वच्छता और सौंदर्य दोनों पर सवाल खड़े करता है। इतना ही नहीं मवेशी के अलावे कहीं वाहन पार्किंग बना हुआ है। जिसके कारण यातायात भी प्रभावित हो रही है। शहर में बढ़ते निर्माण कार्यों ने यातायात की समस्या को और



बढ़ा दिया है। राहगीरों को चिलचिलाती धूप में घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है। फ्लाईओवर का निर्माण काम जिस गति से चल रहा है, उससे शहरवासियों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।

## करंट से मजदूर की मौत

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र में बुधवार को करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मोतिहारी जिले के तुरकेलिया थाना क्षेत्र गोविंदापुर गांव निवासी रामनाथ शाह का 27 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार हैं। पिता ने बताया कि विक्रांत एजेंसी द्वारा केबल तार के रीकंडक्टिंग कार्य के लिय मजदूरों को बुलाया गया था। पवन कुमार बिजली के पोल पर काम कर रहे थे, तभी उन्हें तेज करंट का झटका लगा और वे नीचे गिर पड़े। नाक और मुंह से खून निकलने लगा। साथ काम कर रहे मजदूरों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें तत्काल स्थानीय पीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए पावापुरी विम्स रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बिजली विभाग के जेई आलोक कुमार ने बताया कि जिस ट्रांसफॉर्मर से लाइन काटी गई थी, उस क्षेत्र में कार्य चल रहा था। फिर भी पोल में करंट आना आश्चर्यजनक है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि किसी उपभोक्ता ने एक से अधिक ट्रांसफॉर्मरों से कनेक्शन ले रखा था, जिससे करंट सप्लाई बंद नहीं हो पाया और दुर्घटना हो गई। मामले की जांच के बाद दोषी उपभोक्ताओं पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया है।

# एक दिवसीय रोजगार कैंप 19 अप्रैल को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी, सुनील कुमार सुमन द्वारा बताया गया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, नवादा द्वारा दिनांक 19.04.2025 को संयुक्त श्रम भवन नवादा के प्रांगण में एकदिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में रेट्रोफिट टेक्नोलॉजी प्रा. लि., पटना द्वारा असिस्टेंट स्प्लाइसर के 40 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आई.टी.आई. या स्नातक पास निर्धारित की गई है। वेतन 21,000 (सी.टी.सी.) प्रतिमाह होगा तथा ई.पी.एफ., ई.एस.आई. जैसी अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। पात्रता के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। कार्यस्थलः उत्तर प्रदेश, चेन्नई, बेंगलुरु। इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैंप स्थल ऽ संयुक्त श्रम भवन (सरकारी आई.टी.आई.), नवादा के प्रांगण में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# डॉ अनुज ने जाति व धर्म से ऊपर उठकर काम करने का दिलाया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा का विकास के लिए राजनीति में कदम रखने वाले शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ अनुज सिंह ने समर्पित भाव से कहा कि जन जागृति फाउंडेशन के द्वारा लगातार लोगों से मिलने का सिलसिला जारी है। कादिरगंज में उन्होंने चौधरी टोला, मुस्लिम टोला, मेन बाजार,अंदर बाजार, बुनकर टोला सहित कई जगहों पर जाकर लोगों से जन संवाद किया। जहां उन्होंने लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना एवं भविष्य में दूर करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर लोगों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान नवादा विधानसभा के जन कल्याण हेतु समर्पित है हम इस यात्रा के द्वारा आपकी समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं और अगर आप सबों का सहयोग आने वाले विधानसभा चुनाव में मिला तो इसका सार्थक परिणाम आप तमाम जन समूह को देखने को मिलेगा। उन्होंने वहां बुनकर टोले में जाकर देखा कि तसर कपड़ा निर्माण से पटवा परिवार के लोग ही जुड़े हैं। पटवा परिवार के अधिकांश घरों में हैंडलूम का संचालन हो रहा है। सरकार की ओर से आर्थिक सहयोग नहीं मिलने से तसर उद्योग विकसित नहीं हो पा रहा है। बुनकरों की स्थिति बदहाल बनी हुई है। तसर उद्योग से जुड़े बुनकर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने बुनकरों से मिलकर यह आश्वासन दिया कि आने वाले भविष्य में अगर उन्हें जन आधार मिलता है तो इस उद्योग को बढ़ाने में तथा हर संभव सहायता करूंगा। हमारा एक ही मकसद है शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार को बढ़ावा देना,जनसमूह को सुरक्षा प्रदान करना। उन्होंने अपने संवाद में मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से आने वाले विधानसभा चुनाव में साथ देने की अपील की ताकि एक सशक्त जनप्रतिनिधि के रूप में नवादा विधानसभा का प्रतिनिधित्व मजबूती से कर सकें। हमारा काम जाति धर्म से ऊपर उठकर होगा। आज नवादा की बदहाली के लिए यहां के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है। मैं जनता जनार्दन को यह विश्वास दिलाता हूं कि अगर आपका सहयोग हमें मिला तो निश्चित आपके विश्वास पर खड़ा रहूंगा। मौके पर उपस्थित समाजसेवी मोहम्मद इम्तियाज खान, कादिरगंज के शुभम पांडे, रजनीश कुमार ने सभी ग्रामीणों से आने वाले विधानसभा चुनाव में डॉ अनुज को सहयोग करने की अपील की। जनसंपर्क यात्रा में समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, युवा नेता चंदन कुमार, लोहरपुरा पंचायत समिति रविंद्र सिंह, मुकेश सिंह केना, कुंदन कुमार घोसतामा, प्रमोद पाठक,डॉ राजेश कुमार, अलखदेव प्रसाद यादव, मुकेश कुमार, जेपी चौधरी सहित हजारों की संख्या में अनुज समर्थक भ्रमण करते दिख रहे थे।

## पकरीबरावां में डिजिटल क्लास की हुई शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां में मंगलवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर डिजिटल क्लास की शुरुआत की गई। इस पहल के तहत विभिन्न विद्यालयों को डिजिटल शिक्षा हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिसिंदर पासवान ने किया। उन्होंने शिक्षकों को डिजिटल कक्षा को प्रभावी बनाने के लिए तकनीकी और आवश्यक जानकारी भी दी। कार्यक्रम में कई विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक शामिल हुए।

# हैंड इन हैंड द्वारा शिविर लगाकर दर्जनों महिलाओं को दी गई बम्बू क्राफ्ट ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के सिरोडावर एवं चितरकोली गांव में हैंड इन हैंड के बेलास्टार माइक्रो फाइनेंस के सौजन्य से एडवांस्ड स्किल बम्बू क्राफ्ट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस शिविर में डीजीएम रवि रंजन, स्वेता मैडम, परियोजना सहायक रूपेश कुमार व राजेश कुमार,ब्लॉक मैनेजर नितीश कुमार,एमआईएस सुमंत कुमार सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र कुमार, आनंदी कुमार, संतोष कुमार सुधा व गुड्डू कुमार के द्वारा इस कार्यक्रम के बढ़ते महत्व और इससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही महिलाओं को बम्बू क्राफ्ट ट्रैनिंग दिया गया एवं इससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को बम्बू क्राफ्ट से बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। सुझावों में दिग्गज बांस का सामान और छोटा-छोटा प्रोडक्ट बनाकर दैनिक उपयोग में लाने और बाजार में बेचे जाने की बात बताई गई इससे महिला अपना जीवन यापन सशक्त बना सकती हैं। इस कार्यक्रम के समापन समारोह मे बहुत सारी महिलाओं को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया साथ ही महिलाओं को सावधान किया गया कि किसी तरह के मैसेज पर भरोसा ना करें और किसी भी लिंक या मैसेज को भरोसा ना करें।शिविर में यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया की तरह घटना हो जाती है, तो सबसे पहले इसकी शिकायत नजदीकी थाने में दर्ज करने की बात बताई गई साथ ही इसके अलावा साइबर शिकायत को हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई।

# बीइओ ने की विद्यालयों के प्रधानों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां।** बीआरसी में बुधवार को प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्दर पासवान ने प्रखण्ड के सभी विद्यालयों के प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय संचालन में आ रही चुनौतियों की पहचान करना एवं उनका सामूहिक समाधान निकालना बताया गया। बीइओ ने प्रधानों को इमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने की सलाह दी। एमडीएम प्रभारी संजय कुमार ने मिड-डे मील के संबंध में नई नीतियों की जानकारी दी और आगामी समय में लागू किए जाने वाले नए मेन्यू को लेकर जागरूक किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर भी ज़ोर दिया। बैठक में पिरामल फाउंडेशन से गौरव ठाकुर और संजीव सिंह यादव भी उपस्थित हुए। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत मिशन और एफएलएन की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यालयों में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे–मॉर्निंग असेम्बली, बाल संसद, पुस्तकालय गतिविधियां, बाल सभा आदि को प्रभावी ढंग से संचालित करने के तरीकों और उनके लाभों को भी साझा किया। इस दौरान नामांकन पखवाड़े के आयोजन पर भी विशेष रूप से ज़ोर दिया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा पहली में अधिक से अधिक बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया को गति देने का आह्वान किया गया। शिक्षकों से आग्रह किया गया कि वे समुदाय में जाकर जन-जागरूकता फैलाएं और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। इसके साथ ही ई-शिक्षा कोष और आधार पर उत्पन्न हो रही विभिन्न तकनीकी समस्याओं जैसे–आधार सत्यापन, अपार आईडी निर्माण में कठिनाइयां आदि विषयों पर भी चर्चा की गई।

## उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले 2 अप्रैल से शुरू हुए उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों का समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषयक 15 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स का विधिवत समापन बुधवार को किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कुंदन आर्या, ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षित अनुज्ञप्तिधारकों को समेकित पोषक तत्व प्रबंधन का मानव जीवन एवं पशुओं के जीवन मे प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दिया।

# एससी-एसटी टोलों में शिविर लगाकर 22 विकास योजनाओं का दिया जायेगा लाभ : विभा देवी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**नवादा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर बिहार सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान' के तहत एससी-एसटी टोलो में लगने वाले विकास शिविरों का जायजा लेने नवादा विधायक विभा देवी स्वयं उपस्थित रहेंगी ताकि समग्र विकास योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभुकों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचाया जा सके । इस संबंध में विधायक ने बताया कि गांवों में आज भी एससी, एसटी के लोग प्रशासकीय अधिकारियों के समक्ष अपनी जायज मांगों को रखने में घबराते हैं जबकि हमारे जैसे जनप्रतिधियों से अधिकार पूर्वक अपनी बात कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी एससी-एसटी टोलों में शिविर लगाकर 22 विकास योजनाओं का लाभ दिया जाना है। इसके लिए बुधवार एवं शनिवार को पंचायतों में शिविर लगाने की बात कही गई है। विधायक ने अपने क्षेत्र के दोनों प्रखण्डों में लगने वाले शिविरों की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों से मांगी है ताकि निर्धारित समय पर प्रत्येक शिविर में जाकर लाभुकों को वास्तविक लाभ दिलाया जा सके। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नवादा से इस बाबत विधायक ने जानकारी ली तो बताया गया कि नवादा प्रखण्ड में 19 अप्रैल से अभियान शुरू किया जायगा। विधायक विभा देवी ने जानकारी देते हुए नवादा प्रखण्ड समेत नगर परिषद क्षेत्र में भी अभियान चलाने की मांग की है । उन्होंने प्रत्येक एससी-एसटी टोले में दो-दो कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर योजनाओं की सूची बनाने और लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है ताकि शिविर में उपस्थित अधिकारियों को सही जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी दलित टोला इस समग्र सेवा अभियान से वंचित नहीं रहे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिविर में मेरे विधायक फंड की जहां आवश्यकता होगी मैं स्वंय उसकी अनुशंसा करुंगी।

# बिहार तैलिक युवा साहू सभा के प्रदेश सचिव बने संदीप चुन्नु




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा निवासी संदीप कुमार उर्फ चुन्नु को बिहार तैलिक युवा साहू सभा का प्रदेश सचिव बनाया गया है। युवा साहू सभा के विनय कुमार गुड्डु ने एक पत्र जारी कर प्रदेश सचिव मनोनयन की सूचना दी है। संदीप कुमार चुन्नु को प्रदेश सचिव बनाये जाने पर साहू समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र विशाल, जितेंद्र साहू, कंचन गुप्ता, संजय साव, राजन नायक, अरविंद गुप्ता, अम्बिका साव, चाणक्य कुमार मुन्ना आदि लोगों ने संदीप कुमार चुन्नु को बधाई दी है। इधर, संदीप कुमार चुन्नु ने कहा कि हमें जो दायित्व दिया गया है, उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

## सीढ़ी से गिरने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के पुलपर चैक बाजार में बुधवार की शाम एक निर्माणाधीन मकान में कार्यरत मजदूर की सीढ़ी से गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर गांव निवासी 45 वर्षीय राजधान पासवान के रूप में की गई है। गृहस्वामी लड्डू कुमार ने बताया कि उनके मकान में निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें राजधान पासवान मजदूरी का कार्य कर रहे थे। शाम करीब 4 बजे वह निर्माणाधीन मकान की सीढ़ी पर चढ़े हुए थे, तभी अचानक उन्हें चक्कर आ गया और वे नीचे गिर पड़े। हादसे के बाद आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का पुतला फूंका, सोनिया-राहुल पर चार्जशीट का विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर नेशनल हेराल्ड केस में ईडी द्वारा चार्जशीट करने और नेशनल हेराल्ड की सारी संपत्तियों को जब्त करने के खिलाफ जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नवादा की सड़कों पर विरोध मार्च निकाला और नगर थाना के समीप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष सतीश कुमार मंटन के निर्देश पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में शामिल प्रदेश प्रतिनिधि बंगाली पासवान और पार्टी नेता अंजनी कुमार उर्फ़ पप्पू ने कहा कि 2014 में इस मुकदमा को समाप्त कर दिया गया था। इसके बाद इसे फिर से खोला गया। जिससे यह साबित होता है कि राजनीतिक षडयंत्र के तहत हमारे शीर्ष नेताओं को परेशान किया जा रहा है। भारत के प्रधानमंत्री को देश की चिंता नहीं हैं सिर्फ अपने प्रधानमंत्री की गद्दी बरकरार रहने की चिंता है। एजाज अली मुन्ना कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जब जब मोदी जी डरते हैं हमारे नेता राहुल गांधी जी से तब तब ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल कर भारत के युवाओं, किसानो क़ो गुमराह करते हैं। जब जब पिछड़ा, अतिपिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग की बाते करते हैं मोदी जी को भय समा जाता है। कामत्रोजगार के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सब किया जा रहा है। पुतला दहन में पार्टी नेता जागेश्वर पासवान, अब्दुला आज़म, कृष्ण कुमार प्रभाकर, प्रमोद कुमार, मनीष कुमार, फकरुद्दीन अली अहमद, रामाशीष, अजित कुमार, गायत्री देवी, अरविन्द बारसी, डॉ शैलेन्द्र कुमार, मिथिलेश सिंह, राजेश कुमार, मनोज यादव, अर्जुन पासवान, अमीर रज़ा, मनोज कुमार इत्यादि लोग शामिल थे।


## जन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की ई. आई. ए. अधिसूचना 2006 के तहत, शीतल बिल्डटेक दरभंगा के प्रस्तावित कमर्शियल कम रेसिडेंसियल बिल्डिंग परियोजना 'ग्रीन होम्स' को, राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (सिया), बिहार, के पत्र संख्या SIA/8(a)/2035/2022, दिनांक 08.04.2025 के द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

आमजन के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के कार्यालय एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के वेबसाइट www.parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

पार्टनर
शीतल बिल्डटेक दरभंगा
309, 3rd फ्लोर, ब्लॉक A
फजल इमाम कॉम्प्लेक्स, फ्रेजर रोड
पटना- 800001

**मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं जिवेश मिश्रा ने किया 103 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास**

# 15 करोड़ की लागत से विकास को मिली रफ्तार

## सहकारिता मंत्री ने गिनायीं केंद्र और राज्य सरकार की गया के विकास की योजनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया नगर निगम क्षेत्र में मंगलवार को विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, नगर विकास एवं आवास मंत्री जिवेश मिश्रा, गया नगर निगम की महापौर, उप महापौर एवं सभी वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर विकास विभाग द्वारा कुल 103 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया जिनकी कुल लागत करीब 15 करोड़ रुपये है। इन योजनाओं को गया शहर में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की 'हृदय योजना' के तहत गया शहर के अक्षयवट, सीता कुंड, ब्रह्म सरोवर, बोधगया और बैतरणी सहित कई धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का सौंदर्यीकरण 40 करोड़ की लागत से किया गया है। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिल्ड्रन पार्क और गांधी मैदान स्थित गया पार्क का भी निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि गया शहर की 90 प्रतिशत आबादी को अब गंगाजल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। नगर निगम क्षेत्र में जल्द ही ट्रैफिक लाइट और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की जाएगी जिसके लिए राज्य सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है और कार्य जल्द ही निविदा के माध्यम से प्रारंभ होगा। शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम को देखते हुए एनएच-82 पर घुघरी टांड़ के निकट 150 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। इसके साथ ही मानपुर में 300 करोड़ की लागत से बैरागी रोड में और करीब 100 करोड़ की लागत से बागेश्वरी रोड में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण को भी हरी झंडी मिल चुकी है। गया के विकास को लेकर मेट्रो प्रोजेक्ट भी प्रगति पर है। फुटपाथ दुकानदारों के लिए नगर निगम द्वारा जमीन चिन्हित कर वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा ताकि व्यवस्थित व्यापार को बढ़ावा मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत शहर में एक करोड़ और ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ की लागत से गरीबों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। कोरोना काल के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत फुटपाथ दुकानदारों को ऋण मुहैया कराया गया जिससे उन्हें आर्थिक सहारा मिला। स्वच्छ भारत अभियान के तहत गया नगर निगम क्षेत्र में हजारों गरीब परिवारों के लिए शौचालयों का निर्माण कराया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा घोषित उज्जैन महाकाल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर ज्ञान की भूमि गया में भगवान विष्णु की नगरी गयाजी, बोधगया और मां मंगलागौरी कॉरिडोर की योजना की घोषणा पर शहरवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की और इसे ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम के समापन पर नगर विकास मंत्री को शहरवासियों और पार्षदों ने धन्यवाद दिया और विकास की गति बनाए रखने की अपील की।

# अधिवक्ताओं के दल ने केंद्रीय कारा गया एवं उपकारा शेरघाटी का किया दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के नामित अधिवक्ताओं का दल मंगलवार को केंद्रीय कारा गया एवं उपकारा शेरघाटी का दौरा किया गया। यहां जेल में बंद सजायाफ्ता कैदियों के कानूनी मदद की पेशकश की राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के अधिवक्ता मुस्कान सिंह, राजेश कुमार, अमित कुमार झा, पीयूष कुमार पांडे, रविंद्र प्रसाद सिंह के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास उपस्थित थे। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिवक्ताओं का दल विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सजा प्राप्त कैदियों को मुफ्त में कानूनी सलाह देने को लेकर उन्हें चिन्हित करने का काम किया जिन लोगों को स्थानीय न्यायालय से सजा प्राप्त हो चुकी है। उनके अपील दायर करने को लेकर पटना उच्च न्यायालय में चुनौती देने या पटना उच्च न्यायालय से भी सजा की पुष्टि पर उसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देने को लेकर जानकारी दी गई। इसके अलावे कानून के अनुसार सात वर्ष की अवधि वाले अपराध में से आधा सजा काट लेने वाले को जेल से बाहर जाने के संबंध में कैदियों का चयन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना द्वारा इन सभी अधिवक्ताओं को राज्य के विभिन्न जेलों का दौरा कर ऐसे कैदियों को चिन्हित कर उन्हें सुलभ और मुक्त न्याय प्रदान करने का जागरूकता फैलाया गया है। अधिवक्ताओं का दल गया एवं शेरघाटी जेल के अंदर सभी कैदियों से बारी-बारी से मुलाकात कर उन्हें मुक्त कानूनी सभा के बारे में विस्तार से बताया। जेल भ्रमण के दौरान ऐसे जो सजा की आधी अवधि जेल में बिता चुके हैं उन्हें जेल से मुक्त करने के प्रयास तेज कर दिया गया है। विधिक सेवा प्राधिकार के अधिवक्ताओं ने कैदियों को प्राधिकार के द्वारा स्थानीय जिला न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक दिए जाने वाले मुक्त कानूनी उपचार के पूरी प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें इन प्रावधानों का लाभ उठाने की अपील भी की। इस मौके पर जेल सुपरिटेंडेंट अरुण पासवान, जेलर चंदन कुमार, असिस्टेंट जेलर श्रीकांत एवं लीगल डिफेंस काउंसिल के डिप्टी कृष्णा कुमार पाठक पैनल अधिवक्ता रविकांत उपस्थित थे।

# मगध विश्वविद्यालय में भूगोल और भौतिकी के नवनियुक्त प्राध्यापकों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

## कुलपति ने शिक्षकों से शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति समर्पण का किया आह्वान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में भूगोल और भौतिकी विषय के नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुलपति प्रोफेसर एसपी शाही ने सभी नवचयनित शिक्षकों को स्वयं नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, नवाचार और अकादमिक दायित्वों के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। अपने संबोधन में कुलपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की असली पहचान उसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता होती है। ऐसे में नवनियुक्त शिक्षक इस मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने शिक्षकों से विषयगत दक्षता विकसित करने, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहने और शोध व नवाचार को शिक्षा प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की। समारोह के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि जिन अभ्यर्थियों को शिक्षण-अनुभव अथवा दिव्यांगता कोटि के अंतर्गत वेटेज प्राप्त हुआ है, वे प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा सत्यापित शपथ-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन के कई पदाधिकारी, संकाय सदस्य और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

# गया नगर निगम में भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने नगर विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** गया नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर भाजपा गया जिला का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार सरकार के नगर विकास विभाग के मंत्री जिवेश मिश्रा से गया प्रवास के दौरान मिला और एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने निगम में चल रही मनमानी, वित्तीय गड़बड़ियों और अधिकारियों की मिलीभगत के कई गंभीर आरोप लगाए। ज्ञापन में बताया गया कि सफाई मद में हर साल 100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा रहे हैं, बावजूद इसके शहर में सफाई की स्थिति दयनीय बनी हुई है। इसमें सरकारी सफाई कर्मियों पर 13 करोड़, अनुबंध कर्मियों पर 31 करोड़, दो निजी एजेंसियों को 25 करोड़, पेंशन पर 13 करोड़, डंपिंग यार्ड पर 14 करोड़, डीजल पर 7 करोड़ और मरम्मत पर 1 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। भाजपा नेताओं का आरोप है कि बिना मशीन के दो निजी एजेंसियों से सफाई कार्य करवाने का करार महज कमीशनखोरी के उद्देश्य से किया गया है। भाजपा प्रतिनिधियों ने मांग की कि डंपिंग यार्ड संचालन के पांच वर्षीय अनुबंध, शवदाहगृहों के निर्माण, ब्रह्म सरोवर के लाइट एंड साउंड प्रोजेक्ट और खाद निर्माण मशीनों की खरीद में हुए करोड़ों के भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराई जाए। इसके अलावा, निगम की आय मात्र 40 से 45 करोड़ रुपये होने के बावजूद 100 करोड़ से अधिक की सालाना सफाई लागत को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी बताया कि ई-टेंडर संख्या 14/2024-25 में तय शर्तों को बदलकर मनचाहे ठेकेदार को लाभ पहुंचाया गया, जो पूरी तरह नियमों का उल्लंघन है। बंद पड़े विष्णुपद शवदाहगृह, डंपिंग यार्ड के पास पशु शवदाहगृह, और नए बन रहे विद्युत शवदाहगृह में हुई अनियमितताओं की जांच की भी मांग की गई। इसके अलावा ब्रह्म सरोवर व रुक्मिणी सरोवर के पास रखी गई खाद निर्माण मशीनों की उपयोगिता पर भी सवाल उठाए गए। भाजपा नेताओं ने कहा कि इन मशीनों की खरीद सिर्फ कमीशनखोरी के लिए की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि निगम द्वारा नई सड़कों के उद्घाटन में विधायकों के नाम शामिल नहीं किए जा रहे, जो सरकार के निदेशों का उल्लंघन है। केपी रोड पर बनाए गए डिवाइडर को हटाने की भी मांग की गई जिससे आपातकालीन वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। ज्ञापन में शहर में टेंपो और ई-रिक्शा के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था करने, प्रमुख सड़कों पर आम लोगों के लिए पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने और सैरात की बंदोबस्ती में अनियमितताओं की भी जांच की मांग की गई है।

भाजपा नेताओं का आरोप है कि नए होर्डिंग लगाने के लिए नगर निगम ने पथ निर्माण विभाग और भवन निर्माण विभाग से कोई स्वीकृति नहीं ली जिससे राजस्व को भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में उन्होंने इस निविदा को रद्द करने की मांग की। नगर विकास मंत्री ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चस्तरीय जांच कमिटी गठित करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला उपाध्यक्ष व पशु कल्याण बोर्ड प्रतिनिधि विकास कुमार, जिला महामंत्री अशोक कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, महानगर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, मध्य मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार सोनू, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. करूणा कुमारी सहित कई नेता शामिल थे।

# छह छात्रों का आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल में कैंपस प्लेसमेंट, 3 लाख सालाना पैकेज मिलेगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के अंतर्गत संचालित कॉमर्स एंड बिजनेस स्टडीज विभाग के द्वारा एम.कॉम के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की अनुशंसा पर आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने फ्रंटलाइन सेल्स एग्जीक्यूटिव पद में भर्ती के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया।जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में डॉ. रचना विश्वकर्मा (सहायक प्राध्यापक) एवं मिस रेनू राय (सहायक प्राध्यापक) ने इस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल समन्वय किया। उन्होंने बताया कि आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के पांच सदस्यों की टीम में राजीव कुमार, रीमा रॉय, रवि कुमार, शशि कुमार एवं यशी कुमारी शामिल थे। प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 20 छात्र-छात्राएं शामिल हुए और आईसीआईसीआई की टीम द्वारा साक्षात्कार के आधार पर छात्रों के मूल्यांकन किया गया। अंतिम रूप से छः (06) छात्रों क्रमशः निशु कुमारी, अंकिता, आकांक्षा, लावन्या, संगम और राजेश को फ्रंटलाइन सेल्स एग्जीक्यूटिव पद के लिए चयन किया गया।चयनित छात्रों को लगभग 03 (तीन) लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। प्लेसमेंट ड्राइव की औपचारिक शुरूआत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो ब्रजेश कुमार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार, डीन प्रो सुब्रमण्यम शनमुगम, डॉ. राज नारायणन, डॉ. पावस राय एवं डॉ. प्रदीप राम ने भी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# चार वारंटी गिरफ्तार, गए जेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के गेंद बिगहा एवं उतरेंन गांव से पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि ग्राम गेंद बिगहा से सचिन पासवान एवं महेंद्र पासवान तथा उतरेंन गांव से मुकेश प्रसाद एवं राजेश प्रसाद को ए एस आई वीरेंद्र कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच उपरांत जेल भेजा गया है।

# पैक्स प्रबंधक पद पर बहाली के लिए आवेदन आमंत्रित

**गया (नबिटा सं)।** जिले के मोहड़ा प्रखंड के दक्षणी कजूर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष चंद्रमणि सिन्हा ने बताये कि हमारे पैक्स में एक पैक्स प्रबंधक की आवश्यकता है। इस पद पर काम करने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं। इस पद पर चयन सहकारिता विभाग के आदर्श सेवा नियमावली के तहत नियुक्ति होगी जिसकी योग्यता स्तान्तक अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीण तथा किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर में प्रशिक्षित जिसमें टैली की जानकारी अनिवार्य हैं। साथ ही साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से बीबीए अथवा प्रबंधन में डिप्लोमा उत्तीण उम्मीदवारों की प्राथमिकता भी दी जायेगी। इसके लिए आयु सीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।


**झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
**(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)**
**कार्यालयः अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-प्रबन्ध निदेशक,**
**झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि०, 455/A,रोड नं०-5, अशोक नगर, राँची।**
E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com Tollfree. No. – 1800-889-1131

**प्रेस विज्ञप्ति**

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार, राँची अंतर्गत झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची द्वारा दिनांक 15.04.2025 से राँची, धालभूम, हजारीबाग, डालटनगंज, गढ़वा एवं गिरिडीह प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न वनागारों में शवदाह हेतु निःशुल्क जलावन लकड़ी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

इस हेतु जरूरतमंदों को संबंधित माननीय सांसद, माननीय विधायक या मुखिया की अनुशंसा पर शवदाह हेतु निःशुल्क जलावन लकड़ी उपलब्ध कराया जाएगा।

शवदाह हेतु निःशुल्क जलावन लकड़ी के लिए माननीय सांसद, माननीय विधायक या मुखिया का अनुशंसा लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिये वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मचारी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेशक (विपणन), राँची, 8986653797
(2) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 9431402051
(3) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची 9153989366
(4) TOLL FREE NO 18008891131

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची।

PR.NO.350480 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd(25-26):D



**कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा**
**विकास भवन–बी0 पुराना समाहरणालय परिसर, प्रथम तल**

**अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0निविदा संख्या MDM/GARHWA/01/2024-25
1.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता – जिला शिक्षा अधीक्षक,गढ़वा।
2.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल न0 –9931862957
3.वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय –16.04.2025
4.वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि –30.04.2025
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –02.05.2025, 11:30 बजे पूर्वाहन

| क्र0 | योजना का नाम | अनुमण्डल | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF 3 Nos. KITCHEN SHED AT MS DAUNADAG (RANKA), UPG +2 HS BAIRIYA & UPG +2 HS UDAYPUR (RAMKANDA) UNDER RANKA SUB DIVISION, DIST-GARHWA | Ranka | 1117745.00 | 22600.00 | 2500.00 | 4 Month |
| 2. | Cons. of 5 Nos. Kichen Room in M.S Sohbariya (Meral) Upg +2 HS Lawahikala (Dandai) Upg HS Soh (Garhwa) Upg P.S Kurkuta (Kandi) Upg +2 HS Bardiha (Bardiha) UNDER Garhwa SUB DIVISION, DIST-GARHWA | Garhwa | 1862908.00 | 37300.00 | 5000.00 | 6 Month |
| 3. | Cons. of 5 Nos. Kichen Room in M.S Bajarmarwa (Kharaundhi) M.S Amrora (Kharaundhi) M.S Bishunpur, (Nagar Untari) M.S Kushdand (Nagar Untari) M.S Bishunpura (Bishunpura) UNDER Nagar Untari SUB DIVISION, DIST-GARHWA | Nagar untari | 1862908.00 | 37300.00 | 5000.00 | 6 Month |

नोट :–
- केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
- निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जिला शिक्षा अधीक्षक का खाता संख्या –166010400008891, IFSC-IBKL001660 में केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार होगी। निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खात से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
- प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
- राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अघतन आदेश/परिपत्र लागू होगें।
- विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट – http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

DSE MDM/GARHWA/01/2024-25
जिला शिक्षा अधीक्षक
गढ़वा
PR 350481 (Human Resource Developement)25-26*D


# अभाविप एमयू इकाई के द्वारा मनायी गयी अंबेडकर जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बोधगया(गया)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मगध विश्वविद्यालय इकाई के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर जिला संयोजक अमन शेखर ने कहा भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाया। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री, कानूनविद और राजनेता थे। वहीं सुमित मौर्य ने कहा कि उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ा बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, जनसंख्या नियंत्रण, यूनिफॉर्म सिविल कोड, मौलिक दायित्व की भी बात की। साथ ही प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हर्ष कुमार ने कहा कि समाज में व्याप्त छूआछूत, जातिवाद, दलितों, महिलाओं और मजदूरों से भेदभाव जैसी कुरीति के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले बाबा साहेब को भारतीय संविधान का आधार स्तंभ माना जाता है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य स्मृति कुमारी, नगर मंत्री अमित कुमार सिन्हा, सौरभ स्वराज, अभिषेक आर्या, निखिल राज, सौरभ सिंह, पीयूष रंजन, शशिकांत शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# पटना-गया रेलखंड पर दौड़ी 'लाल गाड़ी' 1015 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री पकड़े गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** दानापुर मंडल द्वारा विशेष टिकट जांच अभियान के अंतर्गत 'विशेष लाल गाड़ी' से टिकट चेकिंग दस्ता द्वारा चलाए गए टिकट जांच अभियान के अंतर्गत बिना टिकट/उचित प्राधिकार के यात्रा करते हुए 1015 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माने के रूप में दो लाख पचासी हजार की राशि वसूल की गयी। टिकट जांच अभियान के तहत पटना-गया रेलखंड पर आने एवं जाने वाली 13 ट्रेनों की गहन जांच की गयी जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ-साथ पैसेंजर ट्रेनों में भी टिकट जांच की गयी तथा बिना टिकट/अनियमित यात्रा करते हुए पकड़े गये जिनसे नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। विभिन्न स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु जागरूक भी किया गया ताकि अन्य रेल यात्रियों को असुविधा न हो। पूर्व मध्य रेल द्वारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सहयोगात्मक शोध प्रतिष्ठित भौतिकी पत्रिका फिजिकल रिव्यू लेटर्स में प्रकाशित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** न्यूट्रिनो, जिन्हें उनकी सूक्ष्मता और लगभग अदृश्य गुणों के कारण भूतिया कण कहा जाता है, फोटॉन के बाद ब्रह्मांड में सबसे आम कण हैं। हालांकि वे इतने कमजोर रूप से परस्पर क्रिया करते हैं कि उन्हें पहचानना कई वर्षों से वैज्ञानिकों के लिए एक चुनौती रहा है। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. वेंकटेश सिंह के नेतृत्व में एक शोध दल के द्वारा न्यूट्रिनो पर किए गए शोध को प्रतिष्ठित फिजिकल रिव्यू लेटर्स ने प्रकाशित किया है। पीएनएएस, नेचर फिजिक्स, सेल, जेएसीएस जैसी पत्रिकाओं के समकक्ष जर्नल फिजिकल रिव्यू लेटर्स में प्रकाशित इस अध्ययन का फोकस न्यूट्रिनो-न्यूक्लियस कोहेरेंट स्कैटरिंग है और इसने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अन्वेषण में भारत की भूमिका को चिन्हित किया है। इस उपलब्धि पर सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा ने शोध टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि प्रो. वेंकटेश सिंह के नेतृत्व में संचालित शोध दल में डॉ. लखविंदर सिंह (सहायक प्रोफेसर, सीयूएसबी) के साथ भारत, ताइवान, तुर्की और चीन के वैज्ञानिक शामिल थे।टीम में प्रो. मोहम्मद डेनिज (तुर्की), प्रो. एच. टी. वोंग (टेक्सोनो लेक्चरर, ताइवान), डॉ. विवेक शर्मा (एचएनबी गढ़वाल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड), डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. ली हाउ बिन, डॉ. मुकेश कुमार पांडे आदि (भौतिकी संस्थान, एकेडेमिया सिनिका, ताइवान) और डॉ. मनोज कुमार सिंह (जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा, उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। प्रो. वेंकटेश सिंह के नेतृत्व में भारतीय वैज्ञानिकों ने ताइवान, चीन और तुर्की के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर ताइवान के कुओ-शेंग रिएक्टर न्यूट्रिनो प्रयोगशाला (केएसएनएल) में यह शोध किया, जहां पी-टाइप पॉइंट-कॉन्टेक्ट जर्मेनियम डिटेक्टर का इस्तेमाल किया गया। डिटेक्टर की खास बात यह है कि इसे ठंडा करने के लिए इलेक्ट्रोकूल विधि का इस्तेमाल किया गया जिससे लिक्विड नाइट्रोजन के इस्तेमाल की जरूरत खत्म हो गई यह शोध न केवल डार्क मैटर की खोज में क्रांतिकारी साबित हो सकता है, बल्कि सुपरनोवा न्यूट्रिनो के अध्ययन, परमाणु रिएक्टरों की निगरानी और संभावित ऊर्जा स्रोतों के दोहन में भी क्रांतिकारी साबित हो सकता है। प्रो. वेंकटेश सिंह बताते हैं कि जब न्यूट्रिनो और डार्क मैटर किसी नाभिक से टकराते हैं तो उत्पन्न होने वाले संकेत लगभग एक जैसे होते हैं। यही कारण है कि न्यूट्रिनो-न्यूक्लियस कोहेरेंट स्कैटरिंग (सीईवीएनएस) को डार्क मैटर का नकल कहा जाता है। अगर हम इस प्रक्रिया को बेहतर तरीके से समझ लें, तो हम डार्क मैटर और बैकग्राउंड सिग्नल में स्पष्ट रूप से अंतर कर सकते हैं। प्रो. वेंकटेश सिंह और डॉ. लखविंदर सिंह ने कहा कि अगर डार्क मैटर नहीं होता, तो हमारी आकाशगंगा का अस्तित्व ही नहीं होता, ऐसे में न्यूट्रिनो-न्यूक्लियस कोहेरेंट स्कैटरिंग (सीईवीएनएस)की गहरी समझ हमें डार्क मैटर की पहचान करने में मदद करेगी। इस शोध को ब्रह्मांड के रहस्यों को सुलझाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है और आने वाले समय में इसके उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त होंगे।

संपादकीय


# मुर्शिदाबाद : ममता के गले की फांस

केन्द्र सरकार के नए वक्फ कानून के विरोध ने पश्चिम बंगाल में जिस तरह हिंसक मोड़ ले लिया है, वह राज्य की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए गले की हड्डी बनती जा रही है। राज्य में सर्वाधिक हिंसा मुर्शिदाबाद में हो रही है, जो केन्द्रीय बलों की तैनाती के बाद भी कम नहीं हो रही है। ऐसा लगता है कि वहां दंगाई बेखौफ हैं और कई बस्तियों से अल्पसंख्यक हिंदू पलायन करने पर मजबूर हैं। शनिवार को तीन लोगों की मौत इस वक्फ विरोधी दंगे में हुई। इनमें से दो हिंदू पिता पुत्र को घर से खींचकर मारा गया। क्योंकि ये दोनों देवी देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। इसके अलावा वक्फ कानून विरोधी राज्य की पुलिस पर भी जमकर हमले कर रहे हैं और उन्हें रोकने में पुलिस असहाय नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी अपना मुस्लिम वोट बैंक बचाने के लिए किसी भी हद तक जा रहीं हैं, उसके बाद भी वक्फ विरोधी मुसलमान हिंसा नहीं रोक रहे हैं। मानों राज्य में कानून व्यवस्था कुछ रह ही नहीं गई है। ममता अभी भी केवल मुस्लिम नेताओं से मिल रही हैं, दंगों में मारे जा रहे हिंदुओं से कोई शायद कोई सहानुभूति नहीं है। ममता खुले आम कह चुकी हैं कि वक्फ कानून केन्द्र सरकार का बनाया हुआ है और यह पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होगा (यह संवैधानिक रूप से संभव नहीं है)। उनकी पार्टी संसद में भी वक्फ संशोधन अधिनियम को मुसलमानों के खिलाफ बताते हुए इसके खिलाफ वोट कर चुकी है। बावजूद इसके पश्चिम बंगाल में ही वक्फ कानून को लेकर इतनी हिंसा क्यों हो रही है, इसके पीछे किसका हाथ है? क्या राज्य सरकार ही प्रायोजित कर रही है या फिर कोई दूसरी ताकतें हैं, जिन पर ममता सरकार हाथ डालने से बच रही है? यूं वक्फ कानून के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। लोकतंत्र में शांतिपूर्वक विरोध का अधि कार सभी को है, लेकिन पश्चिम बंगाल में जिस तरह हिंसा हो रही है, यह असाधारण है। यह समझना भी मुश्किल है कि केन्द्र सरकार के विरोध का नजला वहां के हिंदुओं पर क्यों निकाला जा रहा है? इस कानून का हिंदुओं से कितना सम्बंध है? उधर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को घर से निकाल निकाल कर मारा जा रहा है। राज्य को बांग्लादेश बनाने की कोशिश की जा रही है। जो हालात हैं, उसे देखकर तो लगता है कि ममता बैनर्जी धर्म निरपेक्षता की आड़ में अपने मुस्लिम प्रेम के जाल में खुद ही फंस गई हैं। वो मुसलमानों को नाराज नहीं कर सकतीं। यही कारण है कि राज्य की पुलिस खुद पिट रही है, लेकिन दंगाई मुसलमानों को काबू करने की उसकी हिम्मत नहीं हो रही। दूसरी तरफ हिंदू ममता से दूर होते जा रहे हैं। इसके अलावा 15 साल की एंटी इनकमबेंसी उनके खिलाफ है ही। ऐसे में भाजपा चीख-चीख कर रही है कि पश्चिम बंगाल में हिंदू सुरक्षित नहीं है। अगर हालात नहीं सुधरे तो पश्चिम बंगाल में आगामी चुनाव तक वही होगा, जो करने में भाजपा अब तक नाकाम रही है। वहां हिंदू और मुसलमानों में सीधा विभाजन होता जा रहा है। भाजपा और संघ भीतर ही भीतर उसे हवा दे रहे हैं। यही हाल रहा तो ममता आखिर में अकेली पड़ जाएगी। उनके खिलाफ राज्य में बढ़ती नाराजी के चलते विस चुनाव में कांग्रेस भी उनसे गठबंधन करने में हिचकिचाएगी। वामपंथी तो कभी ममता के साथ आ ही नहीं सकते। नई स्थितियों में हिंदू वोट भाजपा की तरफ आ सकता है, क्योंकि उनका ममता दी से मोहभंग होता दिख रहा है।

# टैरिफ के बाद भी मजबूत रहेगा शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था

**दुनिया के देशों में अभी भी महँगाई का स्तर चिंता का सबब है, लेकिन भारत में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर फ़रवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो जनवरी महीने में 4.31 प्रतिशत के स्तर पर थी. अभी महंगाई पिछले 6 महीनों में सबसे कम है। यह दिसंबर महीने में 5.22 प्रतिशत के स्तर पर रही थी, जबकि जनवरी 2024 में यह 5.1 प्रतिशत के स्तर पर थी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सूचकांक सेंसेक्स में कुल 30 कंपनियाँ सूचीबद्ध हैं और एनएसई या निफ्टी में 50 कंपनियाँ सूचीबद्ध हैं। शेयर बाजार में देसी, विदेशी संस्थागत निवेशक, व्यक्तिगत विदेशी निवेशक आदि सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। दोनों ही सूचकांक बेहद ही संवेदनशील हैं।**

सतीश सिंह



अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत समेत अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले अन्य देशों पर 5 अप्रैल से 10% की बेसलाइन टैरिफ आरोपित करने से प्रभावित देशों के शेयर बाज़ारों में 7 अप्रैल को भारी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का असर तुलनात्मक दृष्टिकोण से कम रहा और सेंसेक्स और निफ्टी में महज़ 4% के आसपास की गिरावट दर्ज की गई, जबकि सबसे अधिक 15.24% की गिरावट हाँगकाँग के शेयर बाजार में, 10.74% की गिरावट ताइवान के शेयर बाजार में और 8.49% की गिरावट जापान के शेयर बाजार में दर्ज की गई। वहीं, अमेरिका के शेयर बाजार में में 5.75% की गिरावट दर्ज की गई।

अमेरिका ने यूरोपीय देशों के मुक़ाबले एशियाई देशों पर ज्यादा टैरिफ आरोपित किया है। यह चीन पर 104%, कम्बोडिया पर 49%, वियतनाम पर 46%, बांग्लादेश पर 37%, थाईलैंड पर 36%, ताइवान व इंडोनेशिया पर 32%, पाकिस्तान पर 29%, भारत पर 26% और यूरोपीयन संघ पर 20% है। इसलिए, एशियाई देशों पर के शेयर बाजारों में ज्यादा गिरावट देखी गई है। वैसे, गिरावट के कई घरेलू कारण भी हैं। उदाहरण के तौर पर भारत में विगत 6 महीनों से सेंसेक्स में गिरावट का दौर जारी है। निफ्टी में भी 1996 के बाद यानी 29 सालों के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने से भारत से निर्यात किए जाने वाले हीरे पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, क्योंकि भारत हीरा के उत्पादों के उत्पादन का 1 तिहाई से अधिक निर्यात अमेरिका को करता है।

इन झंझावातों के बावजूद, एक विदेशी एजेंसी के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.3 से 6.8 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है, वहीं, 9 अप्रैल को मौद्रिक समीक्षा के परिणामों की घोषणा करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.7% से घटाकर 6.5% और महंगाई के अनुमान को 4.2% से घटाकर 4त्न कर दिया है। ये अनुमान दर्शाते हैं कि अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ लगाने से भारतीय अर्थव्यवस्था पर न्यून प्रभाव पड़ेगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने पहले अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 6.4% रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले 3 वित्त वर्षों से कम है। गत वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर 8.2% रही थी। जीडीपी में कमी आने के अनुमान के बावजूद, हमारी अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर से बहुत बेहतर है. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार 2024 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रही और 2025 में 3.3 प्रतिशत रह सकती है, वहीं, आईएमएफ के मुताबिक वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भी भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है और आगामी सालों में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

दुनिया के देशों में अभी भी महँगाई का स्तर चिंता का सबब है, लेकिन भारत में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आने के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर फ़रवरी 2025 में घटकर 3.61 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो जनवरी महीने में 4.31 प्रतिशत के स्तर पर थी. अभी महंगाई पिछले 6 महीनों में सबसे कम है। यह दिसंबर महीने में 5.22 प्रतिशत के स्तर पर रही थी, जबकि जनवरी 2024 में यह 5.1 प्रतिशत के स्तर पर थी।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सूचकांक सेंसेक्स में कुल 30 कंपनियाँ सूचीबद्ध हैं और एनएसई या निफ्टी में 50 कंपनियाँ सूचीबद्ध हैं। शेयर बाजार में देसी, विदेशी संस्थागत निवेशक, व्यक्तिगत विदेशी निवेशक आदि सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। दोनों ही सूचकांक बेहद ही संवेदनशील हैं। जब सूचीबद्ध कंपनियों में से किसी खास कंपनी के शेयर की लगातार बिकवाली की जाती है तो उक्त कंपनी पर से निवेशकों का भरोसा कम हो जाता है और उस कंपनी के शेयरों की कीमत कम हो जाती है, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। शेयरों की कीमत में उतार-चढ़ाव आने के कई कारण होते हैं। जैसे, कंपनी का ख़राब वित्तीय प्रदर्शन या फिर कंपनी का किसी विवाद में पड़ना, राजनीतिक अस्थिरता, सरकार की नीतियाँ, डॉलर के मुक़ाबले रुपए का कमजोर होना, वैश्विक अनिश्चितता, कारोबारी युद्ध, भू-राजनैतिक संकट, फेडरल रिजर्व का रुख आदि। इनके अलावा, शेयरों का अधिक मूल्यांकन और मनोवैज्ञानिक कारण भी शेयर बाजार के क्रैश के कारण होते हैं। बहरहाल, अमेरिका द्वारा टैरिफ आरोपित करने से भारत को छोड़कर अधिकांश देशों में मंदी की आशंका उत्पन्न हो गई है, क्योंकि टैरिफ की वजह से प्रभावित देशों के आयात में कमी आयेगी, विदेशी मुद्रा की आवक कम होगी, बेरोजगारी में वृद्धि होगी आदि। चूँकि, दुनिया के अनेक देशों की अर्थव्यवस्था पहले से खस्ताहाल है, इसलिए, वहाँ विकास की गति और भी धीमी पड़ सकती है और मंदी को अपना पैर पसारने का मौका मिल सकता है।

भारत कई उत्पादों जैसे, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी सेवाओं, स्टील आदि का निर्यात अमेरिका को करता है। अस्तु, टैरिफ लगने से अमेरिकी बाजार में इन वस्तुओं की लागत बढ़ेगी, जिससे वहाँ इनकी मांग में कमी आयेगी और भारतीय निर्यातकों को नुकसान होगा। साथ ही, इससे भारत में रोजगार में कमी, व्यापार घाटे में बढ़ोतरी, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी, कंपनियों के राजस्व में कमी, आर्थिक गतिविधियों में कमी, विकास की रफ्तार में कमी आदि आ सकती है। निर्यात के स्तर में गिरावट आने से रुपया भी कमजोर हो सकता है, आयात महंगा हो सकता है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है।

वैसे, ऐसी स्थिति के लंबे समय तक बने रहने पर भारत नुकसान की भरपाई के लिए, यूरोपीय संघ, आसियान और मध्य पूर्व जैसे वैकल्पिक बाज़ारों की तलाश कर सकता है। कोरोना काल में भी भारत मास्क और वैक्सीन के मामले में बहुत जल्द आत्मनिर्भर बन गया था। साथ ही, जवाबी कार्रवाई में, अमेरिका से आयात किए जाने वाले कृषि उत्पादों, मोटर साइकिल, चिकित्सा उपकरणों आदि पर टैरिफ लगा सकता है, जिससे नुकसान की कुछ हद तक की भरपाई हो सकती है।

बजट में सरकार का ज़ोर विकास की गति देने का रहा है, जीडीपी वृद्धि दर में जरूर कुछ कमी आई है, लेकिन रेपो दर में कटौती करने और महंगाई में विगत 6 महीनों से कमी आने से इसमें तेजी आने के आसार हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनी हुई है और टैरिफ इसे कमजोर नहीं कर सकती है। इसलिए, भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली की गुंजाइश कम है और निवेशकों को निवेश पर आकर्षक प्रतिफल मिलने की संभावना बरकरार है। इसलिए, निवेशकों को घबराने की कतई जरुरत नहीं है, उन्हें बस बेवजह बिकवाली से परहेज करने ने की जरूरत है।

अध्यात्म

## अहंकार के कारण जीवन से ही गया



बहुत समय पहले की बात है, एक गाँव में एक मूर्तिकार रहता था। वह ऐसी मूर्तियाँ बनाता था, जिन्हें देख कर हर किसी को मूर्तियों के जीवित होने का भ्रम हो जाता था। आस-पास के सभी गाँव में उसकी प्रसिद्धि थी, लोग उसकी मूर्तिकला के कायल थे। इसीलिए उस मूर्तिकार को अपनी कला पर बड़ा घमंड था।

जीवन के सफ़र में एक समय एसा भी आया जब उसे लगने लगा की अब उसकी मृत्यु होने वाली है, वह ज्यादा समय तक जीवित नहीं रह पाएगा। उसे जब लगा की जल्दी ही उसकी मृत्यु होने वाली है तो वह परेशानी में पड़ गया। यमदूतों को भ्रमित करने के लिए उसने एक योजना बनाई। उसने हुबहू अपने जैसी दस मूर्तियाँ बनाई और खुद उन मूर्तियों के बीच जा कर बैठ गया।

यमदूत जब उसे लेने आए तो एक जैसी ग्यारह आकृतियों को देखकर दंग रह गए। वे पहचान नहीं कर पा रहे थे की उन मूर्तियों में से असली मनुष्य कौन है। वे सोचने लगे अब क्या किया जाए। अगर मूर्तिकार के प्राण नहीं ले सके तो सृष्टि का नियम टूट जाएगा और सत्य परखने के लिए मूर्तियों को तोड़ा गया तो कला का अपमान हो जाएगा। अचानक एक यमदूत को मानव स्वाभाव के सबसे बड़े दुर्गुण अहंकार को परखने का विचार आया।

उसने मूर्तियों को देखते हुए कहा- कितनी सुन्दर मूर्तियाँ बने है। लेकिन मूर्तियों में एक त्रुटी है। काश मूर्ति बनाने वाला मेरे सामने होता, तो में उसे बताता मूर्ति बनाने में क्या गलती हुई है।

यह सुनकर मूर्तिकार का अहंकार जाग उठा, उसने सोचा- मेने अपना पूरा जीवन मूर्तियाँ बनाने में समर्पित कर दिया भला मेरी मूर्तियों में क्या गलती हो सकती है।

वह बोल उठा- कैसी त्रुटी

झट से यमदूत ने उसे पकड़ लिया और कहा- बस यही गलती कर गए तुम अपने अहंकार में, कि बेजान मूर्तियाँ बोला नहीं करती।

# लालच इंसान को कर देता है आत्मिक शांति से दूर

**लालच व्यक्ति को हमेशा बेचैन रखता है, वह उसे अपने ही बनाए जाल में फंसा देता है। इसी संदर्भ में कबीर ने कहा है- 'साईं इतना दीजिए, जामे कुटुंब समाय, मैं भी भूखा न रहूं, साधु न भूखा जाए।' इस दोहे में संत कबीर ने यह संदेश दिया है कि जीवन में उतना ही पाना चाहिए, जितना हमें और हमारे समाज को उचित रूप से जीवित रख सके। अगर हर व्यक्ति इस सोच को अपनाए, तो समाज में ईमानदारी, प्रेम और करुणा का संचार होगा। लालच से मुक्त होकर जीने में ही असली आनंद है। जीवन में धन कमाना आवश्यक है, पर नैतिक मूल्यों के साथ। संतोष और सद्गुणों से परिपूर्ण जीवन ही सच्ची संपत्ति है, और वही हमें आंतरिक शांति प्रदान कर सकता है।**

सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

लालच बुरी बला है- यह वाक्य हम सभी ने सुना है, पर क्या हमने कभी इस पर गंभीरता से विचार किया है? लालच केवल एक मानसिक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसा अंधकारमय दलदल है, जिसमें हम जितना उतरते हैं, उतना ही गहराई में धंसते जाते हैं। यह एक ऐसी आग है, जो जलाने वाले को ही राख कर देती है। लालच की कोई सीमा नहीं होती। यह इंसान को हमेशा और अधिक पाने की चाह में उलझाए रखता है। यह एक ऐसा मायाजाल है, जो व्यक्ति को सुख और संतोष से दूर कर देता है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि जो संतोषी है, वही अमीर है; जो लालची है, वह सदा दरिद्र है। इस कथन में जीवन का गूढ़ सत्य छिपा है। जो व्यक्ति अपने पास उपलब्ध साधनों में संतोष करता है, वही वास्तव में सुखी होता है, जबकि जो लालच के जाल में फंस जाता है, वह कभी भी वास्तविक आनंद प्राप्त नहीं कर पाता।

लालच की प्रवृत्ति मनुष्य को कभी संतुष्ट नहीं होने देती। यह उस प्यास की तरह है, जो नदियों में मिलकर भी नहीं बुझती। एक व्यक्ति सोचता है कि काश मेरे पास दस हजार रुपए होते! इसके बाद अगर किन्हीं हालात में उसे दस हजार मिल जाते हैं तब वह सोचता है कि अब एक लाख चाहिए! इसके बाद भी उसकी इच्छा नहीं थमती। फिर गाड़ी, बंगला, शान-ओ-शौकत की भूख उसे सताने लगती है। यह भूख अमीर और सबसे अमीर व्यक्ति में भी समान रूप से पाई जाती है। यह अंतहीन दौड़ है, जिसमें इंसान भागता रहता है, पर मंजिल कभी नहीं मिलती। लालच इंसान को आत्मिक शांति से दूर कर देता है और उसे भौतिक सुखों की अंधी दौड़ में धकेल देता है। इसलिए जीवन में संतोष को अपनाना ही सच्चा धन है, क्योंकि असली संपत्ति धन नहीं, बल्कि मन की तृप्ति है।

लालच एक ऐसा रोग है, जो यह कभी नहीं कहता कि बस, अब और नहीं चाहिए! बल्कि हर सफलता के बाद यह एक नई चाहत को जन्म देता है। चाणक्य का कहना है अगर आप एक लालची व्यक्ति को नियंत्रित नहीं कर सकते, तो समझ लीजिए कि आप खुद अपने विनाश की राह पर हैं। इतिहास साक्षी है कि लालच के कारण महल भी धराशायी हुए और साम्राज्य भी नष्ट हुए। दुर्योधन की अनियंत्रित इच्छाओं ने महाभारत जैसे महायुद्ध को जन्म दिया और रावण का लालच न केवल उसे, बल्कि संपूर्ण लंका को विनाश के गर्त में धकेल गया। यही प्रवृत्ति है, जो एक इच्छा को पूरी करने के बाद दूसरी, फिर तीसरी और अंतहीन इच्छाओं की शृंखला को जन्म देती है।

भगवान बुद्ध कहते हैं, 'मनुष्य के लिए सबसे बड़ा शत्रु उसका लोभ और मोह है।' लालच व्यक्ति को विवेकहीन बना देता है, जिससे वह नैतिकता, ईमानदारी और करुणा को ताक पर रखकर केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति में लग जाता है। वह यह नहीं देखता कि उसके लालच का असर समाज पर क्या पड़ेगा। रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार,



अनैतिक व्यापार, अपराध- ये सभी लालच की ही शाखाएं हैं। लालची व्यक्ति क्षणिक सुखों के पीछे भागते-भागते आत्मिक शांति और संतोष से वंचित हो जाता है। जो व्यक्ति लालच को नियंत्रित नहीं करता, आखिरकार लालच ही उसे नियंत्रित कर लेता है। यह एक ऐसी सुरंग है, जो निरंतर बढ़ती जाती है और अंत में व्यक्ति को निगल जाती है। इसलिए सच्चा सुख तृप्ति में है, न कि अंतहीन इच्छाओं के पीछे भागने में।

एक समय था जब लोग अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए मेहनत करते थे, पर आज की दुनिया में चाहतें जरूरतों से बड़ी हो गई हैं। मनुष्य अब आवश्यकताओं को पूरा करने के बजाय अनावश्यक इच्छाओं के पीछे भागने लगा है। पैसा कमाना बुरा नहीं, लेकिन अगर वह इंसानियत और नैतिकता को ताक पर रखकर अर्जित किया जाए, तो वही धन अभिशाप बन जाता है। यह सत्य है कि धन आवश्यक है, पर जब वह जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है, तब विनाश का कारण बनता है। लालच जितना खाता है, उतना ही बढ़ता जाता है।

यही कारण है कि आज रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और अनैतिक व्यापार समाज में अपनी जड़ें गहरी कर चुके हैं। जो लोग लालच के पीछे भागते हैं, वे अंततः अपने ही मूल्यों को तिलांजलि दे देते हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि असली सुख बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष में है। स्वामी विवेकानंद का कहना है, 'जो मिला उसमें संतोष करो, क्योंकि इच्छाएं समुद्र की लहरों की तरह हैं, जो कभी नहीं रुकतीं।' यह कथन हमें यह सिखाता है कि इच्छाओं की कोई सीमा नहीं होती, और जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं पर काबू नहीं पा सकता, वह कभी भी वास्तविक सुख नहीं पा सकता।

यह संसार अनमोल है, पर हम उसे तुच्छ इच्छाओं के बोझ से बोझिल कर देते हैं। हमें यह समझना होगा कि संतोष ही सबसे बड़ी पूंजी है। एक गरीब किसान, जो दिनभर मेहनत करता है और रात को चैन की नींद सोता है, वह वास्तव में किसी अमीर व्यक्ति से अधिक सुखी होता है, जो अपार धन-संपत्ति होते हुए भी रातों को चैन से सो नहीं पाता। हालांकि इससे गरीब व्यक्ति के अभाव की दुनिया और तकलीफों को सही नहीं ठहराया जा सकता।

मगर लालच व्यक्ति को हमेशा बेचैन रखता है, वह उसे अपने ही बनाए जाल में फंसा देता है। इसी संदर्भ में कबीर ने कहा है- 'साईं इतना दीजिए, जामे कुटुंब समाय, मैं भी भूखा न रहूं, साधु न भूखा जाए।' इस दोहे में संत कबीर ने यह संदेश दिया है कि जीवन में उतना ही पाना चाहिए, जितना हमें और हमारे समाज को उचित रूप से जीवित रख सके। अगर हर व्यक्ति इस सोच को अपनाए, तो समाज में ईमानदारी, प्रेम और करुणा का संचार होगा। लालच से मुक्त होकर जीने में ही असली आनंद है। जीवन में धन कमाना आवश्यक है, पर नैतिक मूल्यों के साथ। संतोष और सद्गुणों से परिपूर्ण जीवन ही सच्ची संपत्ति है, और वही हमें आंतरिक शांति प्रदान कर सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे, तो इसके लिए आप अच्छा धन लगाएंगे।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को विदेश लेकर जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे।

**मिथुन**

आपने नौकरी के लिए अप्लाई किया था, तो उसके लिए ऑफर आ सकता है। आज आप काम अधिक रहने के कारण शारीरिक थकान महसूस करेंगे।

**कर्क**

अपने कामों के प्रति सावधान रहना होगा। आर्थिक मामलों में आपको कोई बड़ा जोखिम लेने से बचना होगा। आपको कोई काम जल्दबाजी में नहीं करना है।

**सिंह**

आपका कोई महत्वपूर्ण काम यदि लंबे समय से लटका हुआ था, तो वह पूरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको धैर्य व साहस से काम लेने की आवश्यकता है।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में यदि कुछ समस्याएं चल रही थी, तो वह दूर होगी।

**तुला**

व्यवसाय में कुछ नए अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक रिश्तों में एकता बनी रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**

आर्थिक मामलों को लेकर परेशान रहेंगे। आप अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखें। जीवनसाथी से संबंधों में यदि कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी।

**धनु**

कर्ज आसानी से उतार सकेंगे। आपका डूबा हुआ धन आपको मिलने की संभावना है। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी समय निकालेंगे।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आप अपने शांत स्वभाव से अपनी समस्याओं को भी आसानी से सुलझाने की कोशिश में लगे रहेंगे।

**कुंभ**

आपको अपने दिनचर्या में योग व व्यायाम पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने व्यवसाय के किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन**

दिन आपके लिए कामकाज के मामले में थोड़ा कमजोर रहने वाला है। आपको चिंताएं भी अधिक रहेंगी, क्योंकि आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं।

# 25 हजार का इनामी अपराधकर्मी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## एसटीएफ पटना एवं डीआईयू समस्तीपुर की संयुक्त कार्रवाई में हुआ गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** मंगलवार को पुलिस ने बडी कामयाबी हासिल की है, जिसमें जिला पुलिस का सिरदर्द, जिले के टॉप 10 में शामिल 25 हजार रुपये का इनामी कुख्यात अपराधकर्मी अंकित कुमार उर्फ आरडीएक्स, पिता स्व गणेश सिंह साकिन आधारपुर, थाना कर्पूरीग्राम, जिला समस्तीपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को डीएसपी टू विजय महतो ने प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि एसटीएफ पटना एवं डीआईयू समस्तीपुर की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि अंकित कुमार उर्फ आरडीएक्स का पुराना आपराधिक इतिहास है। जिसमें जिले के सरायरंजन, वैनी, मुसरीघरारी, कर्पूरी ग्राम, वारिसनगर, मथुरापुर सहित विभिन्न थानो में अलग-अलग कई मामलों में वांछित था। उन्होंने बताया कि अंकित की गिरफ्तारी पुलिस केलिए चुनौती थी। जिसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित था। छापेमारी दल में पु0नि0 शिव पूजन कुमार प्रभारी, डीआईयू शाखा समस्तीपुर, पु0अ0नि0 अमित कुमार, डीआईयू शाखा समस्तीपुर, पु0अ0नि धनंजय कुमार, डीआईयू शाखा समस्तीपुर, सिपाही 805 संतोष कुमार, डीआईयू शाखा समस्तीपुर, सिपाही कुंदन चैधरी डीआईयू शाखा समस्तीपुर को शामिल किया गया था। डीएसपी 2 श्री महतो ने दल में शामिल सभी पुलिस कर्मियों को शाबाशी और सफलता पर बधाई दी है। मौके पर पर मथुरापुर थाना प्रभारी मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

### एक धराया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के बिशनपुर स्थित मनोकामना मंदिर के पास मंगलवार की शाम अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। परिजनों ने मर्डर का आरोप सैतालीस छप्पन गैंग पर लगाया गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने विष्णुपुर रोड पर शव को रखकर जाम कर दिया। देर शाम शव को पोस्टमार्टम के लिए लेने पहुंची। पुलिस से स्थानीय लोगों में झड़प हो गयी। जिसके बाद एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के वार्ड- 43 बचनू लाल टोला निवासी सत्यनारायण महतो के 25 वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार के रूप में हुई है। हत्या का आरोप सैंतालीस छप्पन गैंग के स्थानीय बदमाशों पर लगा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मौके पर सदर डीएसपी सुबोध कुमार समेत आसपास के कई थाना की पुलिस पहुंच चुकी है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गांव के ही कुछ युवक आपराधिक गिरोह से जुड़े हैं। प्रवीण के पिता दूसरे प्रदेश में रहते हैं, वहां काम करते हैं। अकेला होने के कारण बदमाश अक्सर उसके साथ मारपीट किया करते थे। आज की सुबह उसे काम करने बुला कर ले गए और शाम में एक बदमाश ने मौत होने की जानकारी देते हुए शव को घर पहुंचा देने की बात कही। आक्रोशत लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया और पुलिस ने उसे भीड़ से बचा कर गिरफ्तार कर लिया। घटना के संबंध में सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि शुक्कन टोला निवासी युवक की पीट-पीटकर हत्या की गयी है। मृतक के माता-पिता दोनों दिल्ली में रहते है। एक आरोपित करण कुमार को गिरफ्तार किया गया है, पूछताछ की जा रही है। स्वजनों की निशानदेही और बयान के आधार पर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपित गांव के ही बताए जाते हैं। हत्या का मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

## डीआरएम ने सलौना स्टेशन का लिया जायजा

### सुविधाओं का लिा जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** पूर्व मध्य रेलवे के सलौना स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के नये भवन सहित चल रहे अन्य निर्माण कार्यों का जायजा मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने लिया। रेलवे के विशेष सैलून से विभागीय पदाधिकारियों के साथ पहुंचे डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या एक का निर्माण अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। यात्रियों को ट्रेनों में चढने-उतरने की सुविधा के दृष्टिकोण से उन्होंने बन रहे प्लेटफार्म की उंचाई तथा चौड़ाई की भी जानकारी ली। वहीं नये स्टेशन भवन में सीसी टीवी कैमरा लगाने की भी बात कही। उन्होंने स्टेशन पर लगने वाली स्वचालित सीढ़ी के संबंध में भी विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। बोले, सलौना रेलखंड का महत्वपूर्ण स्टेशन है। अमृत भारत स्टेशन में शुमार होने से इस क्षेत्र की रेल कनेक्टविटी बढ़ी है। उन्होंने हाल के दिनों में सलौना स्टेशन पर रेल की बोगियों पर पथराव की घटना पर चिंता प्रकट की। मौके पर मौजूद जिला भाजपा प्रवक्ता व पूर्व पार्षद सिधेश आर्य ने कहा कि करोड़ों की लागत से बने स्टेशन भवन सहित यात्रियों की सुरक्षा के लिए सलौना स्टेशन पर आर पी एफ पोस्ट की स्थापना आवश्यक है। उन्होंने स्टेशन आने जाने वाली सभी एप्रोच सड़कों को जर्जर हो जाने का मसला उठाते हुए अविलंब उपरोक्त सभी सड़कों का पुनर्निर्माण किये जाने की मांग की। जबकि सहरसा से नई दिल्ली तक जाने वाली प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सलौना स्टेशन पर देते हुए इसका परिचालन भाया खगड़िया-हसनपुर-समस्तीपुर का प्रस्ताव मंडल स्तर से रेल विभाग को भेजे जाने की मांग की। सड़क निर्माण के संबंध में डीआरएम ने विभाग के अभियंताओं के साथ नक्शा देखते हुए बताया कि एप्रोच सड़क का निर्माण सलौना अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल है। यात्रियों की सुविधा के लिए शीघ्र ही इसका निर्माण किया जायेगा। वहीं रेल यात्री संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने द्रुतगामी ट्रेनों का ठहराव, स्टेशन परिसर में हाइमास्ट लाइट सहित अन्य यात्री सुविधाओं की मांग की। मौके पर सीनियर डीसीएम अनन्या स्मृति सहित विभाग के अन्य अधिकारी, भाजपा नेता अंकित सिंह, गौतम सिंह राठौड़ आदि मौजूद थे। मालूम हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 अप्रैल को बिहार आगमन पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत बने सलौना स्टेशन के नये भवन का लोकार्पण की संभावना को लेकर डीआरएम का उपरोक्त निरीक्षण कार्यक्रम की बात सामने आ रही है।

## शिक्षक-अभिभावक के बीच हुई हाथापाई

### डीएम ने किया जांच टीम का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जवाहर नवोदय विद्यालय विष्णुपुर में शिक्षक और अभिभावक के बीच हुई हाथापाई मामले में जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा संज्ञान लेते हुये जांच टीम का गठन किया गया है। मामले की जांच हेतु जिला पदाधिकारी ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी को अध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी बेगूसराय सदर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बेगूसराय सदर को सदस्य बनाया गया है। बताते चले कि 13 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे ऑन ड्यूटी सदनाध्यक्ष नीलगिरी जूनियर के कैंपस आवास में उन्हीं के सदन के एक छात्र मास्टर सुधाकर कुमार के साथ उनकी माता एवं ज्येष्ठ एक पक्ष एवं सदनाध्यक्ष के बीच छुट्टी देने की बात पर मारपीट की घटना हुई। जिसमें दोनों पक्ष को के लोग घायल हो गये। जिसकी सूचना विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य द्वारा जिला पदाधिकारी को दी गई। जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यालय आवासीय परिसर में इस प्रकार की घटना पर चिंता जाहिर करते हुए गठित टीम को एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा गया है ताकि संबंधित पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा सके।

## अमरपुर में रोगी हितधारक मंच का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** स्वास्थ्य केंद्र बरौनी के द्वारा एचडब्लूसी अमरपुर में मुखिया सच्चिदानंद की अध्यक्षता में रोगी हित धारक मंच का गठन किया गया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि खुशी की बात है कि बरौनी प्रखंड के एचडब्लूसी अमरपुर में जीविका आईसीडीएस फाइलेरिया रोगी, आशा, विकास मित्र, सामाजिक लोगो के द्वारा रोगी हित धारक मंच का गठन किया गया है। इसमें स्वास्थ्य कर्मी एवं जनप्रतिनिधि एकजुट होकर समाज के जनहित के लिए साथ काम करेंगे। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिल रहे लाभ की जानकारी देंगे ताकि जन समुदाय अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी खेमचंद गोयल के द्वारा फाइलेरिया कालाजार मलेरिया चमकी, और टीवी जैसी बीमारी से रोगों के बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई। एचडब्लूसी पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि टीबी एक गंभीर रोग हे इसमें समय बीतने के साथ शरीर का क्षय होने लगता हे। लोग काफी कमजोर हो जाते हे इसलिए समय पर इसकी जांच कराए और दवा के सेवन करें। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी खेमचंद गोयल, मुखिया सच्चिदानंद, आशुतोष कुमार एएनएम बबिता एवं संगीता, आशा फेसिलेटर पिंकी कुमारी, विकास मित्र सुष्मिता कुमारी टीचर अरुण कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक कंचन कुमारी, आंगनवाड़ी सेविका, फाइलेरिया मरीज उपस्थित थे।

## लापरवाही : प्रखण्ड मुख्यालय के सामने खाली भूखण्ड पर अवैध बस पड़ाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** पहले विवादित भूमि होने का भ्रम फैला कर दबे पांव अतिक्रमण कर खाली पड़ी भूमि का उपयोग करने का बड़ा खेल पूसा प्रखंड मुख्यालय व डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में लंबे समय से चल रहा है। हालांकि जिले में ऐसे कई जगह हैं, लेकिन आज हम बात कर रहे हैं जिले के पूसा प्रखंड मुख्यालय के ठीक सामने स्थित विशाल खाली भूखण्ड की। जहां एक हेलीपैड भी बना हुआ है। डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में आयोजित किसी कार्यक्रम को लेकर मंत्री, राज्यपाल, राष्ट्रपति आदि का आगमन होता है तब हेलीपैड का उपयोग जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है। बाकी दिनों में यहां अघोषित निजी बस एवं टेंपो स्टैंड के रूप में इसका उपयोग होते देखा जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह खाली भूखण्ड बस पड़ाव कब बना यह किसी को नहीं पता। सूत्रों की माने तो कुछ बुद्धिजीवी और विश्वविद्यालयकर्मी की इसमें मिलीभगत है। पूर्व में इसी भू खण्ड के पश्चिमी किनारे पर चल रहे छोटे-छोटे दुकानदारों, व व्यवसायियों को अतिक्रमणकारी बताते हुए निवर्तमान कुलपति ने जगह को खाली करा कर दक्षिण-पश्चिम किनारे स्थित एक व्यावसायिक परिसर में स्थानांतरित कर दिया था। इससे विश्वविद्यालय को अच्छी खासी कमाई हो रही है। फिर इसी भूखण्ड के एक हिस्से में चल रहे बस स्टैंड को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की खामोशी कई सवाल खड़े करता है। इस बाबत पूछे जाने पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारी जवाब देने से बचते हैं एवं एक दूसरे पदाधिकारी से पूछने की बात करते हैं। वहीं अंचलाधिकारी पूसा पल्लवी ने भी मामले के प्रति अनभिज्ञता जताते हुए जानकारी ले कर बताने की बात कही। इधर मामले की जानकारी मिलने पर भाकपा माले पूसा प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कुलपति अविलंब अतिक्रमण कारियों और माफिया तंत्र को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें नहीं तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा।



## कांग्रेस का हर घर झंडा अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नगर निगम क्षेत्र के अधीन वार्ड 40 और 42 में पूर्व विधायक अमिता भूषण दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोगों के घर पर झंडा लगाती नजर आयी। मोटे तौर पर कांग्रेस जन शीर्ष नेतृत्व के इस अभियान को उत्सव के रूप में लेते हुए जोशोखरोश के साथ इस कार्यक्रम को अंजाम दे रहे हैं। श्रीमती भूषण ने कहा कि इस अभियान से हमें जड़ों से जुड़कर पार्टी को मजबूत करने और इस धारा से लोगों को जोड़ने का अवसर मिला है। अभियान के माध्यम से एक तरफ हम युवा पीढ़ी को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने में सफल हो रहे हैं तो कई ऐसे बुजुर्ग और समर्पित कांग्रेस जनों से मिलने का भी सौभाग्य मिल पा रहा है जो किसी न किसी वजह से आज हमसे दूर नजर आते हैं। हम इस अभियान को कांग्रेस के अभिमान के रूप में ले रहे हैं और हर घर झंडा फहराने को प्रतिबद्ध हैं। मौके पर प्रत्युश कुमार, रणजीत कुमार, अभय कुमार, भरत सिंह, मनीष कुमार अमित कुमार बबी, विवेक कुमार, कुणाल सिंह,राज कमल शर्मा, कुशो शर्मा, नंदलाल शर्मा, भोला शर्मा, त्रिपुरारी पंडित, राजन जी, साहेब पंडित,सावर कुमार, मनीष कुमार, रामदेश शर्मा, रितेश कुमार, शिवशंकर, शर्मा, कुमार रत्नेश टुल्लू, प्रभांशु कुमार बिटटू, शिवम कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महादलित टोले में जाकर योजनाओं की दी जाएगी जानकरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** मुख्य पार्षद नगर परिषद बीहट बबीता देवी ने बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 5 एवं 6 हाजीपुर में जन संवाद जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। वहीं इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य पार्षद बबीता देवी ने बताया कि बीस सूत्री अध्यक्ष बरौनी शंभू कुमार सिंह, समाजसेवी सुबोध कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अजय कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हरिनंदन कुमार, चन्दन कुमार, विकास मित्र प्रवीण कुमार के साथ अनूसूचित जाति के महादलित टोलों में जाकर जागरुकता अभियान चलाकर केंद्र एवं बिहार सरकार के नगर एवं आवास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित सभी योजनाओं के संदर्भ में जानकारी दी गई। उनके बीच की मुख्य समस्याओं को संकलित कर निष्पादित किए जाने का निर्देश दिया गया है। ताकि किसी भी सुविधाओं से कोई वंचित नहीं रह जाए। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से भी मिलकर उनके समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा सभी योजनाओं का लाभ पात्र सभी लाभार्थियों को दिलाया जाएगा।

## बाबा साहेब समानता और ज्ञान के थे प्रतीक : डीआरएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** समानता, न्याय और बंधुत्व के विचारों से करोड़ों नागरिकों को स्वर और शक्ति देने वाले, प्रबुद्ध समाज सुधारक, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज में समानता, न्याय एवं समरसता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। आजीवन समानता के लिए संघर्ष करने वाले बाबा साहेब समानता और ज्ञान के प्रतीक माने जाते हैं। इसीलिए बाबा साहब की जयंती दिवस को विश्व में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब को किसी जाति, धर्म, क्षेत्र, संप्रदाय आदि में बांधकर नही रखा जा सकता है। क्योंकि उन्होंने न केवल शोषित, वंचित व उपेक्षित दबे-कुचले वर्ग को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए आवाज उठाई। तदनुसार मार्ग प्रशस्त किया और महिला उत्थान एवं सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी अनेक कार्य किए। जिससे हमारी आर्थिक व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक क्षेत्र में काफी सुधार हुआ। इस अवसर पर सबसे पहले मरेप्र श्री श्रीवास्तव नें बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके समता, सशक्तिकरण व प्रगति के आदर्शों का स्मरण किया। इस दौरान मंडल के शाखाधिकारियों व अन्य अधिकारियों सहित, यूनियन तथा एससीएसटी एशोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया।

## कृषि आधारित उद्योग व व्यवसाय से लिखी जा सकती है समस्तीपुर के विकास की नई इबारत : डॉ मनोज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** चुनावी बिगुल फुंके जाने में अभी समय है। मगर चुनावी चहल पहल जिले में दिखने लगी है। छोटे बडे नेता व नये नये चेहरे अगामी चुनाव में अपनी जोर आजमाईश की उम्मीद को हवा देते और सीट निकालने का दावा करते दिखने लगे हैं। इसी बीच जिले में अपने सौम्य व्यक्तित्व, मृदुल व्यवहार और समाजसेवी मानसिकता के कारण प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मनोज कुमार सिंह 133 समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र से इस बार एनडीए की ओर से जोर आजमाईश कर सकते हैं। एक निजी बातचीत के दौरान डॉ सिंह ने उक्त आशय की अपनी इच्छा जताई। संवाददाता से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि समस्तीपुर की धरती उनकी जन्म भूमि है। अपने स्तर से यहां के लोगो की सेवा तो करता ही रहता हूं। यदि अवसर मिला तो अपने सेवा का दायरा बढाने में मुझे खुशी होगी। अपनी जन्म धरती केलिए कुछ बेहतर से ज्यादा करने की ख्वाहिश तो है ही। बताते चलें कि रामचन्द्र सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री रामचन्द्र हॉस्पीटल के मुख्य चिकित्सक सह निदेशक डॉ मनोज कुमार सिंह चिकित्सा जगत में एक चिर परिचित नाम है। विगत कई वर्षों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व चिकित्सा शिविर लगा कर दूर-दराज के ग्रामीण ईलाकों में गरीब गुरबों तक मुफ्त चिकित्सा सेवा पहुंचाने केलिए जाने जाते हैं। इनके इस कार्य केलिए राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा कई बार उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। चुनाव बाद अपनी योजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि समस्तीपुर कृषि प्रधान जिला है। यहां कृषि आधारित उद्योग एवं व्यवसाय को समुचित आकार दे कर विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है।

## एक नजर

### नाबालिक लड़की बरामद

**बछवाड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस ने दिसंबर महीने में गायब हुए नाबालिक लड़की को बेंगलुरुसे बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिसंबर माह में चमथा दो पंचायत के चमथा बरखुट गांव से एक नाबालिक लड़की को गायब करने का मामला सामने आया था। जिसको लेकर उक्त लड़की के पिता ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उसी मामले में पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान कर बेंगलुरुसे नाबालिक लड़की को बरामद कर नामजद अभियुक्त चमथा छोटखूट निवासी संजीव सिंह के पुत्र अमन कुमार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ उपरांत न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेजा गया है।

### मुखिया ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**चांदपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चांदपूरा पंचायत स्थित राजकीयकृत 2 विद्यालय में पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार साह ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार से शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा विद्यालय की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुखिया श्री साह ने कहा कि पंचायत का मुख्य उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि उनका शैक्षणिक विकास सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान मुखिया ने निजी कोचिंग संस्थानों के संचालकों से आग्रह किया कि वे विद्यालय अवधि के बाद ही कोचिंग संचालित करें। ताकि विद्यालय की नियमित कक्षाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय के बाद कोचिंग कक्षाओं की व्यवस्था की जाए, जिससे शैक्षणिक रूप से कमजोर छात्रों को अतिरिक्त सहयोग मिल सके। इस अवसर पर उपप्रमुख आनंद राज भी उपस्थित रहे।

### तीन बच्चे की मां प्रेमी संग फरार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के एक गांव से 4 से तीन बच्चे की माँ प्रेमी के साथ फरार हो गई है। इसकी मां ने अपनी पुत्री का गलत नीयत से अपहरण करने की शिकायत पर छौड़ाही थाने के बखड्डा के गौतम यादव पर अपहरण कर लेने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उसकी पुत्री अपने दो पुत्र तथा एक पुत्री के साथ 20 मार्च को अपने ससुराल से अपने घर आई थी। उसी दिन तीनों बच्चे को छोड़ कर किसी काम से नावकोठी बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। शाम 7 बजे तक घर नहीं लौटी। उसके नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू किया गया। सगे संबंधियों के यहाँ खोज करने पर कुछ पता नहीं चला। खोज बीन के क्रम में पता चला कि छौड़ाही थाने के गौतम यादव ने गलत नीयत से बहला फुसला कर उसका अपहरण कर लिया है। उसने अपनी पुत्री की बरामद्गी की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मामला दर्ज करते हुए खोजबीन शुरूकर दिया है।

### युवक लापता

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के डफरपुर पंचायत के अब्बूपुर से 28 वर्षीय युवक रविवार से ही गुम है। लापता युवक दिलिप कुमार सिंह का 28 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार है। उसने बताया कि रविवार को वह 11 बजे पूर्वाह्न में बिना कुछ बताये घर से निकल गया। शाम तक वापस नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार को एक अनजाने मोबाइल संख्या से फोन आया कि वह सहरसा में है, घर लौटने के लिए गाड़ी में बैठ गया है। उसके घर वापसी की उम्मीद जगी, पर शाम तक वह घर नहीं आया। उसके पास मोबाइल भी नहीं है और न ही रुपए पैसे भी। उसके गुम हो जाने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वह मानसिक विक्षिप्त भी है।

### आंगनवाड़ी केंद्र का डीपीओ ने किया निरीक्षण

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र में कुपोषण, अति कुपोषित बच्चे, गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, किशोरी बालिकाओं को बेहतर परामर्श, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रसव, शादी की सही समय आदि को लेकर संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों का जिला प्रोग्राम पदाधिकारी राजीव कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। वीरपुर पूर्वी पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 37, पश्चिम पंचायत के 45 और 95 के साथ साथ पर्रा पंचायत के विभिन्न केन्द्रों 'में संचालित हो रहे कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित संधारित पंजीयों का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिससे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी सेविकाओं के बीच हड़कंप मच गया। मौके पर अश्वनी कौशिक मौजुद थे।

### बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को 33 के वी मथुरापुर लाईन को रख रखाव के कार्य हेतु सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मथुरापुर 33 केवी से प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। जिसके कारण वारिसनगर प्रखंड एवं खानपुर प्रखंड के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल द्वारा जारी इस सूचना के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए अनुरोध किया है की समय से पानी का भंडारण एवं विधुत से सम्बंधित आवश्यक कार्य को निपटा लें।

### किशोरी तीन माह बाद पहुंची थाना

**समस्तीपुर /वारिसनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के वारिसनगर ब्लॉक के अंतर्गत मथुरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय लड़की तीन माह बाद थाना पहुंची। बताते चलें कि करीब तीन माह पूर्व लड़की की मां ने थाना में अपने लड़की के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमे उन्होने बताया कि मेरी बेटी 26 दिसंबर को घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी जो घर वापस नही लौटी। काफी खोजबीन की मगर नही मिली। बाद में लड़की ने अपने परिजन को एक मैसेज भेजा कि मुझें मत खोजना मुझें शादी नहीं करनी है इसलिए घर से निकली हूँ। हालांकि थाना के एसआई सुप्रिया आर्या मामले की छानबीन करते हुए जिस मोबाईल नंबर से मैसेज आया उसे ट्रेस करते हुए अपने स्तर से तहकीकात में जुटी थी। इसी बीच बुधवार को उक्त लड़की थाना पहुंची। जिससे गहन पूछताछ की जा रही है।

### दुष्कर्म का वीडियो बनाकर दी धमकी, मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**मोहनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में बाजार जा रही किशोरी से एक युवक द्वारा दुष्कर्म किये जाने एवं उसके साथी द्वारा उसका वीडियो बनाने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की मां ने मोहनपुर थाने में तीन युवकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमे उन्होंने बताया है कि किशोरी 14 अप्रैल की शाम करीब चार बजे डुमरी बाजार जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया। जबरन पास के मकई के खेत में ले गये। वहां एक युवक ने उसके साथ रेप किया। बाकी दो ने पूरे वारदात का वीडियो बनाया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने बताया कि आरोपियों ने जाते-जाते धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। घटना के बाद किशोरी डरी-सहमी हालत में घर पहुंची। परिजनों को जानकारी दी। हलांकि पुलिस ने आवेदन के आलोक में कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** समाहरणालय सभागार, आरा में डीएम तनय सुल्तानिया एवं एसपी मिस्टर राज की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक बुधवार को हुआ। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित प्राथमिकी की चार्ट शीट की जानकारी डीएम को प्रदान की। इस अधिनियम के तहत पिछले 2 महीने में 132 लाभुकों को भुगतान किया गया है। जिले में 113 सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का निर्माण किया गया है एवं 11 नए सामुदायिक भवन के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जिसका निर्माण कार्य जल्द ही प्रारंभ हो जायेगा। डीएम ने निर्देश दिया कि चार्ट शीट से संबंधित सभी मामलों की सूची जिला कल्याण पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जाए तथा जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा इनकी संकलित सूची पत्र सप्ताह प्रस्तुत की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अभियान चलाकर अप्रैल माह के अंत तक चार्ट शीट वाले सभी वादों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), कार्यपालक अभियंता एलएईओ आरा एवं जगदीशपुर, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बीस सूत्री की सामान्य बैठक के लिए बीडीओ को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति का प्रथम सामान्य बैठक बुलाने एवं तिथि सुनिश्चित करने के लिए बीस सूत्री अध्यक्ष ने बीडीओ को पत्र लिखा है। यह जानकारी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह उर्फ शमशेर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यान्वयन समिति का प्रथम सामान्य बैठक बुलाने व तिथि सुनिश्चित करने के लिए बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य को पत्र लिखा गया है। राज्य सरकार द्वारा बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है तब से अब तक बैठक आहुत नहीं हुआ है। कार्यान्वयन समिति में मनोनीत सदस्यों, सरकारी पदाधिकारियों के बीच परिचय के साथ ही विकास कार्य में तीव्र गति लाने के लिए समीक्षा किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से पार्ट वन के छात्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर/भोजपुर।** गीधा थाना क्षेत्र के घोपतपुर गांव के समीप गेहूं काटकर घर आ रहे बीए पार्ट वन के छात्र की अज्ञात वाहन के ठोकर से मौत हो गई। मृतक घोपतपुर निवासी पप्पु कुमार यादव है। इस घटना के बाद परिजनों हाहाकार मच गया। घटना के संबंध में मृतक के बडा भाई अनिल यादव ने बताया कि मेरा भाई पप्पू कुमार यादव गेहूं काटकर घर वापस लौट रहा था। तभी घोपतपुर गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने जबरदस्त ठोकर मारकर फरार हो गया। घटना के बाद सड़क पर




अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों के सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा मेरा भाई खून से लतपथ सड़क के किनारे पड़ा हुआ था। आनन-फानन में स्थानीय डॉक्टर से इलाज कराने के बाद गंभीर रूप से घायल पप्पू यादव को सदर अस्पताल आरा ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने मंगलवार की दोपहर प्रखंड के गंगा घाट पर हिंदू रीति रिवाज से शव का दाह संस्कार किया। मृतक छात्र गीधा थाना क्षेत्र के घोपतपुर गांव निवासी कृष्णा यादव के 24 वर्षीय पुत्र था। जो पांच भाई में चौथे स्थान पर था। तीन भाई की शादी हो चुकी है। इस घटना के बाद माता गीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है।

# मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव-2025 में भोजपुर के दो खिलाड़ी चयनित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा पटना के गांधी मैदान स्थित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में मुख्यमंत्री खेल ज्ञानोत्सव-2025 के डिवीजन स्तरीय फाइनल का भव्य आयोजन किया गया। इस ज्ञानोत्सव में पटना, भोजपुर, नालंदा, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर जिलों से कुल 18 टीमों ने भाग लिया। भोजपुर जिले से कुल चार टीमों के आठ प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिले का गौरव बढ़ाते हुए एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, जगदीशपुर के असगर हुसैन एवं मजहर अली वारसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। अब ये होनहार विद्यार्थी 17 अप्रैल 2025 को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

# बजरंग दल द्वारा दौड़ व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर/भोजपुर।** विश्व हिंदू परिषद के सौजन्य से बजरंग दल कोईलवर द्वारा दौड़ व कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालोपासना दिवस के अवसर पर कुल्हड़िया खेल मैदान में आयोजित सोलह सौ मीटर दौड़ व कबड्डी खेल का शुभारंभ समाजसेवी सह भाजपा नेता अजय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल के जिला सह संयोजक रितिक ओझा ने किया। दौड़ प्रतियोगिता में बिहार के अलावा यूपी से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कुल्हड़िया पंचायत के मुखिया विनय प्रताप सिंह तथा समाजसेवी अजय सिंह ने संयुक्त रूप में किया। दौड़ में प्रथम स्थान गाजीपुर के मिथिलेश कुमार, द्वितीय आश्विन कुमार व तृतीय स्थान पर पवन कुमार रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में कुल्हड़िया की टीम आरा की टीम को एक अंकों से हराकर विजेता बनी। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राम दिनेश यादव, धीरज पाण्डेय, अभय सिंह, यशवंत नारायण, उपेन्द्र तिवारी, मुखिया शालिनी सिंह, प्रिंस बजरंगी उपस्थित रहे।कार्यकम को सफल बनाने में सुमित कुमार, संतोष सिंह, विकाश कुमार, रोशन पांडे, वीर सिंह, विनीत कुमार, मनीष सिंह, संदीप कुमार, राजू ठाकुर, मनोज यादव समेत सैकड़ों बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अज्ञात ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रेल्वे ट्रैक से एक युवक का शव बरामद किया गया हैं। मामला बारूण थाना क्षेत्र के सोन नगर रेलवे स्टेशन के समीप की हैं। मृतक की पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के बरौली निवासी 40 वर्षीय लक्ष्मण पासवान के रूप में की गई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक प्रथम दृष्टिया से यह प्रतीत होता है कि उस व्यक्ति की मृत्यु रेल से कटकर हुई है। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि अज्ञात ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हुई हैं। शव का पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं संदर्भ में अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं। मृतक के परिजनों आवेदन समर्पित किया हैं जिसमें बताया कि लक्ष्मण थोड़ा मानसिक रूप से विकक्षिप्त था । सोन नदी की ओर रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी क्रम अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया।

# बीडीओ ने की बीएलओ के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार दिनकर ने बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में बीएलओ को कहा गया कि प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर विद्युत, पेयजल, शौचालय हाउस टू हाउस मतदाता सूची का सत्यापन करना है। जिसमें अब्सेंट शिफ्ट एवं डेथ को चिन्हित कर प्रपत्र 7 में भरना है। सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी बीएलओ एप के माध्यम से ही मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे साथ ही जिस मतदान केंद्र पर 1190 से अधिक मतदाता हैं, उसे अलग मतदान केंद्र बनाना है। इस कार्य को जल्द से जल्द सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी करेंगे। तथा फार्म 6, 7 व 8 पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर सिकंदर कुमार, मनोज कुमार सहित दर्जनों बीएलओ मौजूद थे।

# फसल क्षति का आकलन कर किसानों को मुआवजा देने की मांग : विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** पिछले 15 दिनों के अंदर दो बार आंधी तेज बारिश व ओलावृष्टि से किसानों के गेहूं के फसलों को काफी क्षति हुई है। अचानक आये इस आपदा से किसान बेहाल हो गए हैं। किसानों की इस समस्या को लेकर जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया ने पत्राचार कर कृषि मंत्री से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। विधायक ने कृषि मंत्री को प्रेषित पत्र में कहा है कि जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में बेमौसम बारिश, आंधी व ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में खड़े गेंहू के फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।कई किसानों की पूरी फसल नष्ट हो गई हैं। जिस कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हो गए हैं। विधायक ने मंत्री से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित कर सभी प्रभावित किसानों के क्षति का आंकलन व मूल्यांकन करा उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर नगर के दुर्गेश्वरी नाट्य पूजा समिति और फ्रेंड्स शारदे क्लब ने संयुक्त रूप से सदर बाजार स्थित महावीर मंदिर में रामनवमी शोभायात्रा के कुशलता के साथ समापन एवं उसे भव्य बनाने के लिए शोभायात्रा के अध्यक्ष गणेश प्रसाद सोनी को राम जानकी मंदिर का स्मृति चिह्न एवं भगवा गमछा देकर सम्मानित किया। दुलौर गली निवासी मोनू कुमार, कृष्णा गुप्ता एवं रवि गुप्ता ने बताया कि इस बार का शोभायात्रा काफी यादगार रहा। शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष ने अपने नेतृत्व में अच्छा काम किया है, इसलिए उन्हें सम्मानित किया गया। रूट में किए गए बदलाव की भी सराहना की गई। इस अवसर पर मोनू कुमार, रवि गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, अमन पटवा, नंदलाल कुमार, सूरज चौधरी, प्रकाश कुमार उर्फ बिल्लू, अभिषेक गुप्ता उर्फ चुलचुल, बलिराम उर्फ नेमू, राजू कुमार, पीयूष कुमार, आशु गुप्ता, सूर्या कुमार, विशाल कुमार, मोहित कुमार, रविरंजन रितिक कुमार, नंदू कुमार, नैतिक कुमार, प्रिंस कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जगदीशपुर नगर में भारतीय जनता पार्टी की संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर नगर के शान्ति कॉम्प्लेक्स में भारतीय जनता पार्टी की एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र साह ने की और संचालन आदित्य कुमार ने किया। इस संगोष्ठी में बंगाल के मुर्शीदाबाद में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और पलायन पर चर्चा की गई। भाजपा नेता आदित्य कुमार ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की सरकार वोट बैंक की राजनीति के कारण यह सब होने दे रही है और उन्होंने बंगाल सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। इसके अलावा, नगर के बौली नहर के पास नहर विभाग की जमीन पर अतिक्रमण की समस्या पर भी चर्चा हुई। भाजपा नेताओं ने कहा कि उन्होंने 18 सितंबर 2024 को नहर विभाग के एसडीओ को ज्ञापन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों के अंदर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे जन आंदोलन शुरू करेंगे। संगोष्ठी में नागेंद्र केशरी, अरुण सिंह, मिथिलेश यादव, विनय मिश्रा, विजय चौबे, अर्जुन प्रसाद, संजय केशरी, रंजित कुमार चंचल, रजत सोनी, अशोक चौधरी, कृपा शंकर पांडे, शिवजी प्रसाद,शमशाद अली खां, राज कुमार पटवा, माधव प्रसाद केशरी, कुमार गौतम, अखिलेश सिंह व अन्य थे।

# सहारा इंडिया के निवेशकों के रुपये सूद सहित वापस करने की मांग पर प्रतिरोध सभा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** सहारा इंडिया संघर्ष मोर्चा और विश्व भारती सेवा संघ के बैनर तले आरा समाहरणालय पर सहारा निवेशकों के पैसा सूद सहित वापस करने को लेकर प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सहारा इंडिया संघर्ष मोर्चा के राज्य सचिव राजु प्रसाद ने किया। वक्ताओं ने कहा कि सहारा समूह के निवेशकों को शीध्र उनका अपना रुपया लौटाये। सहारा समूह द्वारा निवेशकों के उनके पैसे के नुकसान की भरपाई की जाए। सहारा इंडिया के भुगतान का आधार आधार कार्ड की जगह सहारा समूह के खाता को ही आधार बनाये। प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व सहारा भुगतान संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि सहारा इंडिया समूह में जमा करने वाले सभी खाताधारकों का पैसा सूद सहित वापस लौटाने मांग कर रहे थे। भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि सहकारिता मंत्री अमित साह का कहना है कि 12 करोड़ सहारा निवेशक है जबकि एक करोड़ निवेशकों का ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हुआ है। माले नेता ने कहा कि 11करोड़ निवेशकों के पैसे का क्या होगा ? राजु प्रसाद ने कहा कि सहारा समूह का पैसा शीघ्र लौटाई जाय तथा सभी जिला मुख्यालयों में सहारा भुगतान केन्द्र खोलने की मांग की। सहारा इंडिया संघर्ष मोर्चा व विश्व भारती सेवा संघ के पांच सदस्य प्रतिनिधि मंडल जिला कार्यालय में जाकर मांग पत्र सौपा। मौके पर सियाराम राय, रणधिर कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, भाकपा माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, शत्रुधन राय, अजीत कुमार सिन्हा, संजय प्रसाद केशरी, अब्दुल वहाब, अरुण कुमार समेत अन्य मौजूद थे।


**समाहरणालय औरंगाबाद**
(जिला निर्वाचन कार्यालय)
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

Phone No. – 06186-222362
E-mail ID – dyeo_aurangabad@ yahoo.com

विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 से सम्बंधित निविदा, ग्रुप (A)– लेखन सामग्री एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति, (B)– मतदान सम्बंधी प्रपत्र, लिफाफा एवं मुद्रित पंजी की आपूर्ति, (C)– कम्प्यूटर/प्रिंटर/फैक्स आदि इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री का क्रय, (D)– CCTV Camera, Video Camera, Printer, Computer, GPS & TV इत्यादि भाड़ा पर आपूर्ति, (E)– टेंट/शमियाना, उपस्कर, अस्थाई विद्युतीकरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि भाड़ा पर आपूर्ति तथा (F)– चाय नाश्ता, भोजन इत्यादि का आपूर्ति का दर निर्धारण हेतु द्विलिफाफा पद्धति के माध्यम से मुहरबंद लिफाफा में अंतिम तिथि दिनांक– **13.05.2025** को 01.00 बजे अपराह्न तक आवश्यक योग्यता को पूर्ण करने वाले इच्छुक, अनुभवी एवं आर्थिक रूप से सक्षम प्रतिष्ठानों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में मुहरबंद कर एक बड़े लिफाफा में मुहरबन्द करेंगे तथा इस बड़े लिफाफा को जिला निर्वाचन कार्यालय के नाजीर को हाथों–हाथ या निबंधित डाक से जिला निर्वाचन कार्यालय औरंगाबाद को जमा करेंगे। लिफाफा पर "विधान सभा आम निर्वाचन, 2025", निविदा ग्रुप एवं निविदादाता का पूर्ण पता अवश्य अंकित करेंगे। सभी प्राप्त निविदा को दिनांक– **13.05.2025** को 01.30 बजे अपराह्न में जिला क्रय समिति के समक्ष समाहरणालय सभागार में खोला जायेगा। निविदा का विहित प्रपत्र, निविदा प्रकाशन की तिथि पश्चात् निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट (नहीं लौटाने योग्य) जो किसी अनुसूचित बैंक से जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के नाम से निर्गत हो, जमा कर निर्वाचन कार्यालय, औरंगाबाद से कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र की राशि देय होगी। ग्रुप– A से ग्रुप– F तक के कार्य की विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| क्रम संख्या | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (लाख रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन की अनुमानित राशि का 2% (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 |
| 1 | A | लेखन सामग्री एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति | 270.00 | 10,000.00 | 5,40,000.00 |
| 2 | B | मतदान सम्बंधी प्रपत्र, लिफाफा एवं मुद्रित पंजी की आपूर्ति | 40.00 | 10,000.00 | 80,000.00 |
| 3 | C | कम्प्यूटर/प्रिंटर/फैक्स आदि इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री का क्रय | 35.00 | 5,000.00 | 70,000.00 |
| 4 | D | CCTV Camera, Video Camera, Printer, Computer, GPS & TV इत्यादि भाड़ा पर आपूर्ति, | 90.00 | 5,000.00 | 1,80,000.00 |
| 5 | E | टेंट/शमियाना, उपस्कर, अस्थाई विद्युतीकरण, ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि भाड़ा पर आपूर्ति | 300.00 | 10,000.00 | 6,00,000.00 |
| 6 | F | चाय नाश्ता, भोजन इत्यादि का आपूर्ति | 40.00 | 5,000.00 | 80,000.00 |

**निविदा की विस्तृत विवरणी विभागीय वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar एवं औरंगाबाद जिला के वेबसाईट www.aurangabad.bih.nic.in पर भी देखी जा सकती है।**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद।

PR- 001225 ( Election ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, नवीनगर**
Email- nkcd1975@gmail.com
पत्रांक–279
शुद्धि–पत्र (Corrigendum letter)

सर्वसाधारण को सूचीत किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक– **183**, दिनांक– **17.03.2025** द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **02SBD/2024-25** है जिसका PR No- **22017(WRD) 2024-25,** एवं पत्रांक–251, दिनांक–03.04.2025 के द्वारा पहला शुद्धि–पत्र निकाला गया जिसको अपरिहार्य कारणवस संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार हैः–

| क्र० सं० | विवरणी | पूर्व में निधारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की तिथि | दिनांक –**05.04.2025** से दिनांक – **16.04.2025** के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) | दिनांक –**15.04.2025** से दिनांक – **26.04.2025** के **3.00** बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |
| .2. | प्री बिड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक–**09.04.2025** के **3.00** बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद के सभाकक्ष में। | दिनांक–**19.04.2025** के **3.00** बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता कार्यालय, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद के सभाकक्ष में। |
| 3. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक –**19.04.2025**, समय **3.30** बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) | दिनांक –**29.04.2025**, समय **3.30** बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर) |

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वतः यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल,
नवीनगर

PR. No. 001125 (WRD ) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।



बिहार सरकार

**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना (पशुपालन)**
**कार्यालय, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद**
**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**निविदा सूचना संख्या–01/वर्ष 2025–26**

संभावित आपदा (बाढ़–सुखाड) से निपटने हेतु वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 के लिए औरंगाबाद जिलान्तर्गत बाढ़–सुखाड़ प्रभावित सभी प्रखण्डों में पशुओं को चारा की आपूर्ति हेतु इच्छूक फर्म/प्रतिष्ठान एवं आपूर्तिकर्त्ताओं से दर/आपूर्तिकर्त्ता के निर्धारण के लिए सीलबंद निविदा– आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्त्ता अपनी निविदा निबंधित डाक, स्पीड पोस्ट से जिला पशुपालन कार्यालय, औरंगाबाद (पिन कोड–824101) के पते पर भेज सकेंगे, या सीधे उक्त कार्यालय में हाथो–हाथ जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा जिला पदाधिकारी महोदय, औरंगाबाद के कार्यालय में जिला स्तर पर गठित क्रय समिति के समक्ष उसी दिन खोली जाएगी। जिसमें स्वयं निविदा–दाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

प्रथम निविदा

| आमंत्रित निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि | निविदा प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|
| 25.04.2025 (03:00 बजे अपराह्न तक) | 25.04.2025 (04:00 बजे अपराह्न) | जिला पशुपालन कार्यालय, औरंगाबाद पिन कोड–824101 |

**प्रथम निविदा के असफल होने के स्थिति में द्वितीय निविदा आमंत्रण तिथि निम्न सूची अनुसार स्वतः लागू हो जायेगी।**

द्वितीय निविदा

| आमंत्रित निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि | निविदा प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|
| 02.05.2025 (03:00 बजे अपराह्न तक) | 02.05.2025 (04:00 बजे अपराह्न) | जिला पशुपालन कार्यालय, औरंगाबाद पिन कोड–824101 |

**प्रथम एवं द्वितीय निविदा के असफल होने के स्थिति में तृतीय निविदा आमंत्रण तिथि निम्न सूची अनुसार स्वतः लागू हो जायेगी।**

तृतीय निविदा

| आमंत्रित निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि | निविदा प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|
| 10.05.2025 (03:00 बजे अपराह्न तक) | 10.05.2025 (04:00 बजे अपराह्न) | जिला पशुपालन कार्यालय, औरंगाबाद पिन कोड–824101 |

सामाग्रियों का विवरण

| क्र0 | पशु चारा का नाम | गुणवत्ता | विवरणी | पशुचारा की मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | पुआल की कुट्टी | उत्तम किस्म | प्रति क्विंटल | आवश्यकतानुसार |
| 2. | गेंहूँ का भूसा | उत्तम किस्म | प्रति क्विंटल | आवश्यकतानुसार |
| 3. | चोकर | उत्तम किस्म | प्रति क्विंटल | आवश्यकतानुसार |

1. निविदा सूचना को वेबसाईट www.ahd.bih.nic.in/www.aurangabad.bih.nic.in/www.**www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No. 001229 (Animal) 25-26

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है।
इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

# पटना-गया रेलखंड के डुमरी जंक्शन पर चला टिकट जांच अभियान

## जांच अभियान में 1015 बिना टिकट यात्री धराए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** दानापुर मंडल द्वारा बुधवार को पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग स्पेशल ड्राइव के अंतर्गत विशेष लाल गाड़ी से टिकट चेकिंग दस्ता पीजी रेलखंड के पुनपुन डुमरी परसा मे अभियान चलाया, जिसका नेतृत्व वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ एवं वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रकाश पांडा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जिसमें प्रदीप कुमार, सहायक वाणिज्य अधिकारी सहित टिकट चेकिंग स्टाफ, रेल सुरक्षा बल एवं रेलवे सुरक्षा विशेष बल के जवान उपस्थित रहे इस मुख्यतः पटना-गया रेलखंड पर आने एवं जाने वाली 13 ट्रेनों की जांच की गई। जिसमे प्रीमियम एवं मेल एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेनो को भी चेक किया गया तथा बिना यात्रा करते हुए पकड़े गये,जहाँ 1015 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है, जिनसे जुर्माने के रूप में रु. 2,85,000 (दो लाख पचासी हजार) की राशि वसूल की गयी है। रेल जनसंपर्क पदाधिकारी सरस्वती मिश्र ने बताया की यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



## रेलवे फाटक के बीच हाइवा का गुल्ला टूटने से अप व डाउन लाइन का परिचालन बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना-गया रेलखंड के नदवां व तारेगना स्टेशन के बीच सरवां गांव स्थित रेलवे समपार फाटक के बीचोंबीच ट्रैक पर बुधवार की सुबह बालू से लदा एक हाइवा का गुल्ला टूट गया,इस बजह से हाइवा वही खड़ी हो गयी। इस बजह से अप व डाउन लाइन का परिचालन करीब एक घंटे तक प्रभावित रहा। बाद में जेसीबी की मदद से किसी प्रकार हाइवा को वहां से हटाकर परिचालन शुरू कराया जा सका. जानकारी के अनुसार पटना-गया-डोभी एन एच-22 से होकर सरवां समपार फाटक से गुजर बालू लदा हाइवा मसौढ़ी बाजार की ओर जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान पटना से गया जा रही 63247 अप सवारी गाड़ी नदवां से खुल जाने के बाद सरवां के पास समपार फाटक में पदस्थापित गेटमैन के द्वारा समपार फाटक को बंद किया जाने लगा। वही हाइवा का चालक आनन फानन में समपार फाटक बंद होने के पहले अपनी गाड़ी को जबरदस्ती निकाल लेना चाहा इसी दौरान हाइवा का गुल्ला बीचोंबीच ट्रैक पर टूट गया और हाइवा वही की वही खड़ी रह गयी। इधर बीच ट्रैक पर हाइवा के होने की बजह से 53247 अप नदवां व 63246 डाउन तारेगना स्टेशन पर सुबह 10.32 मिनट से 11.40 तक खड़ी रह गयी। इधर बाद में आरपीएफ ने किसी प्रकार जेसीबी की मदद से हाइवा को ट्रैक से हटा सड़क पर कई और फिर ट्रेन का परिचालन सामान्य हो पाया

## किचेन रेमेडी के जरिये आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ग्रामीण महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति हमेशा से ही लापरवाह रही हैं। जानकारी के अभाव में वे कई तरह की बीमारियों का शिकार हो जाती हैं। ऐसे में बुधवार को मसौढ़ी प्रखंड परिसर में मिशन जुगनू के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं को किचेन में काम आने वाले मसालो के ज़रिए महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, जहाँ महिलाओं को जागरूक कर रही डॉ उपासना ने बताया की घरेलू सामान मे जीरा, हल्दी, जमाईन, सरसो, आदी अजवाइन आदी से जोडों का दर्द, महावारी कम आना, समय पर नही आना, या ज्यादा होना, कमर दर्द, आदी के बारे बताया गया।इस मिशन के तहत. महिलाओं को मासिक धर्म, पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, और मातृत्व स्वास्थ्य के प्रति, महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान बताया गया। वहीं सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया कि महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक कर महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दिया गया। महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कार्यक्रम के दौरान मसौढ़ी प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका पर्यवेक्षक आदि शामिल रहे, इसके साथ ही संकल्प लिया गया कि अपने गांव में जाकर पोषक क्षेत्र के सभी ग्रामीण महिलाओं को उन्हें स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देंगे कि कैसे अपने आप को सुरक्षित रख सके।

## स्कूल में पेयजल की किल्लत, बच्चे बोतल में लाते हैं पानी

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** शिक्षा में सुधार को लेकर सरकार भले ही लाख दावे करती हो मगर इन दावों की सच्चाई को आइना दिखा रहा है मसौढ़ी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय हरनाथचक का स्कूल जहां बच्चों को पीने के लिए न पानी की व्यवस्था है और ना सरकारी नल जल सुविधा, चापाकल में कई महीनो से खराब पड़े हैं। नतिजन शौचालय में ताले लटके हुए हैं और पानी नहीं रहने से मध्यान भोजन भी बंद है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में बच्चे अपने घरों से बोतल में पानी भरकर स्कूल लाते हैं। वहीं स्कूल तक पहुंचने के लिए पंगडंडी का सहारा लेना पडता है रास्ता का अभाव है। वहीं छात्र-छात्राओं से बात की गई तो सबों ने कहा कि स्कूलों में चापाकल महीनो से खराब है पानी हम लोग घर से लाते हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने बताया स्कूल में चापाकल खराब पड़ा हुआ है यहां पर बोरिंग करने के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है, आज तक अभी तक पानी की सुविधा नहीं हो पाई है। जिस कारण मध्यान भोजन भी बंद है क्योंकि मध्यान भोजन बनाने के लिए पानी काफी दूरी से लाना पड़ता है। वहीं इस मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर से बात की गई उन्होंने कहा की बोरिंग करवाने की पहल की जा रही है खराब चापाकल पूरी तरह से खराब हो चुका है उसे दुरुस्त करने की बजाय नए सीरे से लगाना होगा आवंटन राशि होते ही नया चापाकल होगी और बोरिंग की भी व्यवस्था की जाएगी।

## धार्मिक अनुष्ठान के तहत भंडारा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** संपतचक नगर परिषद क्षेत्र के अकलटोला इलाहीबाग स्थित श्री देवी स्थान प्रांगण में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान के तहत बुधवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया. इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि फतुहा के माननीय विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. रामानंद यादव पहुंचे. उनके आगमन पर लोगों में खासा उत्साह देखा गया. आयोजन समिति की ओर से विजय यादव ने फूल माला पहनाकर विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. रामानंद यादव ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का कार्य करते हैं. उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत कलश यात्रा से हुई थी, जिसमें महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल बना रहा. बुधवार को आयोजित भंडारे में क्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्रामीण और श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव और समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैलता है।

## मैट्रिक इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण होने छात्रों को मुखिया ने दिया प्रशस्ति पत्र

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार बोर्ड की मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पंचायत राज देवरिया के मुखिया प्रिया कुमारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, इसके अलावा बच्चों को डायरी कलम का उपहार देकर उनके बीच हौसला अफजाई की, इस बीच मुख्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश ने बताया कि पंचायत के मुखिया के द्वारा प्रत्येक साल अपने पंचायत में मैट्रिक और इंटर में अच्छे अंक से पास लाने वाले बच्चों को हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। देवरिया पंचायत के मिरचक, शिवचक समेत विभिन्न स्कूलों के विभिन्न गांव से आए हुए सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, इस बीच सभी गांव से अभिभावक भी शामिल हुए हैं वहीं इस मौके पर इंदल पासवान, दीपक शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश समेत कई गण्यमान्य लोग शामिल रहे।

## आंधी-पानी में बेघर हुए 32 लाभुको ने की मुआवजा की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में आये आफत की आंधी पानी में कई जगहो पर कई तरह के परेशानियों का सामना करना करना पड़ा है, ऐसे में मसौढ़ी के दिनकर नगर गांव में तकरीबन 32 महादलित परिवार के लोगों का आशियाना उजड़ गया है। जिसको लेकर बुधवार को मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय पर आकर अंचलाधिकारी से गुहार लगाकर फिर से अपना घर बसाने की मांग कर रहे हैं। इस बीच मसौढ़ी की विधायक रेखा देवी भी पहुंच कर उन सभी पीड़ित बेघरो के टूटे-फूटे हुए घर और क्षतिग्रस्त हुए सामानों का मुआवजा की बात रखी है। दिनकर नगर में पिडित पूनम देवी, गिरिजा देवी, आशा देवी, जीतन राम, प्यारे दास, गुड़िया कुमारी, रीता देवी आदि बेघर लोगों ने बताया कि तेज आए आंधी पानी में मेरा घर का सब कुछ उजड़ चुका है खाने पीने का सामान भी नहीं है। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने सबों को आश्वासन दिया है की आप सभी थाना मे सन्हा दर्ज करे उसके बाद आपदा के तहत उन्हें सहायता दिया जायेगा।

## दलित-अतिपिछड़े समुदाय की महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के खिलाफ ऐपवा-भाकपा माले ने निकला न्याय मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** कोमल-काजल-स्नेहा-आभा को न्याय दिलाने व दलित-अतिपिछड़े-वंचित समुदाय की महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा के खिलाफ महिला संगठन ऐपवा व भाकपा माले के बैनर तले राजव्यापी कार्यक्रम के तहत शहर के मालगोदाम चैक से स्टेशन चैक तक न्याय मार्च व प्रतिरोध मार्च निकालकर सभा का आयोजन किया गया।

सभा की अध्यक्षता ऐपवा जिला अध्यक्ष वंदना सिंह व संचालन भाकपा-माले जिला स्थाई समिति सदस्य अमित कुमार ने किया। सभा का संबोधित करते हुए भाकपा-माले जिला स्थाई समिति सदस्य ललन कुमार ने कहा कि हाल के समय में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों के खिलाफ यौन हिंसा, हत्या, बलात्कार की घटनाओं की बाढ़-सी आ गई है।




सासाराम की छात्रा स्नेहा कुशवाहा की बनारस में हत्या का मामला ताजा ही था कि होली के दिन खुद लोजपा नेता के परिवार के सामंती मनबढ़ुओं ने 12 वर्षीय कोमल पासवान, को गाड़ी से कुचल दिया। कोमल पर लोजपा नेता के घर की दीवार गंदा कर देने का आरोप था। हाल ही में पूर्णिया में घास काटने गई धानुक जाति की एक किशोरी की बलात्कार के बाद सामंती अपराधियों ने हत्या कर दी। इसी रोज पूर्णिया में एक 8 वर्ष की बच्ची के साथ भी हैवानियत की घटना घटी। इसी 5 अप्रैल 25 को औरंगाबाद के नवीनगर प्रखंड में चंद्रवंशी जाति की 12 और 14 वर्ष की दो सगी बहनों के साथ सामंती मनबढ़ुओं ने हैवानियत की कोशिश की। विरोध करने पर आततार्इयों ने दोनों को बुरी तरह पीटा और बांह व कमर की हड्डी तोड़ दी। बेगुसराय में हाल ही में एसिड अटैक की घटना सामने आई है। ये सब घटनायें किस सुशासन का की ओर इशारा करती है यह जनता देख रही है और समझ भी रही है। ऐपवा जिला अध्यक्ष वंदना सिंह ने कहा कि भाजपा के डबल इंजन के राज में और इनके ही संरक्षण में समाज के दलित-अतिपिछड़े-वंचित समुदाय की महिलाओं के खिलाफ हिंसा की हर रोज कोई न कोई घटना घट रही है। दरअसल भाजपा-जदयू राज में सामंती ताकतों का मनोबल काफी बढ़ गया है। भाजपा पुराना बर्बर सामंती समाज लौटाना चाह रही है। हमें इसका पुरजोर विरोध करना होगा। वहीं माले नेता अमित कुमार ने कोमल-काजल-स्नेहा के न्याय व 25-25 लाख रु. मुआवजा अविलंब देने, बच्चियों की हत्या-बलात्कार की घटनाओं पर रोक लगाने, बलात्कारियों के संरक्षण बंद करने, हत्या-बलात्कार के सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए आंदोलन और तेज करने की चेतावनी दी। मौके पर भाकपा-माले जिला स्थाई कमेटी सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह, भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य अनिल चैधरी, सहित दर्जनों लोग उपस्थित है।

## गोपालपुर थाना के नजदीक चेन स्नेचिंग, पुलिस पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** सम्पत चक मे गोपालपुर थाना से महज़ चंद कदम की दूरी पर, भीड़-भाड़ वाले बाजार में एक महिला से चेन झपट कर बदमाश फरार हो गए. वारदात इतनी नज़दीक हुई कि पुलिस की कार्यशैली पर अब सवाल उठने लगे हैं.जिस जगह यह घटना हुई, वह थाना से सिर्फ पांच सौ मीटर की दूरी पर है. बावजूद इसके, पुलिस घटनास्थल तक देर से पहुंची और अब तक झपटमारों की पहचान तक नहीं कर सकी है. सवाल यह उठता है कि जब थाने के पास भी लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो बाकी इलाकों की हालत क्या होगी( पीड़ित महिला के पति चंदन सिंह ने गोपालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उनकी पत्नी दोपहर तीन बजे बाजार गई थी. वह सामान खरीद रही थी, तभी काली पल्सर मोटर साइकिल पर सवार दो युवक आए और गले से चेन झपट कर भाग निकले. सबसे हैरानी की बात यह रही कि वारदात के वक्त बाजार में अच्छी-खासी भीड़ मौजूद थी, फिर भी अपराधी आराम से फरार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पुलिस की गश्ती भी खानापूर्ति बनकर रह गई है. अब देखना है कि पुलिस इस मामले में क्या ठोस कदम उठाती है या यह घटना भी फाइलों में दब कर रह जाएगी. यहां बाजार में कई दुकानों में चोरी हो चुकी है जबकि थाना भी बाजार में ही स्थित है।

## गेहूं अधिप्राप्ति में तेजी को लेकर बीसीओ ने पैक्स अध्यक्षों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड सहकारिता कार्यालय में बुधवार को बीसीओ राजकमल भारती एवं राकेश कुमार के संयुक्त नेतृत्व में पैक्स अध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गई। बीसीओ ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सीएमआर आपूर्ति, गेहूं अधिप्राप्ति, कॉमन सर्विस सेंटर, कंप्यूटराइजेशन, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना एवं गोदाम निर्माण के अलावे अन्य योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्क चर्चा किया गया। साथ ही बताया कि बैठक में आए पैक्स अध्यक्षों को गेहूं अधिप्राप्ति में तेजी लाने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बीसीओ ने बताया कि पैक्स अध्यक्षों को सीमांत किसानों समेत अन्य बड़े किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदने को निर्देशित किया गया है। बैठक में उपस्थित पैक्स अध्यक्षों ने बताया कि पैक्स के माध्यम से गेहूं अधिप्राप्ति की प्रक्रिया जटिल है। किसानों को अपने ही खर्च पर अपने ही जूट की बोरी में पैक्स गोदाम तक गेहूं पहुंचाना होगा। गेहूं तौल के 48 घंटे के अंदर आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करने की प्रक्रिया है।साथ ही बताया कि अभी खेतों पर ही व्यवसायी 2600 रूपये से 2700 रूपये प्रति क्विंटल गेहूं खरीद कर रहे हैं। खरीदने के साथ ही भुगतान कर दिया जाता है एवं इन्हें ढुलाई भाड़ा के साथ-साथ बोरी के लागत मूल्य की भी बचत हो रही है। इससे किसान पैक्स गोदाम की ओर रूख नहीं कर रहे हैं। वहीं कई क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण गेहूं के बोझे खेत खलिहानों में पड़े हैं। वहीं कई किसानों ने अबतक गेहूं फसल की कटाई तक नहीं की है। वहीं बीसीओ ने बताया कि पैक्स अध्यक्षों को सांकेतिक लक्ष्य दिया गया है एवं समय-समय पर इसकी समीक्षा भी किया जाएगा। इस दौरान नगर पंचायत पैक्स अध्यक्ष रामानंदन प्रसाद, सवैयाटांड़ पैक्स अध्यक्ष रियाजउद्दीन, फरका बुजुर्ग पैक्स अध्यक्ष ध्रुव कुमार त्रिवेदी, मुरहेना पैक्स अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार, रजौली पश्चिमी पैक्स अध्यक्ष अमित कुमार, रजौली पूर्वी पैक्स अध्यक्ष अनिल प्रसाद, अंधरवारी पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार समेत अन्य पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे।

### एक नजर

## डा. जयबोध बने बिक्रम के चिकित्सा पदाधिकारी

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी के रूप डॉ जय बोध कुमार को पदस्थापित किया गया है। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना के निर्देश पर डॉ0 जयबोध कुमार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी-सह- निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित किया गया है। गौरतलब है इनके पूर्व डॉ राजेश कुमार बिक्रम के चिकित्सा पदाधिकारी थे।

## नवोदय विद्यालय में क्लस्टर एथलेटिक मीट का उद्घाटन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में क्लस्टर एथलेटिक मीट का उद्घाटन किया गया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य बी के सिंह ने कहा कि खेलेगा इंडिया, बढ़ेगा इंडिया'' यह संदेश न केवल एथलेटिक प्रतियोगिता की भावना को दर्शाता है, बल्कि नवोदय के विद्यार्थियों में उत्कृष्टता, अनुशासन और आत्मविश्वास के बीज भी बोता है।खेल न केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, नेतृत्व कौशल और टीम भावना का भी स्त्रोत है।वहीं मीडिया प्रभारी मिलिंद महिपाल ने एथलेटिक मीट छात्रों को खेल की भावना से खेलने की अपील की।

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च की ऑरा, अवांसर और जेडी एयर कूलर की नई रेंज

**रांची (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जैसे-जैसे गर्मियों की तपिश बढ़ रही है, ठंडक अब केवल एक सुविधा नहीं बल्कि ज़रूरत बनती जा रही है। इस मौसम में राहत देने के लिए क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एयर कूलर्स की अपनी नई रेंज ऑरा, अवांसर और जेडी सीरीज़ लॉन्च की है। पंखों और घरेलू पंपों के क्षेत्र में नंबर 1 ब्रांड के तौर पर अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए क्रॉम्पटन ने यह नई सीरीज़ उन ग्राहकों के लिए तैयार की है, जो तेज़, टिकाऊ और सुविधाजनक कूलिंग सॉल्यूशंस की तलाश में हैं। हर साल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है, लोगों के लिए गर्मी के लंबे दिनों और उमस भरी रातों में ठंडक और आराम बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। एयर कूलर एक किफायती और तुरंत राहत देने वाला विकल्प जरूर हैं, लेकिन भारत में अब भी जागरूकता की कमी के कारण इनका इस्तेमाल अपेक्षाकृत कम होता है। क्रॉम्पटन इस सोच को बदलना चाहता है। अपनी नई एयर कूलर रेंज ऑरा, अवांसर और जेडी के ज़रिए, जो खासतौर पर तेज़ कूलिंग, आसान पोर्टेबिलिटी और रोजमर्रा की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई है।

## पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे दो युवकों को किया गिरफ्तार




**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन के केवड़ा ओपी अंतर्गत वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान में गुप्त सूचना के आधार पर रात्रि गश्ती के दौरान अपराध की योजना बना रहे दो युवकों को संदिग्ध हालात में पोठही रेलवे स्टेशन के समीप राधा कृष्ण मंदिर के समीप पकडा गया, जहाँ तलाशी के दौरान 01 पिस्टल 02 मैगज़ीन 07 जिंदा कारतूस 02 ऐंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में रौशन कुमार उम्र करीब 22 वर्ष पिता अभय सिंह ग्राम खैरा. दीपु कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता संतोष कुमार ग्राम अवगिला दोनों थाना गौरीचक का है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया की इनका अपराधिक इतिहास भी है। जो गौरीचक थाना के अपराधीक मामले में जेल जा चुका है।

## खेत मे गिरे बिजली तार की चपेट में आने एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मढई पर गांव में बुधवार को एक ब्यक्ति की बिजली करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई है।मृतक की पहचान अखिलेश कुमार उम्र लगभग 46 वर्ष पिता मुद्रिका प्रसाद ग्राम मढ़ईपर है। दरअसल बताया जाता है की खेत मे गिरी बिजली की नंगी तार के चपेट मे आने से घटना घटी है मृतक अपने खेतो खेती कार्य करने जा रहा था,बहरहाल खेतों में पटवन को लेकर कई किसान चाईनीज एवं बिजली की नंगी तार का प्रयोग कर रहे है जो इन दिनो जानलेवा साबित हो रहा है।

## कलयुगिया बेटे और बहू ने बुजुर्ग महिला को मारपीट कर किया जख्मी

**रजौली (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रजौली पूर्वी पंचायत के झिरझो गांव में एक कलयुगिया बेटे और बहू ने बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है।बुजुर्ग महिला थाना पहुंचकर पुलिस पदाधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रही है। पीड़िता झिरझो गांव निवासी स्व. महावीर महतो की पत्नी कलिया देवी ने बताई कि उनके तीन बेटियां और एकमात्र बेटा है। सभी बेटियों का विवाह हो चुका है और वे अपने ससुराल में रह रही हैं। बुजुर्ग महिला अपने बेटे और बहू के साथ गांव में रह रही है।पीड़िता ने बताई कि उसके बेटे और बहू द्वारा आवश्यक दवाई आदि का खर्च भी नहीं दिया जाता है और खाना-पीना देने में भी काफी परेशान किया जाता है। उन्हें घर में शांति के साथ एक सप्ताह भी नहीं रहने दिया जाता है और बहू द्वारा अक्सर मारपीट भी की जाती है। वहीं बेटे से बहू की शिकायत किए जाने पर वो भी मुझे प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने बताई कि मंगलवार की रात्रि को उसके बहू ने मारपीट कर घर से बाहर कर दिया है।वहीं बेटे और बहू को समझाने के लिए वह थाना परिसर आई है और पुलिस पदाधिकारियों से मदद की गुहार लगा रही है। इस बाबत ओडी ड्यूटी में बैठे एएसआई बीरेंद्र पासवान ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग महिला के बेटे और बहू को थाना परिसर बुलाया गया है। वहीं बेटे और बहू के थाना पहुंचने के बाद अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

CMYK

## सांसद ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मिकीनगर सांसद सुनील कुमार ने बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमिताएं उभर कर सामने आई। अस्पताल को मुहैया कराए गए बेड एक कमरे में कबाड़ की तरह फेंके पाए गए तो उक्त कमरे में शराब की बोतलें भी पाई गई। इसपर सांसद भड़क उठे और उन्होंने तुरंत एसडीपीओ को मामले में जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। अस्पताल के चिकित्सकों व कर्मियों से भी सांसद ने शराब की बोतलों के बारे में पूछताछ की। हालांकि चिकित्सक व कर्मियों ने चुप्पी साध ली।उसके बाद सांसद ने अस्पताल की बिल्डिंग व साफ सफाई व बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट को देखकर बीडीओ को भवन दुरुस्त कराने व ऑक्सीजन प्लांट को चालू करने को लेकर निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने दीदी की रसोई समेत मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही इमरजेंसी,दवा वितरण की बावत भी जानकारी ली और अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक को निर्देशित करते हुए कहा कि एक रुम की व्यवस्था कराये ताकि डाइलिसिस की सुविधा बहाल कराई जा सके। साथ ही जल्द से जल्द सभी सुविधाओं को अस्पताल में बहाल करने का निर्देश दिया। सांसद ने बताया कि सरकार द्वारा अस्पतालों ने सुविधाओ को लेकर अनेक कदम उठाए गए हैं। लेकिन नरकटियागंज अस्पताल में दिए गए सुविधाओं को मरीजों तक नही पहुचने दिया जा रहा है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब पीने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाना पुलिस ने अलग-अलग जगह पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में भागर गांव निवासी राज नारायण महतो तथा इसोपुर गांव निवासी अजय कुमार राम और सिना राम शामिल है।गिरफ्तार आरोपियों बुधवार को उन्हें सिवान न्यायालय भेज दिया गया। उक्त जानकारी थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने जानकारी दी।

### शराब व बाइक के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के भागर नई बस्ती सरउत मोड़ के समीप पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए 54 लीटर बंटी बबली देशी शराब के साथ एक कारोबारी को बाईक के साथ गिरफ्तार कर लिया।जबकि एक भागने में सफल रहा।गिरफ्तार कारोबारी कि पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के कटवार गांव निवासी देवेंद्र यादव के रूप में हुई है वहीं फरार कारोबारी कटवार गांव निवासी विकास कुमार यादव उर्फ मनीष है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दो युवक एक बोरा मे रखकर शराब ले जा रहे हैं इसी को आधार बनाकर कार्यवाई कि गई।गिरफ्तार को आगे की कार्यवाई के लिए बुधवार को न्यायालय भेज दिया गया जबकि फरार कि गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### अगलगी पीड़ित परिवारों को दी सहायता राशि

**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिसवन गांव में आग लगने की घटना के बाद सिसवन अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने पीड़ित परिवारों को सहायता राशि प्रदान की। बुधवार को उन्होंने सिसवन गंगपुर निवासी चंदा देवी,बदामी देवी सहित अन्य पीड़ित व्यक्तियों को 12-12 हजार रुपये के चेक वितरित किए। इस अवसर पर सिसवन प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र शाह भी उपस्थित थे। यह जानकारी स्थानीय प्रशासन द्वारा दी गई है।
पंचायत समिति की बैठक संपन्न

### सदन में छाया रहा विकास कार्यों का मुद्दा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक प्रखंड प्रमुख शुक्ता मुखी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक के दौरान सदन में राशन कार्ड मनरेगा स्वास्थ्य सेवा कृषि विभाग की योजनाएं व विकास योजनाओं आदि पर विस्तृत चर्चा किया गया।प्रखंड प्रमुख शुक्ता मुखी ने कहा की सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास के मूल मंत्र पर प्रखंड का विकास किया जाएगा।उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में विकास योजनाओं को स्वीकृत कराकर पूर्ण कराने का सुझाव दिया।सदन में अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का भी मुद्दा छाया रहा।पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन मनरेगा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार पाण्डेय प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य बीपीआरओ सत्य प्रकाश समिति सदस्य पंचायत के मुख्य समेत आवास सुपरवाइजर सुशील कुमार कोनिया अभियंता अमित राज आदि उपस्थित थे।



### भसुरारी में आग लगने से दो घर जले

**झुलसकर दो बकरियो की मौत, दो भैस जख्मी**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के भसुरारी गाव वार्ड संख्या 16 में मंगलवार की रात्रि आग लगने से दो फुसनुमा घर जल गया है। आग की लपटों को देख आसपास में अफरा तफरी मच गई। हो हल्ला पर आसपास के लोग जगे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक रामबालक यादव एवं जोखू यादव के घर मे रखा कपड़ा, वर्तन, अनाज व नगदी समेत सबकुछ जलकर खाक हो गया। इस घटना में आग से झुलसकर दो बकरियो की मौत हो गई है वही दो भैस गंभीर रूप से झुलस गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की रात्रि सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे तभी रात्रि करीब ढाई बजे आग को लेकर हो हल्ला शुरू हुआ। हालांकि आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नही चल पाया है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि संतोष पाल ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना पर पीड़ित परिवार का हाल जाना गया है। घटना की सूचना शिकारपुर पुलिस समेत प्रखंड व अंचल कार्यालय को दे दी गई है। वही मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि पशु चिकित्सक को कई फोन करने के बाद उनका फोन रिसीव नही हो सका है। इधर सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी को जांच के लिए भेजा गया है। जांचोपरांत पीड़ित को सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता दी जाएगी।

### किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सके, इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं

**प्रतीक शर्मा का सहयोग बना समाजिक सरोकार का प्रतीक**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छोटी सी मदद किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सके, इससे बड़ा पुण्य कुछ भी नहीं होता। उक्त बातें समाजसेवी व भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रतीक एडवीन शर्मा ने कही। वे चनपटिया विधानसभा के रतनमाला पंचायत अंतर्गत बनकट वार्ड संख्या 2 में एक शादी समारोह में गये थे। उन्होंने कहा कि सहयोग ही सबसे बड़ा संस्कार है। जब यह विचार व्यवहार में उतरता है, तो समाज में करुणा, सह-अस्तित्व और मानवीय मूल्यों की बयार बहने लगती है। प्रतीक एडवीन के सहयोग से बनकट निवासी धनपत दास के चेहरे पर खुशी के आंसु निकल आये। श्री शर्मा ने उनकी पुत्री के विवाह के अवसर पर 100 किलोग्राम चावल, 25 किलोग्राम आटा, 15 लीटर सरसों तेल,10 किलोग्राम दाल, बर्तन सेट, डिनर सेट, इस्त्री, साड़ी, वस्त्र अन्य सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान किया । यह कार्य न केवल एक परिवार के लिए संबल बना, बल्कि समाज के लिए यह एक संदेश है। संवेदना और सहयोग से ही सच्चा विकास संभव है।

# कांग्रेस भाजपा की दमनात्मक कर्रवाई से डरने वाली नहीं : डॉ एहतेशाम

## हेराल्ड मामले में ईडी द्वारा राहुल एवं सोनिया को चार्जशीट किए जाने पर कांग्रेस ने निकला प्रतिरोध मार्च



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट को लेकर राजनीति तेज हो गई है. ईडी के कार्रवाई के विरोध में सीवान जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव की अनुपस्थिति में बिहार प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर ख्वाजा एहतेशाम अहमद के नेतृत्व में प्रतिरोध मार्च निकाला गया तथा प्रधान डाकघर के मुख्य द्वार पर जोरदार आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.डॉक्टर एहतेशाम अहमद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की दमनात्मक और प्रतिशोधनात्मक कार्रवाई से कांग्रेस डरने वाली नहीं है. कांग्रेस पार्टी ने गोरे अंग्रेजों को जब खदेड़ने में कमी नहीं की तो निश्चित रूप से आज इस देश में जो गरीबों,वंचितों किसानों एवं नौजवानों के सपनों को मसलने वाले काले अंग्रेज हैं. उनको भी एक दिन अपना हिसाब देने के लिए कांग्रेस मजबूर करेगी.भाजपा और नरेंद्र मोदी के तानाशाही रवैया के विरोध में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में ईडी कार्यालय के समक्ष अथवा जिलों में केंद्र सरकार के कार्यो के समक्ष प्रदर्शन कर रही है. डॉ अहमद ने कहा कि ईडी के मुकदमों में कनविक्शन की जो दर है, वह 0.01 से भी कम है. इससे यह बात साबित होती है कि बीजेपी की हुकूमत ने इसको अपने राजनीतिक हथकंडे के तौर पर ही इस्तेमाल किया है. इसका जीता जागता उदाहरण शिवेंदु अधिकारी और हिमानता विश्व शर्मा है. दोनों ही घपले और घोटाले में ईडी के द्वारा पहले चार्जशीटेड किए गए और भाजपा में शामिल होते ही एक व्यक्ति को बंगाल भाजपा का अध्यक्ष बना दिया गया और दूसरे को असम का मुख्यमंत्री पद देकर के पुरस्कृत किया गया.भाजपा ने ईडी को विरोधियों को डराने धमकाने के तौर पर ही इस्तेमाल किया है. परंतु कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी सोनिया गांधी तथा मल्लिका अर्जुन खड़गे इस प्रकार की किसी भी कार्रवाई से डरने वाले नहीं हैं और कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही भाजपा के इस दमनात्मक रवैया के खिलाफ देश की आम अवाम को जागरूक करने का आंदोलन चलेगा. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमलेश कुमार सिंह बच्चू, ध्रुव लाल प्रसाद, लाल बाबू खरवार, मेराज अहमद, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सिराज आलम,शशि भूषण कुमार, विकास तिवारी चंद्र मोहन तिवारी सूर्यभान उपाध्याय, कृष्ण श्रीवास्तव, सैयद यमनी, दिलावर खान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

## खबर का असरः उप मुखिया ने की युवाओं के लिए गद्दा देने की पहल

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में ऊंची कूद का अभ्यास करने वाले युवाओं को अब परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। राष्ट्रीय सहारा अखबार ने युवाओं के समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। प्रकाशित खबर के बाद मैंनाटांड पंचायत के उप मुखिया धनंजय कुमार ने इस मसले पर पहल करते हुए युवाओं को समुचित संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही है। उप मुखिया धनंजय कुमार एथलेटिक्स में ऊंची कूद के पूर्व खिलाड़ी भी रह चुके है। उप मुखिया के इस पहल से युवाओं में खुशी की लहर है। गद्दा, स्प्रिंग बोर्ड के अभाव में पुआल का गद्दा बनाकर ऊंची कूद लगाते हैं।

## प्रेम प्रसंग में हुई थी इम्तेयाज की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

### उसके ही दोस्तो ने की थी हत्या

**बेतिया/नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने इम्तियाज अली हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया है। एसपी डा. शौर्य सुमन के अनुसार इम्तियाज की हत्या फिरौती के लिए नही की गई थी। उसकी हत्या का कारण प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। प्रेम प्रसंग में ही उसके दो दोस्तों ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने उसके दोनों दोस्त फैज अरशद और साजिद को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी डा. शौर्य सुमन ने बताया कि इम्तियाज का अपहरण नही हुआ था बल्कि उसके दो दोस्तों ने ही प्रेम प्रसंग को लेकर उसकी हत्या की है। उन्होंने बताया कि इम्तियाज और उसके दो दोस्त साजिद और अशरद तीनों दोस्त एक ही लड़की से एक तरफा प्यार के चक्कर मे घटना को अंजाम दिया है। उसके दोस्तो ने इम्तियाज को रास्ते से हटाने के लिए एक प्लान के तहत 12 अप्रैल को उसे बुलाया और फिर बाइक से चानकीगढ़ घुमाने के बहाने हरिनगर ले गए। जहां दोनों ने मिलकर कोल्डड्रिंक्स में नशा खिलाकर तौलाहा लाकर उसकी हत्या कर दी और उसके शव को रामनगर थाना के तौलाहा रेलवे लाइन के किनारे फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। एसपी ने बताया कि पूछताछ में उसके दोस्तों ने स्वीकारोंक्ति बयान में बताया है कि इम्तियाज के परिजन और पुलिस को गुमराह करने के लिए साजिश रच इम्तियाज के फोन से ही उसके परिजनों को फिरौती का मैसेज भी भेजे थे। बता दे इम्तियाज अली कौशर अली का इकलौता पुत्र था। इम्तियाज आठवी का छात्र था 12 अप्रैल की सुबह स्कूल से टीसी लेने की बात कह कर घर से निकला था। उसके बाद घर वापस नही आया।

## आगलगी से धैर्यपूर्वक निपटने का प्रयास करे, एसडीआरएफ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभागार भवन में बुधवार को आपदा प्रबंधन के जारी निर्देश के आलोक में एसडीआरएफ की टीम ने अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं सभी राजस्व कर्मचारियो के साथ एक बैठक कर आग से बचाव व उसके रोकथाम को लेकर विशेष जानकारी दी। एसडीआरएफ के हेड कांस्टेबल मिथिलेश कुमार सिंह एवं ट्रेनर विक्रम कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम शुरू होते ही आगलगी की घटनाएं बढ़ जाती है। अगर आमलोग जागरूक होंगे तो इस घटना में कमी लाई जा सकती है साथ ही क्षति को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शरीर में आग लगने पर भागना नहीं है। रूककर जमीन पर लुढ़कना है। फिर कपड़ों से शरीर को ढंक दें। पीड़ित व्यक्ति को साफ पानी में आधा घंटा तक रखें। इससे सूजन न के बराबर होगी।

## कृषि फीडर कनेक्शन के लिए तिरुपति शुगर मिल लगा रही शिविर



**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** किसानों से सीधे संवाद एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान तिरुपति शुगर्स लि बगहा के एमडी दीपक यादव को जगह जगह बिजली कनेशन उनके खेत पर नहीं मिल पाने की परेशानी बताई जा रही थी। जिसके समाधान हेतु सचिव गन्ना उद्योग विभाग बिहार के बगहा चीनी मिल के भ्रमण के दौरान दीपक यादव द्वारा इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया गया। उक्त समस्या के निराकरण हेतु बिजली विभाग एवं गन्ना उद्योग विभाग द्वारा किसानों के विद्युत संबंधी सभी समस्याओं के समाधान हेतु मिल में आज कैम्प लगा कर समस्याओं का निराकरण कराया गया । आज के कैंप में कुल 185 कृषकों के द्वारा नए कनेक्शन हेतु आवेदन दिए गए। साथ ही ऐसे 35 कृषक जो पूर्व में आवेदन दिए थे और किन्हीं कारणों से उनको कनेक्शन प्राप्त नहीं हुआ है के रिक्वेस्ट नंबर भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया जिस पर त्वरित कार्यवाही कर कनेक्शन उपलब्ध कराने का आश्वासन उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दिया गया।भविष्य में भी किसानो को बिजली खेत पर नहीं मिलने की अगर समस्या हो तो आवेदन चीनी मिल में दे दें।भविष्य में भी पूरे रिजर्व शेत्र में जगह जगह पर कैम्प लगाएं जाएँगे ।इसके साथ ही साथ तिरुपति शुगर्स लि. बगहा के सभागार में कृषि यंत्रीकरण तथा गन्ने में कीट बीमारियों के नियंत्रण विषयक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय गन्ना किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला में गन्ने की आधुनिक खेती हेतु उपयुक्त कृषि यंत्रों तथा उसकी खरीद पर गन्ना उद्योग विभाग द्वारा दिए जा रहे अनुदान के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही साथ गन्ने की उपयुक्त प्रजातियों की बुवाई, खर पतवार नियंत्रण कीटो बीमारियों के नियंत्रण संबंधित जानकारी वैज्ञानिक द्वारा दिया गया। सभी उपस्थित किसानों को विद्युत विभाग के पदाधिकारियों तथा ईख पदाधिकारी द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या यदि आती तो तो उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए नंबर पर सूचित करें। कार्यक्रम में ईख पदाधिकारी रामनगर श्रीराम सिंह, डॉ विनय सिंह महाप्रबंधक गन्ना बी एन त्रिपाठी सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कृषि यांत्रिकरण योजना के तहत किसानों के साथ हुई संगोष्ठी




**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गन्ना उद्योग विभाग की विशेष कार्य पदाधिकारी प्रीति सिन्हा ने शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया के सभागार में बुधवार के दिन मुख्यमंत्री कृषि यांत्रिकरण योजना पर किसानों के साथ वार्ता की तथा कहा कि सरकार अनुदानित कृषि यंत्रों की सूची बढ़ाने पर बिचार कर रही है।योजनाए स्वीकृत होकर जल्द ही आप तक पहुंचाई जायेगी।उन्होंने कहा किकिसानों से संबाद इसलिए आवश्यक है कि गन्ना उद्योग विभाग किसानों से सीधा संबाद कर सके। कोई शिकायत व सुझाव हो तो बताये, उनकी समस्याओ का समाधान होगा।उन्होंने कहा कि अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करना जरूरी है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि गन्ना का पैदावार बढ़े और किसानों का आर्थिक विकास हो। समारोह की अध्यक्षता शुगर इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड डॉ. जे पी त्रिपाठी ने की। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषि यांत्रिकरण के तहत वितरित किये गये यंत्रो की जानकारी तथा अनुदान के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।उन्होंने गन्ना की खेती को वैज्ञानिक तरीके से करने की सलाह दी।मवेशी के गोबर से बने खाद के उपयोग की सलाह दी।उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि मवेशी कम होते जा रहे है।खेतो में अंधाधुन डीएपी का उपयोग घातक है। उन्होंने कहा कि खेत की ताकत कम्पोस्ट है।किसान कम्पोस्ट के उपयोग से किसान खेतो की ऊर्बरा शक्ति बढ़ा सकते है।उन्होंने ट्राइकोडर्मा के उपयोग की सलाह दी।बिहार सरकार के सहायक निदेशक रेमन्त झा,माधोपुर के कृषि वैज्ञानिक बी आर हर्षवर्धन, वरीय गन्ना प्रवन्धक संजय कुमार मिश्र एजीएम एचआर रमाकांत मिश्रा आदि ने संबोधित किया।किसानों ने खेतो में उतपन्न खर पतवार और दुभ के नियंत्रण का उपाय कृषि वैज्ञानिक से पूछा।मौके पर प्रगतिशील किसान विनय कुमार तिवारी,आमला सिंह, मुंसी लाल चौधरी, हरेंद्र सिंह, हृदया नंद यादव, प्रमोद यादव सौकत मियां समेत सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

## अग्निशमन सप्ताह पर मैराथन का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर बुधवार को जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में फिट इंडिया (फिटनेस)के लिए 5 किमी का मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें फायर स्टेशन बेतिया के पदाधिकारी, कर्मियों एवं जिले के नीरज फिजिकल एकेडमी बेतिया के लगभग 250 छात्र - छात्राओ ने भाग लिया । यह दौड़ फायर स्टेशन पुलिस लाइन कैंपस से जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने हरी झंड़ी दिखकर रवाना किया जो पुलिस लाइन, चेक पोस्ट, मुहर्रम चौक, समाहरणालय एवं बस स्टैंड होते हुए फायर स्टेशन तक फिट इंडिया के लिए इस आयोजन को सफल बनाया गया। जिसमें नीरज फिजिकल एकेडमी के छात्र दिनेश कुमार, नितेश कुमार बैठा,हरिराम गिरी आनंद कुमार कृष्ण कु, श्याम कु अहजल खान एवं छात्रा 8 रानी कुमारी ,संजू कुमारी, निशा कुमारी ,प्रीति पांडे,नेहा कुमारी, अमृता कुमारी रीमा कुमारी रंजू कुमारी,को प्रथम श्रेणी चिह्नित कर पुरस्कृत किया गया। अग्निशमन पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा फायर स्टेशन कैंपस में सभी छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार की आग लगने के कारण,बचाव एवं उपकरणों के उपयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी दिए। एलपीजी गैस सिलेंडर आग को बुझने के लिए विभिन्न प्रकार से बचाव हेतु गुर सिखाए गए। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि जिले में प्रति दिन अग्नि सुरक्षा हेतु मॉकड्रिल, नुक्कड़ नाटक, एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। आग लगने पर तुरंत 101,112,या जिला अग्निशमन कंट्रोल रूम 7485805805 पर कॉल करने हेतु प्रेरित किया।



## सदर अस्पताल के सफाई कर्मियों ने मानदेय नहीं मिलने पर जताया विरोध

### फरवरी माह से जीविका स्वास्थ्यकर्मी कर रहें हैं सदर अस्पताल की सफाई
### क्षेत्रीय संयोजक ने कहा कि आज दो महीने का खाते में चला जाएगा मानदेय



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में सफाई का काम करने वाले सफाई कर्मचारियों ने पिछले दो माह का मानदेय विभाग द्वारा नहीं दिए जाने पर बुधवार को सदर अस्पताल में विरोध जताया.सफाई कर्मियों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ विरोध जताते हुए जल्द से जल्द भुगतान की मांग की. उनका कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद भी उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.सदर अस्पताल की सफाई के लिए जीविका द्वारा लगभग 83 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है.

कर्मचारियों का कहना है कि हम गरीब लोग हैं.बिना पैसों के कम करना मुश्किल हो गया है.कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है.उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे लोग मानदेय की मांग करते हैं तो उन्हें काम से हटा देने की धमकी दी जाती है.एक कर्मचारी ने बताया, हम सुबह से देर रात तक मेहनत करते हैं, लेकिन जब हमें समय पर पैसे नहीं मिलते तो घर चलाना मुश्किल हो जाता है. हमारे बच्चों की पढ़ाई और जरूरतें भी इससे प्रभावित हो रही हैं.उन्होंने कहा कि आज उनके लंबित मानदेय का भुगतान नहीं हुआ तो वे लोग हड़ताल पर चली जाएंगी.वैसे आर्थिक तंगी के कारण कई कर्मचारियों ने ड्यूटी करना छोड़ दिया है. जीविका के क्षेत्रीय संयोजक अभिजीत शंकर ने बताया कि सभी कर्मचारियों के दो माह के भुगतान के लिए एडवाइस स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भेजा जा चुका है.कई दिनों की बैंक की छूटी के कारण पैसे जाने में देरी हुई है.आज शाम तक खाते में राशि भेजने का आश्वासन बैंक द्वारा दिया गया है. अब प्रत्येक माह की 20 तारीख तक कर्मचारियों का वेतन उनके खाते में चला जाएगा.

## पूर्व मुखिया डॉ राहुल प्रकाश सिंह ने एकमा को राजस्व अनुमंडल बनाए जाने की मांग की



**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** मुबारकपुर पंचायत के पूर्व मुखिया डॉ. राहुल प्रकाश सिंह ने एकमा को राजस्व अनुमंडल का दर्जा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि एकमा पहले से ही एक पुलिस अनुमंडल है, लेकिन राजस्व संबंधी कार्यों के लिए लोगों को दूर-दराज के स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डॉ. सिंह ने कहा है कि एकमा क्षेत्र की जनसंख्या और भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यहां राजस्व अनुमंडल की स्थापना आवश्यक है।

## थाना दिवस में गूंजीं फरियादेंः एकमा में 21 शिकायतों की एसएसपी ने की सुनवाई







**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** सारण जिले में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित "थाना दिवस : सारण पुलिस आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत बुधवार को एकमा थाना परिसर में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं सारण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने की। इस अवसर पर एकमा थाना क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से कुल 21 फरियादी विभिन्न शिकायतों को लेकर पहुंचे। जिनमें से अधिकतर मामले भूमि विवाद, राजस्व एवं पुलिस से जुड़े रहे। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच एवं समाधान के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में एकमा के अंचलाधिकारी राहुल शंकर, अंचल पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र सिंह व पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कुछ महिला फरियादियों द्वारा एक बैंक के पूर्व सीएसपी संचालक पर लेन-देन में हेराफेरी का आरोप लगाए जाने पर एसएसपी ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। वहीं आमडाढ़ी गांव निवासी पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह ने अपने परिवार के कुछ सदस्यों को झूठे मुकदमों में फंसाने व लगातार धमकी मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि रिविलगंज थाना क्षेत्र में हुई एक गोलीकांड के दिन अपने परिवार की उपस्थिति के सबूत में सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को पूर्व में सौंपा है। पूरी बात सुनने के बाद एसएसपी डॉ कुमार आशीष ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।वहीं रसूलपुर के धानाडीह गांव निवासी व एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार देवेंद्र कुमार सिंह राठौड़ उर्फ टुन्ना सिंह ने भी मनरेगा कार्य में अनियमितता उजागर करने के बाद उनके खिलाफ रसूलपुर थाने में मुखिया प्रतिनिधि के द्वारा उनके विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालने के लिए ग्रामीणों को उकसाने संबंधी दर्ज मुकदमे की शिकायत की। इस पर एसएसपी ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। इस थाना दिवस में राजू सिंह (बिशुनपुरा), विशाल साह (नरहनी), अजय कुमार सिंह (आमडाढ़ी), रमण सिंह (कर्णपुरा), अवधेश प्रसाद (नौतन) व मधु देवी (मनी छपरा) सहित कुल 21 लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। सभी मामलों के शीघ्र निपटारा हेतु एसएसपी ने पुलिस व भूमि राजस्व से संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए। एकमा के सीओ राहुल शंकर ने कहा कि पहले मेरे विभाग के पास भूमि एवं राजस्व से संबंधित बहुत सारे सरकारी योजनाओं के कार्यों का निष्पादन हो रहा है। इस बीच थाना दिवस में आयीं शिकायतों का भी समाधान शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार कार्यक्रमों के अलावा प्राथमिकता के आधार पर मामले की खुद से एवं राजस्व कर्मचारियों के माध्यम से जांच-पड़ताल कर समाधान करा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने पत्रकारों से कहा कि सभी शिकायतों की जांच कर समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि "थाना दिवस" के माध्यम से पुलिस आमजन के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी बना रही है और यह अभियान जिले के अन्य थानों में भी जारी रहेगा।

# औरंगाबाद पुलिस को मिली दोहरी सफलता

## टॉप टेन में शामिल दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कई वर्षों से दोनों चल रहे थे फरार

■ जिले को अपराध मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई कार्रवाई : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप औरंगाबाद पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बुधवार को औरंगाबाद पुलिस ने शीर्ष दस में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। जिले के शीर्ष दस की सूची में शुमार कुख्यात बदमाश को बारून पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान भोजपुर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के मोआप गांव निवासी संतोष यादव उर्फ संतोष कुमार के रूप में की गई हैं। आरोपित एनएच 19 पर ट्रकों की लूटकांड को अंजाम देता था। इसका एक अंतराज्यीय गिरोह है। विदित हो कि 8 जून 2022 को बारून थाना क्षेत्र के गैमन पुल के पास इस्पात लदा एक ट्रक को कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा चालक एवं सह चालक को बंधक बनाकर लूट लिया गया था। लूटी गई इस्पात की कीमत करीब 22,00,314 रूपये था। इस कांड में संलिप्त 11 अभियुक्तों में से 8 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। जबकि जिले के टॉप 10 की सूची में शामिल संतोष फरार चल रहा था जिसे तकनीकी एवं उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर




थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव व शस्त्र बलों द्वारा गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि इस्पात से लदा ट्रक लूटकांड के बाद संतोष बीते दो सालों से फरार चल रहा था। इधर अथक प्रयास के बाद आज पकड़ा गया।

दूसरी ओर वर्ष 2021 में हुए चर्चित लूटकांड के मुख्य अभियुक्त और टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी विक्की कुमार को भी औरंगाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के नेतृत्व में जिले को अपराध मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। विदित हो कि दिनांक 02 फरवरी 2021 को मदनपुर थाना क्षेत्र के घटराईन स्थित शेरे पंजाब लाइन होटल के पास अज्ञात अपराधियों ने ट्रक चालक परशुराम राणा, चालक एवं कंडक्टर को बंधक बनाकर 250 क्विंटल चीनी लदे ट्रक को लूट लिया था। ट्रक में कुल 500 बोरे चीनी लदी हुई थी। घटना के बाद से ही पुलिस इस कांड में शामिल अपराधियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 (मदनपुर) के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। अब तक इस मामले में संलिप्त 19 अभियुक्तों में से 11 को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लूटे गए ट्रक को नालंदा से और चीनी के बोरे नवादा जिला अंतर्गत अमेरिका बिगहा से बरामद कर लिया था। विशेष जांच टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, आसूचना संकलन, मानव एवं तकनीकी इनपुट्स के माध्यम से लगातार छापेमारी करते हुए अंततः मुख्य अभियुक्त विक्की कुमार को दिनांक 15 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में विक्की ने अपना अपराध स्वीकार किया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक ने बड़ी सफलता करार दिया है और कहा है कि औरंगाबाद को अपराधमुक्त जिला बनाने की दिशा में यह एक अहम कदम है। उन्होंने विशेष जांच टीम की तत्परता और प्रयासों की सराहना की।

# दाउदनगर थाना की पुलिस अवर निरीक्षक को जारी हुआ शो-कॉज

■ किशोर न्याय अधिनियम के उल्लंघन पर कोर्ट सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी को लेकर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह एसीजेएम सुशील प्रसाद सिंह ने दाउदनगर थाना कांड संख्या 238/25 की जांचकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक कुमकुम कुमारी को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 95, 3(5) तथा पोक्सो एक्ट की धारा 04 के तहत दर्ज है, जो एक जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने कई गंभीर लापरवाहियों पर सवाल उठाए हैं। आदेश में पूछा गया है कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण अब तक क्यों नहीं कराया गया। साथ ही पीड़िता का बयान भारतीय न्याय संहिता की धारा 183 के तहत क्यों नहीं दर्ज किया गया। इसके अतिरिक्त, किशोर आरोपित को 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक थाने में संरक्षण में क्यों रखा गया, जबकि इसे कानूनन अनुमन्य नहीं माना जाता। कोर्ट ने यह भी जानना चाहा है कि संबंधित मामले की विचारण संख्या रिकॉर्ड में क्यों नहीं दर्शाई गई और क्यों प्रोबेशन अधिकारी को इस मामले की सूचना नहीं दी गई। न्यायालय ने इसे घोर कर्तव्यहीनता और किशोर न्याय अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए अवर निरीक्षक से शीघ्र स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस आदेश की प्रतिलिपि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय वन, पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद, पुलिस उपमहानिरीक्षक, पुलिस महानिरीक्षक तथा पुलिस महानिदेशक को भेज दी गई है।

# मां की डांट से नाराज छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मां की डांट से नाराज दसवीं वर्ग की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। मामला मदनपुर थानाक्षेत्र के एक गांव की है। दअसल उसने मंगलवार को स्कूल न जाने पर मां की डांट के बाद नाराज होकर यह कदम उठाया। छात्रा ने पहले घर के एक कमरे में खुद को बंद कर पंखे से दुपट्टा का फंदा लगा लिया। मां ने उसे फंदे से लटकते देखा तो शोर मचाया। आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़कर बेहोश अवस्था में उसे नीचे उतारा। परिजन छात्रा को आनन-फानन में सामुदायिक केंद्र मदनपुर ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया। वहां भी दो घंटे के इलाज में स्थिति में सुधार नहीं होने पर मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गया रेफर कर दिया गया। छात्रा के पिता दूसरे राज्य में नौकरी करते हैं। मां बच्चों के साथ घर पर रहती हैं। उसकी चाची ने बताया कि पढ़ाई को लेकर डांट-फटकार के कारण छात्रा ने यह कदम उठाया। फिलहाल उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़, 2285 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना और भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को सम्राट अशोक भवन, ब्लॉक मोड़, औरंगाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस शिविर में 2285 लोगों ने विभिन्न बीमारियों की जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने




किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी अनवर अली, पारस हॉस्पिटल के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह और सचिव दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे। शिविर में बीपी, रैंडम ब्लड शुगर, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, ईसीजी जैसी जांचें निःशुल्क की गईं। जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, त्वचा रोग, स्त्री रोग, न्यूरोलॉजी, हृदय रोग, किडनी व मूत्र रोग, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, कैंसर और ईएनटी से जुड़ी समस्याओं के लिए अनुभवी डॉक्टरों ने परामर्श दिया। डॉक्टरों की टीम में नेहा रॉय (जनरल मेडिसिन), जानकी शरण भदानी (हड्डी रोग), रुपेश (कैंसर व जनरल सर्जरी), रविंद्र (न्यूरोलॉजी), स्मिता सिंह (स्त्री रोग), शिव शंकर मिश्र (त्वचा रोग), शिद्धनाथ सिंह (हृदय रोग), विकास कुमार (किडनी व मूत्र रोग), करण भार्गव (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी) और रश्मि प्रसाद (ईएनटी) शामिल रहे। शिविर में कई ऐसे मरीज सामने आए, जिन्हें अपनी बीमारी की जानकारी ही नहीं थी। लगभग 25 लोगों में हृदय रोग की पुष्टि हुई, जो इस बीमारी से अनजान थे। इसी तरह हड्डी और न्यूरोलॉजी से संबंधित कई गंभीर रोगों के मरीज मिले, जिन्हें उचित जांच और इलाज की सलाह दी गई। सभी मरीजों को उपलब्ध दवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गईं। जिलाधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद में जो विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं हैं, उन्हें बुलाकर यहां के मरीजों का इलाज कराना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसाइटी और पारस हॉस्पिटल की टीम को इसके लिए धन्यवाद दिया। रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने कहा कि संस्था समय-समय पर समाज की जरूरत के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करती है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को सेवा देना रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि हजारों मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया और आगे भी विभिन्न स्थानों पर इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर को सफल बनाने में मरगुब आलम, शिवकुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, अजीत चंद्र, सिकंदर हयात, धर्मेंद्र सिंह, शैलेश कुमार सिंह, मुन्ना प्रसाद, खुर्शीद आलम, डॉक्टर निरंजन कुमार, रोटरी क्लब अध्यक्ष अविनाश चौहान, पिंटू कुमार सिंह, अभिषेक रंजन, राघवेंद्र प्रताप चौहान, सुधीर परमार, विवेक सिंह चौहान, विकास काली, शिवम सिंह और बालमुकुंद दुबे ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# एससी/एसटी टोलों के सर्वांगीण विकास को लेकर सरकार गंभीर

■ अनुसूचित जाति-जनजाति टोलों में विकास योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर लगाये जा रहे विशेष शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में विकास योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विशेष विकास शिविरों की शुरुआत की गई है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि यह शिविर 14 अप्रैल 2025 से जिले के सबसे बड़े अनुसूचित जाति टोला, मनार पंचायत के मनार ग्राम से शुरू हुआ। इस अवसर पर 22 विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे और टोलों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निपटारा किया गया। शिविर में विकास मित्र, पंचायत सचिव और अन्य पंचायत कर्मियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। शिविरों का आयोजन प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवार को किया जाएगा। प्रत्येक प्रखंड के आधे पंचायतों में बुधवार को और शेष पंचायतों में शनिवार को एक-एक टोले में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिले के कुल 202 पंचायतों में से 101 में बुधवार को और 101 में शनिवार को शिविर होंगे। यह प्रक्रिया जुलाई माह के अंत तक पूरी की जाएगी। शिविरों के माध्यम से 22 विभागों से संबंधित आवेदनों को मौके पर ही निपटाया जा रहा है, जिससे टोलों के निवासियों को समय पर सेवाएं मिल सकें। डीएम ने कहा कि यह अभियान सरकार की उस मंशा को दर्शाता है, जिसमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता झलकती है।

# पॉकेटमार धराया

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** पॉकेटमारी के आरोप में एक शख्स को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मामला सदर अस्पताल के निबंधन काउंटर की है, जहां मंगलवार के अपराह्न ढाई बजे पूर्जा कटा रहे एक मरीज के परिजन के पॉकेट से 5 हजार रूपये की पाकेटमारी कर ली गई। इस संबंध में रिसियप के रंजन कुमार गुप्ता ने बताया कि वह अपनी बहन को लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल आया था। निबंधन काउंटर पर पुर्जा कटवा रहा था तभी उसके पॉकेट से पाकेटमारी कर ली गई। घटना की सूचना रंजन द्वारा अस्पताल प्रबंधक ब्रजकिशोर को दी गई। सीसीटीवी की जांच की गई तो एक व्यक्ति को पकड़ा गया जिसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# एनटीपीसी नबीनगर में बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल

■ आपात स्थिति से निपटने की तैयारी का किया अभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** एनटीपीसी नबीनगर में एक व्यापक बहु-एजेंसी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें आग, संरचनात्मक दुर्घटनाएं और चिकित्सा आपात स्थितियों जैसे परिदृश्यों से निपटने का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में एनटीपीसी नबीनगर, बीआरबीसीएल, बिहार अग्निशमन सेवा, एसडीआरएफ और पुलिस विभाग की टीमें शामिल रहीं। मॉक ड्रिल का नेतृत्व परियोजना प्रमुख और कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहरा तथा महाप्रबंधक (ओ एंड एम) के. डी. यादव ने किया। विभिन्न एजेंसियों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए तय प्रोटोकॉल के तहत आपात स्थितियों में तत्काल प्रतिक्रिया देने की क्षमता का प्रदर्शन किया। ड्रिल का उद्देश्य था कि आपदा की स्थिति में निर्णय लेने, समन्वय कायम रखने और उपलब्ध संसाधनों के कुशल उपयोग की क्षमता का परीक्षण हो। सभी एजेंसियों ने परस्पर तालमेल के साथ अभ्यास को सफल बनाया। स्टेज-2 निर्माण कार्य के पूर्वाभ्यास के रूप में देखा गया यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। जल्द शुरू होने जा रहे निर्माण कार्य में बड़ी संख्या में श्रमिकों, इंजीनियरों और मशीनरी की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा मानकों का पालन और भी अहम हो जाता है। मॉक ड्रिल से यह भी स्पष्ट हुआ कि सुरक्षा एनटीपीसी की कार्य संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस आयोजन ने कर्मचारियों, श्रमिकों और प्रबंधन को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी संकट की स्थिति में सभी एजेंसियां मिलकर प्रभावी और तेज प्रतिक्रिया देने में सक्षम है।

# डकैती सहित अन्य अपराधों में 19 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना की पुलिस द्वारा 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आठ लोगों को जेल भेज दिया गया। इस दौरान डकैती कांड में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह एससी-एसटी में एक, हत्या के प्रयास में तीन, शराब में तीन, अन्य शीर्ष अपराधों में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में 17.7 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वहीं वाहन जांच में 40500 रूपये शमन की राशि वसूली गई है तथा एक बाइक जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो अपराध नियंत्रण को लेकर जिले में निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा। वहीं मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त पर अंकुश लगाने को लेकर कारोबारियों पर नकेल कसा जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# फसल कटनी का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य फसल सहायता योजना सीसीई एग्री एप के माध्यम से फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण मगध प्रमंडल (सांख्यिकी) उप निदेशक उपेन्द्र कुमार एवं जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मोती कुमार दिनकर द्वारा औरंगाबाद जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत फेसर पंचायत के फेसर ग्राम में किया गया। उक्त प्रयोग फेसर गांव के किसान नरसिंह दूबे के खेत में प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। फसल कटनी प्रयोग वैज्ञानिक विधि से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा 10 गुना 05 मीटर में किया गया जिसमें हरा



दाना का वजन 8.290 किलो ग्राम अर्थात 16.580 क्विंटल प्रति हेक्टेयर या 6.630 क्विंटल प्रति एकड़ उपज प्राप्त हुआ। उप निदेशक द्वारा बताया गया की इन्हीं आंकड़ों का उपयोग भारत सरकार एवं बिहार सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा उत्पादन का अनुमान लगाने, कृषि कार्य के विकास हेतु योजना बनाने, फसल बीमा, फसल सहायता योजना इत्यादी कार्यों के लिए किया जाता है। प्रयोग के दौरान सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, किसान सलाहकार दीपक कुमार एवं अन्य किसान मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिरकर छात्र की मौत

■ पटना से प्रतियोगिता परीक्षा देकर वापस लौट रहा था छात्र

■ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया औरंगाबाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में बुधवार को एक छात्र की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान रोहतास जिले के 26 साल के छात्र निशांत कुमार के रूप में हुई है, जो अंकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के महुअरी गांव का रहने वाला था। निशांत सासाराम में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह सोमवार को इंटरसिटी ट्रेन से पटना गया था। मंगलवार को सचिवालय क्लर्क की परीक्षा देने के बाद घर लौट रहा था। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। बुधवार को उसका शव औरंगाबाद के रफीगंज थाना क्षेत्र में धावा नदी पुल के पास


मृतक का फाइल फोटो

रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ। थानाध्यक्ष शंभू कुमार के अनुसार ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान उसके मोबाइल फोन से हुई। पुलिस ने फोन में सेव नंबरों से परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने बताया कि निशांत कुशाग्र बुद्धि का छात्र था। उसके पिता किसान हैं और बेटे की पढ़ाई के लिए हर संभव मदद करते थे। अभी उसकी शादी भी नहीं हुई थी। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# धूमधाम से मनाया जायेगा ओबरा महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों की एक बैठक चौरसिया भवन में अतुल आनंद की अध्यक्षता में और भ्रष्टाचार निरोधक जांच ब्यूरो के राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव के संचालन में हुई। मौके पर सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि ओबरा देबी मंदिर, मनोरा के भगवान बुद्ध स्थल तथा शहीद जगतपति कुमार की ऐतिहासिक गरिमा एवं धार्मिक महिमा महत्वपूर्ण है। महता के अनुरुप उक्त स्थल का न तो प्रचार प्रसार हुआ है और न तो अपेक्षित विकास ही हो पाया है इसलिए उक्त स्थल को देश दुनिया में प्रचारित प्रसारित करने, अपेक्षित विकास



कराने एवं पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने हेतु भव्य एवं दिव्य ओबरा महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं के प्रतिभा निखारने हेतु अवसर प्रदान करने के लिए मंच उपलब्ध कराया जाएगा। महोत्सव की तिथि और कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार करने के लिए अगली बैठक 26 अप्रैल को ओबरा में ही करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड के सभी सामाजिक कार्यकर्ता, जागरूक जनता और जनप्रतिनिधियों को बुलाने की जिम्मेदारी उपस्थित सभी लोगों को दिया गया। संयोजक अतुल आनंद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी। बैठक मे सुनील कुमार, बीडी तिवारी, कौशिक दुबे, शैलेश कुमार, कमलेश कुमार विकल आदि उपस्थित थे।

# अतिक्रमण से पईन का अस्तित्व खत्म

## पईन को जल्द कराया जाएगा अतिक्रमणमुक्त : अंचलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर का हदहदवा पहाड़ से गिरने वाला बरसाती पानी पईन के द्वारा झरना आहर से तालाब में संग्रह होता था। पैईन की भूमि सरकारी है। लेकिन इस भूमि को ग्रामीणों द्वारा अब अतिक्रमण कर लिया गया है। उस भूमि पर किसी ने घर का निर्माण कर लिया है तो किसी ने घेराबंदी कर लिया है जिससे पईन का अस्तित्व ही मिट गया है। कुछ वर्षों से बरसात में बारिश कम होने से पहाड़ से पानी नहीं के बराबर गिरा है। थोड़ा बहुत पानी गिरा भी तो खेतों में सिमट गया। जबकि पईन का भू मापी नक्सा में भी अंकित है। लोगों ने बताया कि हदहदवा पहाड़ से पानी पईन के द्वारा तालाब और झरना आहर में संग्रह होता था जिससे किसान कृषि कार्य में उपयोग करते थे। धान फसल और गेहूं फसल को पटवन तालाब में संग्रहीत पानी से करते थे लेकिन जब से पईन की जमीन को स्वार्थी लोगों द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा लिया गया है तब से तालाब और झरना आहर में पानी नहीं पहुंच रहा है। तालाब सुखा पड़ा रह रहा है जिससे एक ओर जहां किसानों, पशुपालकों का गाय भैंस, बैल बकरी आदि जानवरों के पानी पीने की विकट समस्या उत्पन्न हो गया है वहीं दूसरी तरफ तालाब में पानी भरे रहने से भूजल स्तर मेनटेनेंस में रहता था, पेयजल समस्या का समाधान हो जाता था। अब न तो तालाब में पानी है और नहीं झरना आहर में पानी है जिससे पेयजल समस्या भी विकट रुप ले लिया है। राज्य सरकार द्वारा आदेश पारित है कि पईनआहर को अतिक्रमण मुक्त कराना है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि पईन की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। वहीं स्थानीय बुद्धिजीवियों उमाशंकर सिंह, अभिमन्यु प्रसाद सिंह, सत्येन्द्र यादव, नारायण प्रसाद उर्फ त्रियुगी प्रसादउ एवं अमलेश कुमार केशरी ने कहा कि एनएच 19 के चौड़ीकरण एवं सिक्स लेन निर्माण कार्य में दर्जी बिगहा से पशु मेला होते हुए खेल मैदान, इस्लामपुर से अंजनवां मोड तक जाने वाले बाईपास रोड में खेल मैदान के समीप हदहदवा पहाड़ से गिरने वाला पानी निकासी के लिए कल्भट या पुल का निर्माण कराया जाना चाहिए ताकि पानी पईन से तालाब में पहुंच सके। एनएचआई के प्रोजेक्ट प्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराया जायेगा।